CMYK

तापमान अधिकतम :22°C न्यूनतम: 12°C
सेंसेक्स 75,735.96 निफ्टी 22,913.15
सोना 89,140 चांदी 100,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 21 फरवरी 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 42 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2081 22 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### ट्रम्प ने जेलेंस्की को मामूली कॉमेडियन व तानाशाह कहा

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### मोहम्मद शमी ने सबसे तेजी से 200 विकेट लेकर रचा इतिहास

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# आठ लाख आठ हजार करोड़ रुपये से होगा यूपी का विकास

## यूपी विधानसभा में 2025-26 के लिए बजट पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट प्रस्तावों को सदन के पटल पर रखते हुए कहा कि प्रस्तुत बजट का आकार 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपये है, जो वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है।

बजट में पूंजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है। पूंजीगत परिव्यय के अन्तर्गत अवसंरचना निर्माण, विस्तार और निवेश संबंधी व्यय आते हैं। उद्योग, आवागमन, उत्पादों की बाजार तक पहुंच तथा प्रदेश में पूंजी निवेश को आकर्षित करने जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों में पूंजीगत व्यय की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है। बजट में अवस्थापना विकास के लिए 22 प्रतिशत, शिक्षा के लिए 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं के लिए 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में छह प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए चार प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किए गए हैं। बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाए जाने का लक्ष्य रखा है। इसको ध्यान में रखते हुए सरकार ने कृषि एवं संवर्गीय सेवाएं, अवस्थापना, उद्योग, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शिक्षा, पर्यटन, नगर विकास, वित्तीय सेवायें, ऊर्जा, पूंजी निवेश आदि चिन्हित करते हुए सेक्टरवार कार्ययोजना तैयार की है। सम्बन्धित विभागों द्वारा सेक्टरवार कार्य योजना पर कार्य चल रहा है, जिसकी समीक्षा नियमित रूप से की जा रही है।



### महिला एवं बाल विकास के लिए योगी सरकार ने खोला खजाना

### मेधावी छात्राओं को स्कूटी प्रदान किए जाने की योजना

### प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य

### चार नए एक्सप्रेसवे, दो फ्री सिलेंडर देने का भी किया गया ऐलान

### गरीब, किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित बजटः सीएम

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट सनातन संस्कृति की सर्वे भवन्तु सुखिन की अवधारणा के अनुरूप गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है, जिसमें वंचित को वरीयता का केंद्रीय भाव है। विधानभवन में बजट पेश करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता हमारी सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में लगभग छह करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाया गया है। अब जीरो पॉवर्टी के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ कार्य हो रहा है।

# धामी सरकार ने पेश किया 1,01,175.33 करोड़ का बजट

### बजट में कोई राजस्व घाटा नहीं, वित्त मंत्री डा. अग्रवाल ने सदन में रखा बजट

### पिछले वित्तीय वर्ष के बजट 89 230.07 लाख करोड़ से लगभग 13 प्रतिशत अधिक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा बजट सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को वित्त मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने धामी सरकार का वित्तीय वर्ष 2025-26 का 1,01,175.33 करोड़ (एक लाख एक हजार 175 करोड़) का बजट पेश किया।

वित्त मंत्री डा. अग्रवाल ने कहा कि सात बिंदुओं पर केंद्रित उत्तराखंड का बजट है। दोपहर लगभग 12:30 बजे बजट की अटैची लेकर वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल सदन में पहुंचे। साथ में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे ।वित्त मंत्री ने उत्तराखंड राज्य निर्माण में योगदान देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। वित्त मंत्री डा. अग्रवाल ने बजट भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत 2047 के लिए प्रेरणा दी है। वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रत्येक बजट में सुधार और विकास की राह दिखाई है। भविष्य का रोडमैप पेश किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस साल राज्य अपनी रजत जयंती वर्ष के रूप में आगे बढ़ रहा है। बजट पेश करने से पहले वित्त मंत्री ने 38वें राष्ट्रीय खेलों की उपलब्धियों को बताया। वर्ष 2025-26 के लिए बजट में लगभग 7 फीसदी वृद्धि करते हुए 14763.13 करोड़ का पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है। बजट में कोई भी राजस्व घाटा अनुमानित नहीं है। बजट में 59954.65 करोड़ राजस्व व्यय है। इसमें 41220.68 करोड़ पूंजीगत व्यय के लिए रखे गए हैं। 12604492 का राजकोषीय घाटा होने का अनुमान है, जो जीडीपी का 2.94 प्रतिशत है। यह एफआरबीएम एक्ट की सीमा के भीतर है। बजट में कोई राजस्व घाटा नहीं है। 89 करोड़ का सरप्लस बजट है। 59,954.65 करोड़ का राजस्व व्यय है।



प्रदेश सरलीकरण समाधान व निस्तारीकरण के मार्ग पर अग्रसारित है। बजट हमारे प्रदेश की आर्थिक दशा और नीतियों का प्रमाण है। उत्तराखंड अनेक कार्यों का साक्षी रहा है। हम आत्मनिर्भर उत्तराखंड बनाने के लिए प्रयत्नशील हैं और इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह बजट नमो यानी नवाचार, आत्मनिर्भर उत्तराखंड, महान विरासत व ओजस्वी मानव संसाधन की थीम पर आधारित है।

**- डा. प्रेमचंद अग्रवाल, वित्त मंत्री, उत्तराखंड**

यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के अनुरूप बजट है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बाबा केदार के धाम से कहा था कि इस सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा, इसी को ध्येय लेकर बजट में इस संकल्प की प्राप्ति के लिए प्रयास किए गए हैं, जो आने वाले समय में राज्य के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट आदर्श उत्तराखंड बनाने तथा उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के संकल्प को पूरा करेगा। **- पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड**

## जेंडर बजट में 2423 करोड़ की बढ़ोतरी

**देहरादून।** उत्तराखंड की धामी सरकार ने अपने कुल बजट में बढ़ोतरी के अंतर्गत जेंडर बजट में भी बढ़ोतरी की है। जिसको महिला विकास की समानता की नजर से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। क्योंकि जेंडर बजट समानता के उद्देश्य की पूर्ति के लिए बजटीय नीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जेंडर बजट में 16961.32 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जेंडर बजट में 14538.05 करोड़ का प्रावधान किया -शेष पृष्ठ दो पर

## लोकपाल के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने लोकपाल के उस आदेश पर गुरुवार को रोक लगा दी जिसमें कहा गया है कि उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीशों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत के मामले की जांच उसके (लोकपाल) अधिकार क्षेत्र में आती है। न्यायमूर्ति बीआर गवई, सूर्यकांत और अभय एस. ओका की पीठ ने रोक लगाते लोकपाल के इस आदेश को 'बहुत ही परेशान करने वाला' बताया और कहा कि वह इस संबंध में कानून बनाएगी, क्योंकि सभी न्यायाधीशों की नियुक्ति संविधान के तहत ही होती है। पीठ ने शिकायतकर्ता को शिकायत की विषय-वस्तु या न्यायाधीश का नाम उजागर न करने का भी आदेश दिया।

## इलाहाबादिया मामले के बाद एक्शन में केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना के अश्लील टिप्पणियों का मामला जैसे ही तूल पकड़ा, केंद्र सरकार एक्शन मोड में आ गई। केंद्र ने अब सोशल मीडिया पर फैली अश्लीलता और अश्लील चुटकुलों को लेकर उठे विवाद के बीच सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। सख्ती दिखाते हुए केंद्र ने ओटीटी प्लेटफॉर्म को कानून द्वारा बैन सामग्री प्रसारित करने के खिलाफ चेतावनी दी है। ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म और स्व-नियामक निकायों को जारी की गई सलाह में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने उन्हें सामग्री प्रकाशित करते समय आईटी नियम-2021 के तहत निर्धारित आचार संहिता का सख्ती से पालन करने को कहा है।

## 1220 करोड़ में 149 सॉफ्टवेयर रेडियो सेट खरीदे जाएंगे

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए 1220.12 करोड़ रुपये की लागत से 149 सॉफ्टवेयर परिभाषित रेडियो की खरीद के वास्ते भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) बेंगलुरु के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह खरीद (भारतीय- आईडीडीएम) श्रेणी के अंतर्गत की जाएगी। ये अत्याधुनिक रेडियो उच्च गति के डेटा और सुरक्षित आवाज संचार के माध्यम से सुरक्षित और विश्वसनीय सूचना साझा करने, सहयोग और स्थितिजन्य जागरूकता बढ़ाने में सक्षम होंगे।

## भारत-बांग्लादेश के सीमा बल गश्त बढ़ाएंगे

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के सीमा प्रहरियों ने भारतीयों बलों पर बांग्लादेशी आपराधिक तत्वों के हमलों को गंभीरता से लेते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में देर रात से सुबह तक समन्वित गश्त बढ़ाने, सतर्कता बढ़ाने और सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता को दोहराया है। बीएसएफ और बांग्लादेश के बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के 55वें महानिदेशक स्तरीय सीमा समन्वय सम्मेलन में गुरुवार को यह सहमति बनी।

# सरकार ईमानदारी से काम करे, तो करोड़ों रोजगार मिलेंगे

रायबरेली, वार्ता

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दो दिवसीय दौरे पर हैं। यहां राहुल कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। राहुल गांधी ने दलित छात्रों से संवाद किया, इसके अलावा उन्होंने चुरुवा सीमा पर हनुमान मंदिर में दर्शन किए। बछरावां में राहुल ने कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित किया।

राहुल ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर मजबूत पकड़ बनाए रखने की बात कही। राहुल ने कहा कि बीजेपी सरकार वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने और पूंजीपतियों को बढ़ावा देने का काम करती आई है। बीजेपी ने जीएसटी, नोटबंदी कर बेरोजगारी बढ़ाई है, अडानी ने चाइना का माल देश में बेचकर बेरोजगारी बढ़ाई है। उन्होंने आगे कहा कि अगर केंद्र सरकार ईमानदारी से कम करे, तो इलेक्ट्रिक सेक्टर में बढ़ावा मिल सकता है। करोड़ों युवाओं को रोजगार मिल सकता है। महाकुंभ जाने के सवाल को राहुल टालते हुए आगे बढ़ गए। नेता विपक्ष रायबरेली के चुरुवा हनुमान मंदिर में पवनपुत्र श्री हनुमान की पूजा-अर्चना कर देश की सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। राहुल ने कहा कि आज देश में संविधान की आवाज को दबाया जा रहा है। देश में दलितों की आबादी 15 प्रतिशत है, लेकिन इसके अनुपात में देश की टॉप कंपनियों के मालिक और सीईओ दलित समाज से नहीं हैं।



### दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी

## राहुल गांधी की नागरिकता मामले की सुनवाई 26 मार्च को

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 26 मार्च को तय की है। बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2019 में केंद्रीय गृह मंत्रालय में एक शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया था कि राहुल गांधी द्वारा ब्रिटिश अधिकारियों को सौंपे गए डॉक्यूमेंट में खुद को ब्रिटिश नागरिक घोषित किया है। स्वामी ने तर्क दिया कि यह भारतीय संविधान और नागरिकता अधिनियम का उल्लंघन है और यह ब्रिटिश पासपोर्ट रखने के बराबर है। कोर्ट ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा से कहा कि याचिकाकर्ता (स्वामी) मूल मुद्दे पर कोई फैसला नहीं चाहते, बल्कि केवल यह जानना चाहते हैं कि उनके द्वारा भेजी गई एप्लीकेशन पर कोई कार्रवाई होगी या नहीं।

# दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और छह मंत्रियों ने ली शपथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** छात्र राजनीति से मुख्य धारा की राजनीति में आई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पुरानी कार्यकर्ता रेखा गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने गुरुवार को दिल्ली की सरकार की बागडोर संभाली।

दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राजग के घटक दलों के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने श्रीमती रेखा गुप्ता और उनके सहयोगी मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। श्रीमती रेखा गुप्ता शालीमार बाग से भाजपा की विधायक चुनी गई हैं। श्रीमती गुप्ता के बाद क्रमशः नई दिल्ली विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद -शेष पृष्ठ दो पर



### सीएम रेखा गुप्ता ने संभाला कार्यभार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को ऐतिहासिक रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण के बाद अपराह्न दिल्ली सचिवालय में औपचारिक रूप से अपना कार्यभार संभाला।

### शपथ के चार घंटे बाद विभागों का बंटवारा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भाजपा सरकार के शपथ के 4 घंटे के बाद ही मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक सीएम रेखा गुप्ता ने गृह और वित्त मंत्रालय अपने पास रखा है। अरविंद केजरीवाल को नई दिल्ली सीट से हराने वाले प्रवेश वर्मा को डिप्टी सीएम बनाया गया है। उन्हें शिक्षा, -शेष पृष्ठ दो पर

## खतरे में देश की राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडताः खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को मोदी सरकार पर निशाना साधा। खड़गे ने कहा कि चीन अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर 90 नए गांव बसा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार देश की राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को खतरे में डाल रही है। एक्स पर पोस्ट में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की प्राथमिकता पीआर स्टंट और झूठे विज्ञापन है, राष्ट्रीय सुरक्षा नहीं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा कि नरेंद्र मोदी जी आप चीन को लाल आंख दिखाने के बजाय लाल सलाम की नीति अपना रहे हैं। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, भौगोलिक संप्रभुता एवं अखंडता सर्वोपरि है। मोदी सरकार इसे खतरे में डाल रही है। हमारा आरोप बड़ी जिम्मेदारी के साथ है और तथ्यों के आधार पर है। उन्होंने लिखा कि चीन ने अरुणाचल के बॉर्डर पर 90 नए गांव बसाने शुरू कर दिए हैं।

# हिमाचल में बर्फबारी, दिल्ली में बारिश, 23 राज्यों में अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के 23 राज्यों में गुरुवार को बारिश का अलर्ट है। इसमें दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ में बारिश हो रही है। वहीं जम्मू- कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, बिहार, झारखंड में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, श्रीनगर में भी शीतलहर जारी है और हल्की बारिश हुई है, गुरुवार को यहां का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

21 फरवरी को जम्मू संभाग के अलग-अलग ऊंचे इलाकों में बारिश और बर्फबारी होने का अनुमान है। दिल्ली के कई इलाकों में गुरुवार सुबह बारिश हुई और तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार दिन में बादल छाए रहने और हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं, जबकि अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मध्य प्रदेश में भोपाल समेत कई शहरों में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे यानी, कल से दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने का अनुमान जताया है। वहीं दूसरी ओर, इंदौर-उज्जैन में दिन में गर्मी का असर देखा गया। राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) सक्रिय होने से बुधवार को बीकानेर, जयपुर, जोधपुर और भरतपुर संभाग के जिलों में मौसम बदल गया। इन जगहों पर बादल छाने के बाद तेज हवा चली और हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वोत्तर भारत में अगले तीन दिनों तक बारिश, आंधी तूफान और बिजली कड़कने की चेतावनी है। फरवरी के आखिरी दिनों में मध्य प्रदेश का मौसम फिर बदलेगा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे यानी, 21 फरवरी से दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने का अनुमान जताया है। इससे पहले बुधवार को भोपाल समेत कई शहरों में बादल छाए रहे। दूसरी ओर, इंदौर-उज्जैन में दिन में गर्मी का असर देखा गया।



### एमपी में बादल छाए, राजस्थान के चार जिलों में तेज हवा चली

### श्रीनगर में न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

## पूर्व विधायक किशोर समरीते दोषी करार

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक किशोर समरीते को 2022 में संसद को उड़ाने की धमकी देने से जुड़े मामले में दिल्ली की राउज एवन्यू कोर्ट ने दोषी करार दिया है। 27 फरवरी को सजा पर बहस होगी। कोर्ट ने आईपीसी की धारा 506 भाग दो के तहत दोषी करार दिया, जिसमें अधिकतम सात साल की सजा का प्रावधान है। हालांकि कोर्ट ने किशोर समरीते को अन्य आरोपों से बरी कर दिया। बता दें कि अपनी मांगें पूरी न होने पर सितम्बर 2022 में संसद को उड़ाने की धमकी दी थी। अदालत ने कहा कि राज्यसभा के सेक्रेटरी जनरल के कार्यालय को कथित तौर पर भेजे गए पार्सल में पाए गए पदार्थ की जांच करने पर पता चला कि विस्फोट करने की उनकी क्षमता के मामले में यह हानिरहित है। अदालत ने फैसले में कहा कि हालांकि विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 और विस्फोटक अधिनियम की धारा 9बी के तहत आरोप साबित नहीं हुए।

# सारे चुनाव एकजुट होकर मजबूती से लड़ेंगेः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और घटक दल के सभी पार्टियों के नेताओं के साथ बैठक की। दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण के कुछ ही घंटों बाद यह उच्चस्तरीय बैठक हुई।

बैठक में पीएम मोदी ने सभी से कहा कि हम आगामी सारे चुनाव एकजुट होकर मजबूती से लड़ेंगे और देश में मजबूती से काम करेंगे। बैठक को लेकर बीजेपी के महामंत्री विनोद तावड़े ने कहा कि एनडीए की बैठक में सभी दलों के नेता, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री बीजेपी दिल्ली सरकार के गठन में आए थे। उसके बाद प्रधानमंत्री के साथ एनडीए के सभी नेताओं बैठक हुई और सब ने प्रधानमंत्री को दिल्ली जीत पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि साथ ही आने वाले डेढ़ साल में सभी चुनाव को चाहे बिहार हो, बंगाल हो, सभी चुनाव एनडीए मजबूती से लड़ेगी। सभी पीएम को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में सभी चुनाव को एनडीए मजबूती के साथ लड़ेगी।



### एनडीए की बैठक में बोले पीएम मोदी

## संक्षिप्त समाचार

### जौनपुर में सड़क हादसों में नौ मरे, 32 लोग घायल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के बदलापुर क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 32 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बीती रात करीब डेढ़ बजे सरोखनपुर अंडरपास के ऊपर वाराणसी लखनऊ हाईवे पर जौनपुर से अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं की एक कार अज्ञात वाहन से टकरा गयी। इस हादसे में घायल 11 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदला. पुर ले जाया गया जहां डाक्टरों ने पांच को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में तीन महिलाएं एक पुरुष और एक बच्चा शामिल है। अन्य छह लोगों को सीएचसी बदलापुर से जिला अस्पताल जौनपुर रेफर किया गया है। मृतकों में कांति देवी (60) और नितेश कुमार (20) की पहचान की जा चुकी है। सभी हताहत झारखंड के निवासी हैं। इस हादसे के करीब डेढ़ घंटे बाद भोर तीन बजे एक ट्रक ट्रेलर ने वाराणसी से अयोध्या जा रही बस को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बस सवार लगभग 50 यात्रियों में से ड्राइवर मोनू सिंह निवासी सुल्तानपुरी, दिल्ली के अलावा दो महिलाओं की सीएससी बदलापुर में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई, जबकि जिला अस्पताल में बस में सवार एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई है उसका नाम पता ज्ञात है। इस तरह इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हुई है।

### 5 देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति को परिचय पत्र सौंपे

**नई दिल्ली।** पांच देशों के राज. दूतों और उच्चायुक्तों ने गुरुवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पनामा, गुयाना, सूडान, डेनमार्क और फिलिस्तीन के राजदू तथा उच्चायुक्तों ने राष्ट्रपति के समक्ष अपने परिचय पत्र पेश किए। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में पनामा के राजदूत अलोंसो कोरेया मिगुएल, गुयाना के उच्चायुक्त धर्मकुमार सीराज, सूडान के राजदूत डा. मोहम्मद अब्दुल्ला अली एल्टॉम, डेनमार्क के राजदूत रासमस अबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसन और फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला मोहम्मद-ए- अबुशावेश शामिल हैं।

### बोत्सवाना में भारी बारिश के कारण स्कूल बंद

**गेबोरोन।** बोत्सवाना में भारी बारिश के चलते छात्रों के परिवहन में व्यवधान के कारण स्कूलों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। बाल कल्याण और बुनियादी शिक्षा मंत्री नोनो कगाफेला मोकोका ने बुधवार को कहा कि भारी बारिश के कारण अधिकांश सड़कें जलमग्न हो गई हैं और उनमें से कुछ सड़कें कट गई हैं, जिससे छात्र स्कूल आने-जाने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि अस्थायी बंद का यह आद. श 20 फरवरी से 24 फरवरी तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने कहा कि स्थिति की निगरानी की जाएगी और अगले सप्ताह और जानकारी दी जाएगी। बोत्सवाना में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है जिससे देश के अधिकांश हिस्सों में व्यापक बाढ़ आ गई है। मौजूदा बारिश इस पूरे सप्ताह और संभवत: फरवरी के अंत तक जारी रहने की उम्मीद है। देश के कई हिस्सों में अगले 24 घंटों में 50 मिमी या उससे अधिक बारिश होने की संभावना है।

## ये यूपी की डबल इंजन सरकार है: अखिलेश यादव

# बजट का झोला खाली, किसान दुखी

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश में बजट पेश होने के बाद समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस बजट की कमियों का जमकर उल्लेख किया है। उन्होंने इस बजट को निराशाजनक बताया है।

उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 8,08,736 करोड़ रुपए का बजट गुरुवार को पेश किया, जिसमें अनुसंधान एवं विकास और सूचना प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित किया गया है। आगामी वित्त वर्ष के लिए प्रस्तावित बजट में 28,478.34 करोड़ रुपए की नई योजनाएं शामिल की गयी हैं। अब इस पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है। अखिलेश यादव ने कहा कि इस बजट का झोला खाली है। जनता को लग रहा है बजट आया ही नहीं है। जनता पूछ रही है प्रवचन तो आ गया, लेकिन बजट कब आएगा। बजट देखकर किसानों की समस्या बढ़ गई है। महिलाओं की परेशानी और बढ़ गई है, जो वहां मेज पीट रहे थे, बीज. पी के विधायकों के मन सुख गए हैं, जो लगातार नौ बजट फेल किए हैं सरकार, उसके बाद बेरोजगारी पर क्या जवाब है। जनता पूछ रही है कि जुमला मंत्रालय के लिए कितना आवंटन किया है। सपा प्रमुख ने कहा कि विद्वानों की सभा में मूर्ख के लिए मौन ही आभूषण होता है। ए तो विधानसभा थी, जहां बहुत विद्वान लोग थे।

कुछ लोग उर्दू का विरोध उर्दू में ही किए. ए पहली सरकार है, जो उर्दू का विरोध उर्दू में ही कर रहे थे। हालांकि भाषण में उन्होंने कई बार उर्दू के शब्दों का उपयोग किया। इनका नौवां बजट था। उनका संकल्प था कि किसानों मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएंगे. उन्होंने कहा कि जो समाजवादी पार्टी सरकार में मंडी बनी थी उनको इस सरकार ने चौपट कर दिया है, लेकिन नौ बजट के बाद भी इन्होंने था कि गन्ना किसानों का 14 दिनों में भूगतान नहीं होगा, तो ब्याज के साथ भूगतान करेंगे। लेकिन ए सरकार कभी बकाया नहीं बताती है। इस सरकार ने कितना गन्ना की कीमत बढ़ाई है। दोनों सरकारों ने डबल ब्लंडर सरकार है। गन्ना की कीमत नहीं बढ़ाई है। बजट पर अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार ने एक भी मेगा फूड पार्क विकसित किया हो तो बताए। मेडिकल कॉलेज में कुछ नहीं हो रहा है और वहां पर स्टॉफ ही नहीं है। शाहजहांपुर में एक भी एंबुलेंस नहीं है। गंभीर बीमारियों से गरीबों के घर में परेशानियां आ रही हैं, लेकिन इलाज नहीं मिल पा रहा है. समय पर सरकार इलाज नहीं दिला पा रही है।



■ समाजवादी पार्टी सरकार में मंडी बनी थी उनको इस सरकार ने चौपट कर दिया

### योगी ने दिल्ली की नवनियुक्त मुख्यमंत्री को दी बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। योगी ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट किया कि रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हृदयतल से बधाई व शुभकामनाएं। पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन व आपके कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली डबल इंजन की भाजपा सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों के साथ समग्र विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करते हुए सुरक्षा, सुव्यवस्था और सुशासन के आदर्श मानक स्थापित करेगी। उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह में न पहुंचने पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के वित्तीय वर्ष 2025-2026 के बजट प्रस्तुतीकरण में व्यस्तता के कारण आपके शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित नहीं हो पा रहा हूं। पुनश्च शुभकामनाएं।


### यह बजट एक बड़े घोटाले की पटकथा: शिवपाल यादव



**लखनऊ।** विधानसभा में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का बजट भाषण खत्म होने के बाद जब सभी सदस्य बाहर निकले, तो समाजवादी पार्टी सहासचिव शिवपाल सिंह यादव पर बड़ा दावा कर दिया। उन्होंने इस बजट को घोटालों की पटकथा करा दिया है। सपा नेता शिवपाल यादव ने उत्तर प्रदेश के बजट पर कहा कि यह बजट एक बड़े घोटाले की पटकथा है। अगर यही विकास है तो जनता को अंधकार से कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए और इसलिए मैं इस बजट को पूरी तरह से खारिज करता हूं। मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि अगली बार जुमलों की किताब की जगह जनता की जरूरत का बजट बनाएं। हम 2027 में जनता के हित में एक बेहतर बजट लाएंगे। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और सपा नेता माता प्रसाद पांडे ने उत्तर प्रदेश के बजट पर कहा कि इस बजट में प्रदेश की जनता को कुछ नया नहीं प्राप्त होने वाला है। बजट में नौजवान और बेरोजगारों के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं है। माना जा रहा है कि बजट में प्रदेश की जनता के लिए कई कल्याणकारी और लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा की जा सकती है। इस बजट में सरकार राज्य की जीडीपी से लेकर बेरोजगारी, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और किसानों के लिए कई योजनाओं को ऐलान कर सकती है। इस बजट में 2027 के विधानसभा चुनाव की झलक भी देखने को मिल सकती है। योगी सरकार के इस मेगा बजट में अवस्थापना विकास के लिए 22 प्रतिशत, शिक्षा के लिए 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं के लिए 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 6 प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए 4 प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किए गए हैं। बजट में पूंजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है। प्रदेश में बुनियादी ढांचे और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने बजट का 22 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित किया है।

## ट्रम्प ने जेलेंस्की को मामूली कॉमेडियन और तानाशाह कहा

**वॉशिंगटन/कीव, वार्ता**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। ट्रम्प ने बुधवार को अपने मार-ए-लागो रिसोर्ट में दिए एक बयान में जेलेंस्की को तानाशाह कहा है। इससे दोनों नेताओं के बीच विवाद गहरा गया है। इससे पहले जेलेंस्की ने कहा कि ट्रम्प गलत जानकारी के साथ, गलतफहमी में जी रहे हैं।

जेलेंस्की का ये बयान ट्रम्प के एक आरोप के जवाब में आया था। दरअसल ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था कि यूक्रेन में जेलेंस्की की अप्रूवल रेटिंग गिरकर सिर्फ 44 रह गई है। जेलेंस्की को तानाशाह कहने के खिलाफ यूरोपीय नेता उनके समर्थन में उतर आए हैं। जर्मन चां. सलर ओलाफ शोल्ज ने कहा कि राष्ट्रपति जेलेंस्की की लोकतांत्रिक वैधता को नकारना पूरी तरह से गलत और खतरनाक है। जर्मन विदेश मंत्री अन्नालेना बैरबॉक ने भी ट्रम्प के बयान को बेतुका बताया है। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने भी जेलेंस्की को फोन कर उनके प्रति समर्थन दिखाया। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक स्टार्मर ने कहा कि जंग के दौरान चुनावों को टालना पूरी तरह से सही था। स्वीडिश प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने भी ट्रम्प की आलोचना की है। कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो भी जेलेंस्की के समर्थन में उतर आए हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि कनाडा हमेशा यूक्रेन के समर्थन में खड़ा रहेगा।

### ट्रम्प ने पुतिन के साथ परमाणु निरस्त्रीकरण बातचीत पर जताया भरोसा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ परमाणु निरस्त्रीकरण पर हुई बातचीत और सहमति पर विश्वास जताया है। मियामी में एक तकनीकी शिखर सम्मेलन के दौरान ट्रम्प ने कहा कि हमने राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति शी जिनपिंग से परमाणु निरस्त्री करण पर गंभीरता से चर्चा की थी, लेकिन कोविड के दौरान हालात बदल गए। हमें छोटी परमाणु शक्तियों को भी राजी करना था। उन्होंने कहा कि परमाणु संघर्ष को रोकना जरूरी है, क्योंकि यह हिरोशिमा और नागासाकी से '500 गुना' अधिक विनाशकारी होगा। यह बयान उस समय आया है, जब दुनिया भर में परमाणु हथियारों के बढ़ते खतरे के बीच कई देशों के लिए निरस्त्रीकरण का मुद्दा एक अहम चर्चा का विषय बन चुका है।

## हादसे से दहला पूर्वांचल: 13 लोगों की मौत, 58 लोग हुए घायल

■ एक-एक कर थम गईं सांस सभी लोग दिल्ली के निवासी

**वाराणसी।** वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग 731 के सरोखनपुर अंडर पास पर भीषण हादसा हुआ। दो वाहनों की भिड़ंत में टाटा सूमो में सवार पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उसी घटना के समय एक बस ट्रेलर से भिड़ गई। इस हादसे में बस में सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 27 लोग घायल हो गए है। सभी घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

हादसे के बाद एक और श्रद्धालु की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। ऐसे में मरने वालों की संख्या नौ हो गई है। बस में सवार सभी लोग दिल्ली के बताए जा रहे हैं, जो चित्रकूट से प्रयागराज होकर वाराणसी दर्शन के बाद अयोध्या जा रहे थे। वहीं सूमो सवार सभी झारखंड के हैं, जो वाराणसी से अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे। बस में सवार घायलों में बबली (46), सुभाष (50), दिनेश (39), रंजीत (40), दिनेश (55), कविता (45), हरिश्चंद्र (61), भगवान सिंह (58), मायावती (55), हेमचंद्र (55), गीता (55), किशोरीलाल (60), लक्ष्मी (32), सुरेश (55), सुशीला (60), सरस्वती (55), आशीष (30), शकुंतला (54), सुशीला (65), रामवती (60), राधा (70), गीतांजलि (31), तारा (65), कमलेश (50), मंशा (48), हरिश्चंद्र (61) व मीना (65) सभी निवासी मोहल्ला मादीपुर नई दिल्ली के हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## हमास ने चार इजरायली बंधकों के शव लौटाए

**गाजा, वार्ता**

■ इसमें नौ महीने की उम्र में किडनैप बच्चे की भी है बॉडी

फिलिस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने गुरुवार को 4 इजरायली बंधकों के शव रेड क्रॉस एजेंसी को सौंप दिए हैं। इनमें शिरी बिबास और उनके 2 बच्चे एरियल बिबास और केफिर बिबास शामिल हैं।

7 अक्टूबर 2023 को जब हमास ने इन्हें बंधक बनाया था, तब एरियल की उम्र 4 साल और केफिर की उम्र 9 महीने थे। इन बच्चों के पिता यार्डेन बिबास को इस महीने की शुरुआत में रिहा किया गया था। चौथा शव 83 साल के ओडेड लिफिशट्ज का है। उन्हें उनकी पत्नी योचेवेड के साथ किबुत्ज नीर ओज से अगवा कर लिया गया था। योचेवेड को हमास ने 24 अक्टूबर 2023 को रिहा कर दिया था। हमास शनिवार को 6 बंधकों को रिहा करेगा। यह पहले से तय संख्या से दोगुनी है। इन बंधकों के बदले इजरायल अक्टूबर 2023 से गिरफ्तार सभी महिलाओं और 19 साल से कम उम्र के फिलिस्तीनी लोगों को रिहा कर देगा। इसके साथ ही इजरायल मिस्र बॉर्डर के जरिए गाजा में मलबा हटाने वाली मशीनें ले जाने की परमिशन देगा।

## अमेरिकी फंडिंग पर श्वेत पत्र लाए सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कांग्रेस ने ट्रंप के दावों को बेतुका करार दिया

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर सवाल उठाए हैं। अब इसे लेकर भारत की राजनीति गरमा गई है। अब कांग्रेस ने मांग की है कि भारत सरकार को अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी की ओर से सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं को दिए गए समर्थन पर श्वेत पत्र लाना चाहिए।

साथ ही कांग्रेस ने ट्रंप के दावों को बेतुका करार दिया है। ट्रंप के बयान के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि यूएसएआईडी इन दिनों काफी चर्चा में है। इसकी स्थापना 3 नवंबर 1961 को हुई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा किए जा रहे दावे कम से कम कहने के लिए तो बेतुके हैं। फिर भी भारत सरकार को जल्द से जल्द एकश्वेत पत्र जारी करना चाहिए, जिसमें दशकों से भारत में सरक. ारी और गैर-सरकारी दोनों संस्थानों को यूएसएआईडी द्वारा दिए गए समर्थन का विवरण हो। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर देने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे (बाइडन सरकार) चाहते थे कि चुनाव में किसी और को चुना जाए। हमें इस बारे में भारत सरकार को बताना चाहिए, यह चौंकाने वाला है। भारत के पास पहले से ही काफी पैसा है। वे सबसे ज्यादा टैक्स लगाने वाले देश हैं। हम मुश्किल से उनके बाजार में अपना सामान भेज पा रहे हैं, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं।

## अर्थ व्यापार

## एचडीएफसी बैंक और मारुति समेत 17 कंपनियों में बिकवाली से गिरा बाजार

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ योजना से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध छिड़ने की आंशका में एशियाई बाजारों की भारी गिरावट के असर से स्थानीय स्तर पर एचडीएफसी बैंक, मारुति, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक और टीसीएस समेत 17 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 203-22 अंक लुढ़ककर 75,735- 96 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 19-75 अंक उतरकर 22,913-15 अंक पर रहा। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जमकर लिवाली हुई, जिससे बाजार को बल मिला। इस दौरान मिडकैप 1.18 प्रतिशत की तेजी के साथ 40,854.88 अंक और स्मॉलकैप 1.32 प्रतिशत की छलांग लगाकर 46,054.94 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4054 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2669 में लिवाली जबकि 1273 में बिकवाली हुई, वहीं 112 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 28 कंपनियां हरे जबकि अन्य 22 लाल निशान पर बंद हुईं। बीएसई के चार समूहों में गिरावट जबकि अन्य 17 में तेजी का रुख रहा। इससे एफएमसीजी 0.04, वित्तीय सेवाएं 0.25, बैंकिंग 0.50 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.10 प्रतिशत उतर गए। वहीं कमोडिटीज 1.07, सीडी 1.01, ऊर्जा 1.33, इंडस्ट्रियल्स 1.55, यूटिलिटीज 2.17, ऑटो 1.30, कैपिटल गुड्स 1.13, धातु 2.02, तेल एवं गैस 1.66, पावर 2.19, रियल्टी 1.14 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.86 प्रतिशत उछल गए।

### अडानी समूह का टीटीएम ईबीआईटीडीए बढ़कर 86,789 करोड़

**नई दिल्ली।** बंदरगाहों से लेकर ऊर्जा तक के विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली देश की प्रमुख कंपनी अडानी समूह ने गुरुवार को घोषणा की कि दिसंबर 2024 तक उसके पोर्टफोलियो की ईबीआईटी डीए से पहले की आय सालाना आधार पर 10.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 86,789 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। समूह ने गुरुवार को अपनी आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में समूह की कंपनियों का ईबीआईटीडीए 17.2 प्रतिशत बढ़कर 22,823 करोड़ रुपए हो गया।उसकी पोर्टफोलियो कंपनियां उच्च पूंजीगत व्यय पथ पर हैं, जिससे परियोजनाओं के निष्पादन और नकदी प्रवाह सृजन में वृद्धि हो रही है।

## खाद्य तेलों में टिकाव, मूंग और उड़द दाल में तेजी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव स्थिर रहे, जबकि मूंग दाल और उड़द दाल में तेजी रही वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 35 लरगिट उतरकर 4813 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.36 सेंट की तेजी के साथ 46. 66 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में मूंग दाल में 100 रुपए और उड़द दाल में 100 रुपए प्रति लक्वटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7750-7850 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति लक्वटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15457 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16044 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**धामी सरकार ने....**

गया था। बजट के अन्तर्गत विभागीय योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से दो वर्गों में विभक्त किया गया है। महिलाओं के लिए 100 प्रतिशत बजट निर्धारण करने वाली योजनाओं को श्रेणी-1 में तथा महिलाओं के लिए 100 प्रतिशत से कम बजट वाली योजनाओं को श्रेणी-दो में रखा गया है। जेंडर बजट के माध्यम से महिलाओं की घटक योजना एवं समन्वय को स्थापित किया जाएगा। जेंडर बजट प्रदेश में मातृशक्ति को सम्मानित करते हुए समानता के अवसर स्थापित करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। जेंडर बजट प्रक्रिया में जेंडर दृष्टिकोण को समाहित करते हुए महिला सशक्तिकरण एवं विकास को आवश्यक गति प्रदान करता है। यह बजट को लैंगिक वचनबद्धता में परिवर्तित करने की प्रक्रिया है। जेंडर बजटिंग का उद्देश्य पृथक बजट का निर्माण न होकर सामान्य बजट के अन्तर्गत महिलाओं की विशिष्ट आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सकारात्मक गतिविधियों का संच. ालन करना है। इस पूरी प्रक्रिया में महिलाओं को सम्मानित करते हुए उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। महिलाओं को उनके अधिकारों के सापेक्ष समुचित हिस्सा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पारम्परिक विभागों जैसे कि पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य महिला सशक्तिकरण, खाद्य, पर्यटन, उद्यान आदि में सीमित न करते हुए अन्य विभागों एवं क्षेत्रें में भी महिलाओं के प्रति संवेदनशील बजट बनाने का प्रयास किया गया है।

**दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा...**

केजरीवाल को हराकर विधायक बने प्रवेश साहिब सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद सर्वश्री आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। रामलीला मैदान में तीन मंच सजे थे। बांए मंच पर विभिन्न धर्मों के धर्म गुरु और कई प्रमुख संत विराजमान थे।

**शपथ के...**

परिवहन और पीडब्ल्यूडी की जिम्मेदारी दी गई है। प्रवेश सीएम की रेस में सबसे आगे चल रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, नई सरकार में रोहिणी से चौथी बात जीते वरिष्ठ भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता को विधानसभा स्पीकर और मुस्तफाबाद से विधायक मोहन सिंह बिष्ट को डिप्टी स्पीकर बनाया जा सकता है। विभागों के बंटवारे की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है, केवल सूत्रों से ही मिली है। संभवत: नई सरकार इस पर एक-दो दिन में फैसला ले सकती है।

## राहुल, प्रियंका ने अरुणाचल व मिजोरम के लोगों को स्थापना दिवस पर दी बधाई



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अरुणाचल प्रदेश तथा मिजोरम के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए आज कहा कि उनकी पहचान को सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि भारत की विविधता और एकता के प्रतीक देश के सभी राज्यों के लोगों की समृद्ध विरासत और प्रगतिशीलता हमारी पहचान है और यही विशेषताएं हमारे राष्ट्र के ताने बाने को और समृद्धि प्रदान करती है। गांधी ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम की हमारी बहनों और भाइयों को उनके राज्य दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं। पूर्वोत्तर भारत के ए रत्न अपनी समृद्ध विरासत और प्रगतिशील भावना के माध्यम से हमारे देश की विविधता में एकता को प्रदर्शित करते हैं। हमें मिलकर उनकी विशिष्ट पहचान की रक्षा करनी चाहिए और उसका जश्न मनाना चाहिए, जो हमारे राष्ट्र के ताने-बाने को समृद्ध करती है। वाड्रा ने अपने संदेश में कहा कि अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के स्थापना दिवस पर दोनों प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। इन राज्यों का भरपूर प्राकृतिक सौंदर्य, अनोखी संस्कृतियां और परंपराएं हमारे देश की विविधता को समृद्ध करती हैं। इनकी रक्षा करना और इन्हें समृद्ध करना हम सबका कर्तव्य है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# फांसी पर लटका मिला सर्राफ का शव

## पत्नी बच्चों सहित मेरठ रिश्तेदारी में शादी समारोह में गई थी

■ मृतक की माँ-पिता की हो चुकी है पहले मौत, पुलिस जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला गांधी कॉलौनी चकरौड के निकट रहने वाली सर्राफ शिवम दयाल वर्मा पुत्र स्व. रामेश्वर क्षेत्र में ही सर्राफ की दुकान खोल रखी थी। बीती रात वह घर में अकेले थे और आज सवेरे सर्राफ शिवम वर्मा का शव उनके मकान के गेट में फांसी पर लटका मिला। यह खबर कुछ ही देर में पूर क्षेत्र मे फैल गई और आस पडौस के लोगों ने इस घटना की जानकारी



मृतक का फाइल फोटो।

पुलिस को दी। शिवम वर्मा की मौत की खबर सुनकर परिवार मे कोहराम मच गया। और मृतक शिवम का दूसरा भाई अन्नू भी परिवार के साथ मौके पर पहुंच गया। बताया जाता है कि घटना के समय शिवम वर्मा की पत्नी मणिका सिंह अपने दो बच्चों के साथ मेरठ रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने गई थी। शिवम वर्मा के दो बेटे है जिनकी उम्र 4 वर्ष व दो वर्ष है। और मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और घटना की छानबीन की। इस संबंध में मृतक के भाई व पडौस के लोगों से भी छानबीन की। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताय जाता है कि मृतक की मां दीपा की कोरोना में मौत हो गई थी और उसका भाई अन्नू बैंक में गोल्ड लोन का काम करने के साथ सुनहार की दुकान भी करता है। सूत्रों का यह भी कहना है कि मृतक शिवम वर्मा ने रात्रि में करीब साढ़े बारह बजे अपनी पत्नी से बात भी की थी। यह बात अलग है कि शिवम वर्मा ने आत्महत्या के लिए कदम क्यो उठाया इसके पीछे क्या कारण है यह तो जांच का विषय है और परिवार ही जानता है, लेकिन कुछ लोग यह कह रहे है कि मृतक ने कर्ज के चलते शायद यह कदम उठाया, क्योकि परिवार व उसके अन्य लोगो से उसकी कोई रंजिश नहीं थी। इससे पहले शिवम वर्मा की दादा इलाही दुकान सर्राफा बाजार में थी। जिसको बेचकर गांधी कॉलौनी में दुकान खोल ली थी।

# पर्यवेक्षक ने परखी बोर्ड परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था




मुजफ्फरनगर: सीबीएसई बोर्ड परीक्षा देकर बाहर आते छात्र।

■ छह विद्यालयों की विशेष की मॉनिटरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रयागराज की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिए बनाए गए 72 केंद्रो की निगरानी को जीआईसी में बनाए गए केंट्रोल रूम का पर्यवेक्षक एवं डाइट के उप प्राचार्य मनोज कुमार ने निरीक्षण किया।

पर्यवेक्षक मनोज कुमार आर्य ने गुरुवार को मीरापुर के सुक्खन लाल आदर्श कन्या इण्टर कॉलेज, डीएवी इंटर कालेज, माडर्न इंटर कालेज रामराज, भारतीय इंटर कालेज नंगले मंदौड, लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज और पीएमश्री राजकीय इण्टर कालेज मुजफ्फरनगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद सभी परीक्षा केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं देखी। निरीक्षण के समय सभी कैमरे चालू अवस्था में मिले।

पर्यवेक्षक ने डीआईओएस राजेश कुमार श्रीवास से परीक्षा के सम्बंध में वार्ता करते हुए बोर्ड परीक्षा में परीक्षा केन्द्रों में अनुचित साधन प्रयोग (नकल) की प्रवृत्ति व संभावनाओं पर अंकुश लगाने, परीक्षाओं की शुचिता, पवित्रता, गुणवत्ता, विश्वसनियता तथा विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु विभिन्न दिशा-निर्देश दिए।

पर्यवेक्षक को जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर, मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सचल दल, केन्द्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक एवं कक्ष निरीक्षकों के बारे में भी अवगत कराया गया।

# धार्मिक रीति रिवाज के साथ एक दूजे के हुए 83 नवविवाहित जोड़े

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में अतिथियों ने दिया आशीर्वाद

■ सामान के साथ धनराशि देकर किया विदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 83 जोडों का विवाह संपन्न कराया गया, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल की अध्यक्षता में आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत तहसील सदर के विकास खण्ड सदर में आयोजित समारोह में मोरना के 16 जानसठ के 10, सदर से 28, खतौली के 16, नगर पंचायत जानसठ से 4 नगर पालिका मुजफ्फरनगर से 9 जिसमें 25 मुस्लिम व 58 हिंदू जोडों का विवाह धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार संपन्न कराया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत उन सभी गरीब बेटियों पर सरकार द्वारा 51000 हजार रूपए की धनराशि खर्च की जाती है, जिसमें वधू के लिए 35 हजार सीधे उनके खाते में भेजे जाते हैं, दस हजार सामग्री पर खर्च किए जाते हैं। विवाह कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने वर व वधु नव विवाहित जोडों को आशीर्वाद देकर विदा किया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख मोरना अनिल राठी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा अमित चौधरी, समाज कल्याण अधिकारी विनीत मलिक, विकास खंड विकास अधिकारी, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: सामूहिक विवाह समारोह में वर-वधू को आशीर्वाद देते अतिथि गण।

# वेतन न मिलने से नाराज मालियों ने ईओ दफ्तर घेरा

## ठेकेदार की कारगुजारी से पालिका की फजीहत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ठेकेदार की कारगुजारी से परेशान कम्पनी बाग में आउटसोर्स के आधार पर रखे गए मालियों ने वेतन न मिलने का ठीकरा पालिका प्रशासन पर फोडते हुए ईओ कार्यालय के बाहर धरना दिया। ईओ ने उनसे वार्ता कर बताया कि ठेकेदार द्वारा बिल प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है पालिका प्रशासन उनका वेतन दिलाने के लिए पूरी तरह से संवेदनशील है। ईओ के दो तीन दिनों में वेतन जारी कराने के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी माली ठेकेदार को कोसते हुए वापस लौट गए।

गौरतलब है कि नगरपालिका ने कम्पनी बाग और शहर के डिवाईडरों पर लगे पौधों की देखरेख करने के लिए दस मालियों को आउटसोर्स पर रखा है।

गुरूवार को ये माली टाउनहाल पहुंचे और ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के दफ्तर पर धरना शुरू कर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। माली के रूप में कार्य कर रहे हर्ष कुमार ने बताया कि उनका वर्तमान में दिसम्बर और जनवरी माह का वेतन रूका हुआ है। वो ठेकेदार से सम्पर्क करते हैं तो कहा जाता है कि पालिका से पैसा नहीं मिल रहा है, पालिका में आते हैं यहां से कोई आश्वासन नहीं दिया जाता है। वो पहले भी करीब नौ माह तक कार्य कर चुके हैं, लेकिन उसका पैसा उनको नहीं मिला है। तीन दिन पूर्व भी वो चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप से मिले थे। उनको वेतन जल्द दिलाने का आश्वासन दिया गया था। वेतन नहीं मिलने से उनके सामने आर्थिक समस्या उत्पन्न हो रही है।

ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने मालियों से वार्ता करते हुए उनको बताया कि ठेकेदार ने मासिक बिल विभाग में नहीं भेजे जिस कारण ही उनका दो माह दिसम्बर और जनवरी का वेतन रूका हुआ है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि दो तीन दिन में उनका वेतन ठेकेदार से जारी करा दिया जायेगा।

ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि ठेकेदार को वेतन नहीं देने के लिए तलब किया गया है। साथ ही नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार को भी वेतन दिलाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं। धरना प्रदर्शन करने वालों में हर्ष कुमार, यश कुमार दक्ष, राहुल कुमार, जीतलाल, रितिक कुमार, गगन सैनी, मोहित कुमार शामिल रहे।

# आजीविका मिशन के तहत जिले की 5569 हजार समूह संचालित

■ पांच हजार से अधिक महिलाएं लखपति दीदी की श्रेणी में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से ग्रामीण क्षेत्रों में जिलेभर में करीब 5569 हजार स्वयं सहायता समूह संचालित हैं। जिले में पांच हजार से अधिक महिलाएं लखपति दीदी हैं और 342 लखपति दीदी समूह से जुडीं महिलाओं को मोटीवेट करने में लगी हुई है। लखपति दीदी योजना अभियान में स्वयं सहायता समूह की प्रत्येक दीदी की वार्षिक आय एक लाख रुपये या उससे अधिक करने हेतु आजीविका वित्तीय सर्पोट में वित्तीय वर्ष 2024-25 में रिवाल्विंग फण्ड (आरएफ) 185 स्वंय सहायता समूहों को 55.50 लाख रू. की धनराशि प्रदान की गई है। यानि की प्रति समूह 30 हजार रुपये, की धनराशि दी गई है। 'इन लखपति दीदी की संख्या जिले में पांच हजार से अधिक हैं। ऋण आजीविका सर्पोटो फण्ड नद (सीआईएफ) 482 स्वंय सहायता समूहों को 723 लाख रुपये के तहत प्रत्येक समूह की डेढ लाख रूपये, 17 बीसी सखियो को विशेष सामुदायिक निवेश निधि मद में 12.75 लाख रुपये की धनराशि एवं बैंको द्वारा 912 समूहों को कैश केडिट लिफेंज (सीसीएल) नद में 10 करोड रुपये की धनराशि अवमुक्त की गयी है।

# दो मंत्रियों और सत्ता का एक सांसद होने के बाद भी बजट से टूटे किसानों के सपने

## बजट में किसानों की अंदेखी पर आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिले में दो मंत्रियों और एक सत्ता रूढ दल रालोद के सांसद के होने के बावजूद किसानों के लिए बजट में कोई खास घोषणा न होने को लेकर लोग सवाल उठा रहे हैं।

केबिनेट मंत्री अनिल कुमार, स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिलदेव अग्रवाल और बिजनौर सांसद चंदन चौहान का जिले में विशेष प्रभाव है, लेकिन इस बार भी किसानों के हित में कोई ठोस कदम न उठाए जाने से उनकी उम्मीदें धाराशायी हो गईं।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने गुरुवार को अपना 2025-26 का बजट पेश किया, जिसमें कई बडे ऐलान किए गए, लेकिन जिले के किसानों को बजट में कुछ खास नहीं मिला। खासकर गन्ने के मूल्य में वृद्धि न किए जाने को लेकर किसानों नाराजगी है।

जिले के लोग सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र को नजरअंदाज किए जाने से आहत हैं और उनका कहना है कि सरकार के फैसले किसानों की जिंदगी में कोई बदलाव नहीं लाएंगे।

## बजट विकास के लिए सकारात्मक: पवन

**मुजफ्फरनगर।** आईआईए के चेयरमैन पवन कुमार गोयल ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, सामाजिक पेंशन, गरीब युवा, किसान, धार्मिक प्रयटन और महिलाओं के उत्थान पर फोकस किया गया है। यह बजट राज्य के विकास के लिए एक सकारात्मक कदम है, लेकिन उद्योग जगत के लिए कुछ विशेष प्रावधानों की कमी महसूस होती है।

उन्होने कहा कि उद्योगों के लिए विशेष पैकेज, कर छूट, और बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान



देना चाहिए था। इससे राज्य में उद्योगों की वृद्धि होती और रोजगार के अवसर बढ़ते।

# मौसम की करवट: बारिश से ठंड का असर बरकरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुधवार की आधी रात के बाद से अचानक बदले मौसम के मिजाज ने एक बार फिर गर्म कपडे बाहर आ गए। आसमान में बिजली कडकी और बारिश ने पिछले कुछ समय से चली आ रही गर्मी को बदल कर रख दिया।

दरअसल पिछले एक पखवाडे से लगातार निकल रही कड़क धूप ने मौसम में गर्माहट ला दी। तेज धूप देख लोग कहने लगे थे कि मौसम अब नहीं बदलेगा और गर्मी ही ही हो जाएगी माना जा रहा था कि इस बार की होली भी बेहद गर्मी के बीच मनाई जायेगी, पर मौसम विभाग लगातार चेतावनी दे रहा था एक बार फिर बारिश के चलते मौसम बदलने की संभावना है। गुरुवार आत सुबह से ही वारिश का दौर शुरू हो गए। दोपहर तक कर बारिश होती रही। दोपहर के बाद मौसम कई बदला और बदलो और सूरज के बीच लुका छुपी का खेल चलने लगा मौसम खुलने के बाद भी ठंड का अहसास बरकरार रहा। शाम होते ही ठंडी हवाओं ने भी जोर पकड लिया और मौसम एक बार फिर ठंड में तब्दील हो गया।




# किशोरी के अपहरण व रेप में युवक को बीस वर्ष की कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विशेष पोस्को कोर्ट ने किशोरी के अपहरण व दुराचार के मामले में सुनवाई करते हुए वकीलों की दलीले व सबूत व गवाहों के आधार पर लगाए गए आरोपो को सही पाया। कोर्ट ने सबूत व गवाहों के आधार पर दोषी मानते हुए युवक को बीस वर्ष के कठीन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी पर पन्द्रह हजार रूपयें का जुर्माना भी लगाया है।

ग्राम सुजडू निवासी व्यक्ति ने 24 जुलाई 2018 को शहर कोतवाली पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया था कि मौहल्ले के ही पन्द्रह वर्ष की किशोरी जो कक्षा ग्यारह की छात्रा है उसको बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया है। पुलिस ने इस मुकदमें को धारा 363, 366 आईपीसी व पोक्सो के तहत दर्ज किया था। पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाते हुए आरोपी अरूण उर्फ सरदार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मुकदमें में धारा 376 की बढ़ोत्तरी की गई थी। कोतवाली पुलिस ने इस मामले की जांच पड़ताल कर नौ अगस्त 2018 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। यह मुकदमा विशेष पोस्को कोर्ट में विचाराधीन था। मुकदमें की पैरोकारी लोक अभियोजक विक्रांत राठी व दीपक गौतम ने की थी। दोनो पक्षों के वकीलों ने न्यायाधीशों के समक्ष घटना से संबंधित कुछ सबूत पेश किए और गवाह भी प्रस्तुत किए। कोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से सुना और लगाए गए आरोप सही पाए गए जहां कोर्ट ने सबूत व गवाहों के आधार पर अरूण उर्फ सरदार को दोषी मानते हुए उसको बीस वर्ष के कठोर कारावास की सजा और उस पर पन्द्रह हजार रूपयें का अर्थदण्ड भी किया है।

ADMISSION OPEN
SHRI GURU RAM RAI PUBLIC SCHOOL
Roorkee Road, Muzaffarnagar, U.P.
Affiliated to CBSE, New Delhi
An English Medium Nursery to Class XII
Co. Educational School



सगे भाई-बहनों में दूसरे बच्चे को 50 प्रतिशत तथा तीसरे को 25 प्रतिशत की छूट
Contact No.:- 9634085131, 9410535894
Sanjay Lakhera (Principal)

# क्रांतिकारियों की याद में स्मारक बनवाने की उठ रही मांग

## चार सदी पूर्व तैमूर की सेना से लोहा लेने वालों व आजादी की लड़ाई मे फांसी खाने वालों की याद मे स्मारक चाहते हैं लोग

**काजी अमजद अली**

**मोरना।** कस्बा भोकरहेड़ी का इतिहास दस सदी पुराना है। राजा भोज के शासन काल मे आबाद हुए गांव का इतिहास बड़ा गौरवशाली है। राजा तैमूर लंग की सेना से लोहा लेने व 1857 की मेरठ क्रांति मे थाना व तहसील को आग लगाकर फांसी खाने वाले क्रांतिकारियों की याद मे स्मारक बनवाने की माँग कस्बावासियो ने की है।

नगर पंचायत भोकरहेड़ी के गणमान्य व्यक्तियों ने कस्बे मे शहीद स्मारक बनवाने की मांग की है।कस्बा निवासी रामपाल सिंह नेता जी बताया की परमार वंश के राजा भोज के शासन काल 1010 से 1055 के मध्य भोजरहेड़ी गांव का आबाद होना




बताया जाता है। राजा भोज के नाम पर गांव भोजरहेड़ी पड़ा था, जो कालांतर मे भोकरहेड़ी हो गया। कस्बे के वरिष्ठ नागरिक चौधरी रामपाल सिंह ने बताया की वह कस्बे के इतिहास को पूर्वजों से प्राप्त जानकारी के आधार पर संकलित किये हुए हैं। कस्बे मे महानवीरों ने जन्म लिया। 1857 की क्रांति मे कस्बे मे स्थित तहसील व थाना कार्यालयों को जला दिया गया था। इस आंदोलन का नेतृत्व काजी अजमत अली द्वारा किया गया था। जिसके बाद घटना को अंजाम देने के जुर्म मे क्रन्तिकारी अजमत अली को फांसी की सजा दी गयी थी। तथा तत्कालीन जिलाधिकारी ने कस्बे की जनता पर एक भारी जुर्माना घोषित कर दिया था। इस बड़े जुर्माने को चौधरी बख्शीराम व सेठ मनीराम द्वारा क्विंटलस के वजन मे चांदी के सिक्के देकर अदा किया गया था। कस्बे मे स्थित प्राचीन सिद्धपीठ बाबा गरीबनाथ आश्रम मे 1932 मे हुई खुदाई मे हनुमान जी की हजारों वर्ष की प्राचीन मूर्तीयाँ मिली थी। 1826 मे कस्बे मे तहसील, थाना व परगना मुख्यालय स्थापित किये गये थे। जिन्हे 1857 की क्रांति मे जला दिया गया था। क्रान्तिकारियो की याद मे कस्बे मे स्मारक की स्थापना अवश्य होनी चाहिए।

पूर्व चेयरमैन राजेश कुमार ने बताया की कस्बे मे शहीदों का स्मारक बने यह प्रयास शुरू किये जायेगें वरिष्ठ नागरिक काजी मौ. आकिल ने बताया की काजी अजमत अली महान स्वतंत्रता सेनानी थे। स्वतंत्रता के बाद उनके परिजनों ने देश भक्ति का परिचय देते हुए। उनके नाम पर किसी भी सहायता को लेने से यह कहकर इंकार कर दिया था की उनके पूर्वज ने देश के लिए बलिदान दिया था न की किसी आर्थिक मदद के लिए 1970 तक ब्रिटिश कालीन कार्यालयों के अवशेष मोहल्ले के चौक पर रखे रहे।

भाजपा नेता चौधरी बृजवीर सिंह का कहना है की युवा पीढ़ी को कस्बे के गौरवशाली इतिहास का स्मरण कराने के लिए कस्बे मे क्रन्तिकारियो की याद मे स्मारक अवश्य बनना चाहिए। चेयरमेन पुत्र सचिन कुमार वामन ने बताया की कस्बे मे शहीद स्मारक बनाने को शीघ्र ही कार्य योजना अमल मे लाई जायेगी।

सभासद पति अंकुर, अजय कुमार, रामबीर सिंह, सभासद मुस्तकीम अब्बासी, डॉ. अलीशेर अंसारी, सभासद राहुल गर्ग आदि ने कस्बे मे शहीद स्मारक बनाने की मांग प्रशासन से की है।

MOTHER'S PRIDE
LOVE BLOSSOMS HERE



PRESIDIUM
be what you want to be.
Admission Open
Play To 4th
Mob.: 99970 23008
New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk | Circular Road, Opp. Canara Bank

# शादी समारोह में छेड़छाड़ को लेकर पथराव

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** चलसीना गांव में शादी समारोह के दौरान बारात में युवती से छेड़छाड़ करने को लेकर दो पक्षों में विवाद खड़ा हो गया जिसके बाद दोनों पक्षों में गाली गलौच के बाद जमकर मारपीट हुई और देखते ही देखते दोनों पक्षों में पथराव हो गया जिसमे अधादर्जन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। पथराव की सूचना के बाद मौके पर पहुँची रतनपुरी पुलिस ने भीड़ को तीतर बितर कर लाठी फटकारी। जिम्मेदार लोगों ने मामला शांत कराया।

रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव चालसीना निवासी धीर सिंह की लड़की की बारात जानसठ थाना क्षेत्र के गांव से आई थी। शादी समारोह में चढ़त के दौरान गांव के कुछ लोगों ने किसी लड़की के साथ छेड़छाड़ कर दी, जिस पर युवती के विरोध करने पर युवतीं पक्ष ने हंगामा खड़ा कर दिया। विरोध के दौरान बारात में आए कुछ लोगों ने युवको को समझाने का प्रयास किया तो उनके साथ भी गाली-गलौज कर दी। इसी दौरान दोनों पक्षों ने मारपीट के बाद पथराव हो गया। जिसमें कई लोग घायल हो गए। बताया गया कि घुड़चढ़ी के दौरान बारात में अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस पुलिस ने दोनों पक्षों को समझने का प्रयास किया लेकिन लोगों द्वारा शांत न होने पर भीड़ पर लाठी फटकार कर भीड़ को तीतर बितर किया। घंटो मशक्कत के बाद पुलिस ने समझा बुझाकर दोनों पक्षों को शांत किया। बताया गया है कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। वही घायलों को गांव में ही डॉक्टर के पास उपचार कराने के लिए भतह्न कराया। रतनपुरा इंस्पेक्टर तेज सिंह का कहना है की बारात में विवाद हुआ था लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत करा दिया गया था।

## 2013 में हुई घटना का दण्ड भुगत रहे जनप्रतिनिधि

**खतौली।** 20 अगस्त 2013 को थाना शाहपुर क्षेत्र के गांव शोरम में दो छात्र जो कि मूल निवासी तो गांव सोरम के थे के साथ मारपीट हो गई थी इसके बाद गांव में पंचायत हुई थी। इलाके में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। जिसमें पूर्व विधायक उमेश मलिक, पूर्व सांसद व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, पूर्व प्रधान मनीष बालियान, पूर्व प्रधान सुधीर बालियान आदि पर मुकदमा दर्ज हुआ था। गांव सोरम के मामले में दर्ज मुकदमे में उपरोक्त लोग आज तक कोर्ट में तारीख भुगतने को पेश हुए मुकदमे में तारीख पूर्व विधायक बुढाना उमेश मलिक, शोरम के पूर्व प्रधान सुधीर बालियान, मनीष बालियान, राजपाल और अन्य लोग कोर्ट में पेश हुए थे।

# जलसे में मुल्क के अमन-चैन के लिए मांगी गई दुआ

**चरथावल।** ग्राम नगला राई के जामिया अल हिदाया जामिया नगर में, प्रसिद्ध शिक्षण संस्था जामिया आयशा-सिद्दीका का खतम बुखारी शरीफ, सनद वितरण कार्यक्रम हुआ जिसमें 45 छात्राओं ने योग्यता के साथ हाई स्कूल उत्तीर्ण किया, जिन्हें सम्मान और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में हजारों लोगों ने भाग लिया। जामिया से स्नातक करने वाले भाग्यशाली छात्राओं को मेधावी सम्मान देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जमीयत उलेमा हिन्द पश्चिम उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष हाफिज़ फुरकान असअदी ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में नायब अमीरुल हिन्द मुफ्ती सैयद मुहम्मद सलमान मंसूरपुरी, उस्ताद दारुल उलूम देवबंद शामिल हुए, जबकि संचालन जामिया हिदाया जामिया नगर के प्रबंधक मौलाना मूसा कासमी, मौलाना मुहम्मद अहसान कासमी ने संयुक्त रूप से किया, इस अवसर पर अपने विशेष संबोधन में दारुल उलूम देवबन्द के उस्ताद हदीस मुफ़्ती सलमान मंस. ूरपुरी ने कहा कि शिक्षा एक ऐसी चीज है जो कभी भी पूरी तरह से प्राप्त नहीं होती है। जो महिलाएं शिक्षित होंगी उनके ज्ञान का लाभ सीधे दो पीढ़ियों तक पहुंचता है, इसलिए बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ लड़कियों की शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा का प्रबंधन भी हमारी जिम्मेदारी है.,महिलाओं के खिलाफ बलात्कार के मामले बढ़ रहे हैं जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि शरीयत द्वारा बेटियों को विरासत में दिए गए अधिकारों को अदा नहीं किया जाता है।मुफ़्ती सलमान मंसूरपुरी ने बुखारी शरीफ की आखिरी हदीस पढ़ाया, उन्हें पूरा हिसाब दिया जाएगा और उन्हें स्वर्ग या नरक में प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह छात्र और उनके माता-पिता बहुत भाग्यशाली हैं जिन्होंने जामिया में भीतर रहकर अपनी शिक्षा पूरी की। सामजिक बुराइयों को रोकने के लिए व्यावहारिक कदम उठाना बहुत ज़रूरी है। इस अवसर पर आयशा अल-सादिका गर्ल्स जामिया निगला राय के निदेशक मौलाना मुहम्मद एहसान- उल-हक कासमी ने शैक्षिक रिपोर्ट और भविष्य की महत्वाकांक्षाओं के बारे में कहा कि भविष्य में शिक्षा की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया जाएगा, इस अवसर पर हाफिज मुहम्मद फुरकान असदी, मौलाना मुहम्मद साद खान जहां पुरी, मौलाना एहसानुल हक कासमी, मौलाना मुहम्मद मूसा कासमी, मौलाना मुहम्मद सालिम अशरफ देवबंद, चेयरमैन चरथावल मास्टर इस्लामुद्दीन त्यागी, नुसरत जहां, सबीहा खानम, राहत हुदा, प्रधान मुहम्मद अफसरून, कारी शोएब आलम, कारी शाह नवाज, मास्टर फुरकान, मास्टर आजम सिद्दीकी, कारी शहजाद। कारी नौशाद, मुफ्ती बिलाल अहमद, मौलाना सलीम अहमद, मौलाना बिलाल अहमद, नफीस अहमद, कलीम त्यागी, तहसीन अली असरवी, हाजी मुहम्मद आबिद, हाजी अब्दुल कादिर, कारी इकरामुद्दीन, मौलाना वासिफ अली, जावेद अली, हाजी मतलुब राईन अबुल कलाम कलीम, डा. सैयद आदिल आदि रहे।

## चकबन्दी कार्यालय पर चल रहा भाकियू का धरना समाप्त

**चरथावल।** चकबंदी दफ्तर पर चल रहे धरने में तहसीलदार सदर व चकबंदी के अधिकारी पहुंचे जिन्होंने मुथरा, न्यामू, पीपलशाह आदि गांव में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के लिए कल से ही पूरी टीम लगाकर एवं मुथरा गांव में नल का निर्माण और कब्जा परिवर्तन का काम किया जाएगा जो और मुद्दे थे उन सब पर सहमति हो गई और कल डीएम के साथ मीटिंग होगी उसमे मुद्दों पर उनके साथ चर्चा करके आगे का कार्यक्रम चलेगा। वही दिन मे धरने के दौरान किसानो ने गन्ना मूल्य न बढ़ाने के कारण गन्ने की होली भी जलाई इस दौरान विकास शर्मा एनसीआर अध्यक्ष नगर अध्यक्ष सौरभ त्यागी शीलू त्यागी भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता पवन त्यागी दीपक चौधरी आकाश मलिक सोनू त्यागी कुमार साबू पुंडीर सलीम रवि शर्मा बलिस्टर रामकुमार प्रधान शंभू सिंह सुभाष मौजूद रहे।

# सपाइयों ने की संगठन की मजबूती पर चर्चा




**मुजफ्फरनगर।** लद्दावाला मैं यूथ ब्रिगेड सदर विधानसभा अध्यक्ष उम्रदराज के आवास परसमाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड की पीडीए पंचायत का भव्य आयोजन किया गया। इस पंचायत की अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा ने की, जबकि जिला अध्यक्ष राशिद मलिक के नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने हेतु गहन रणनीतिक चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित सभी साथियों ने एकजुटता और संगठन की शक्ति का परिचय दिया।

## बेलड़ा में युवक पर लाठियों से हमले का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** ज़मीनी विवाद के चलते युवक को सरेआम मारापीटा गया। जिससे युवक घायल हो गया। मारपीट की घटना का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा मे हुई मारपीट की घटना का एक वीडियो वायरल हो गया जिसमे सड़क किनारे एक युवक पर दूसरा डंडो से ताबड़तोड़ वार कर रहा है एक अन्य फावड़े से वार करने का प्रयास कर रहा है।सूत्रे से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक परिवार मे ज़मीन को लेकर रंजिश जारी बताई गयी है। जिसमें हुए विवाद मे पिन्टू नामक युवक के साथ सरेआम मारपीट की गई है। मारपीट मे घायल पिन्टू का भोपा अस्पताल मे उपचार कराया गया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## सभासद ने हड़ताल के चलते रोड पर पड़े कूड़े को हटवाया




**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढाना की चेयरपर्सन श्रीमति उमा त्यागी के निर्देश पर बुढाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर दस के सभासद गुलफाम खान ने सफाई नायक विकास कुमार की पूरी टीम को अपने साथ लेकर बृहस्पतिवार के दिन अपने वार्ड नंबर दस के एरिए में स्थित भारत सिनेमा से लेकर चंधेड़ी रोड तक और चंधेड़ी रोड की समस्त गलियों के अलावा टेलीफोन एक्सचेंज वाली गली, 22 फुटा रोड जमन पब्लिक स्कूल और पूरे बड़कता रोड पर विशेष सफाई महा अभियान चलाया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से सफाईकर्मियो में सुनील कुमार, देवेंद्र कुमार, राजीव कुमार, राजकुमार सिंह, सोहन कुमार, शिव कुमार और कर्मवीर सिंह सहित अन्य कई सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति देखने को मिली। इस संबंध में वार्ड के सभासद गुलफाम खान ने बताया कि आज उन्होंने सफाई कर्मचारियों को साथ लेकर अपने वार्ड में सफाई अभियान चलाया। सफाई अभियान पूरे वार्ड में लगभग पूरे दिन तक ही चला।

# एसडी कॉलेज में अतिथि व्याख्यान का आयोजन




**मुजफ्फरनगर।** सनातन धर्म महाविद्यालय, मुजफ्फरनगर के सरस्वती सभागार में एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय के मेंटरिंग एंड काउंसलिंग सेल के अंतर्गत किया गया। इस कार्यक्रम का शीर्षक "Unlocking Global Education: Pathways to Studying Abroad" रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता डॉ राहुल सिंघल, एसोसिएट प्रोफेसर, भौतिकी एवं इंजीनियरिंग भौतिकी विभाग, सेंट्रल कनेक्टिकट स्टेट यूनिवर्सिटी, यू.एस.ए रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य, प्रो सुधीर कुमार पुंडीर, मुख्य वक्ता एवं अन्य शिक्षकों द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। उक्त व्याख्यान में मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों को विदेश में विश्वद्यालय चयन, छात्रवृत्ति, आवेदन प्रक्रिया तथा रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके पाश्चात्य विद्यार्थियों ने सहभागिता दिखाते हुए मुख्य वक्ता से अपने प्रश्न पूछे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ शिवानी मौर्य (एसिस्टेंट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग) ने किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ आशना गुप्ता (एसिस्टेंट प्रोफेसर, जंतु विज्ञान) ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के अत्यधिक संख्या में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अन्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## होली व रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**चरथावल।** बुधवार को थाना प्रांगण में आगामी त्यौहार शिवरात्रि, होली और माहे रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी आईपीएस राजेश धुनावत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमे चरथावल थाना प्रभारी आईपीएस राज. ेश धुनावत ने कहा कि आगामी हिंदू,मुस्लिम त्योहार को सभी प्रेम सौहार्द के साथ मिलकर मनाये। त्यौहारी माहौल में किसी भी तरह की गलत अफवाह फैलाकर गडबड़ी फैलाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। तथा करने वाले व्यक्ति के साथ पुलिस सख्ती के साथ पेश आएगी। इंस्पेक्टर जसवीर सिंह ने कहा कि त्योहारों को मिलजुल कर मनाए। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे किसी को ठेस पहुंचे। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुज गर्ग, मनीष गर्ग,सैदपुरा प्रधान कामिल प्रधान,त्यागी भूमिहार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष काला प्रधान चौकडा,हुसैन प्रधान दधेड़ू, विनोद फौजी,जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

# नेशनल शेख एसोसिएशन के आफिस का उद्घाटन



**बुढ़ाना।** नेशनल शेख समाज एकता एसोसिएशन चंधेडी रोड सफीपुर पटी बुढ़ाना के नये कार्यालय का उद्घाटन मास्टर खुर्शीद सिद्दीकी के कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान यहां पर सभी की सहमति से 200 गज के आसपास जमीन खरी. दने की बात भी फाइनल की गयी। जिसमें नेशनल शेख समाज एकता एसोसिएशन से जुडे इंतजार सिद्दीकी, इरफान सिद्दीकी, पप्पू टीकरी, आशु सिद्दीकी, शहजाद सिद्दीकी और फरमान सिद्दीकी ने जमीन खरीदने के दौरान अपनी और से रुपये देने की घोषणा की।

इस दौरान यहां पर नेशनल शेख समाज एकता एसोसिएशन को मजबूत करने का संकल्प सभी लोगों ने लिया और कहा कि इस एसोसिएशन के माध्यम से पूरे शेख समाज को एक मंच पर लाए जाने का प्रयास करते हुए गुटबंदी समाप्त की जाएगी।

जिसके प्रयास समाज के जिम्मेदार लोगों द्वारा किये जाएंगे और इस संबंध में जल्द ही एक बड़ी पंचायत का भी आयोजन किया जाएगा। यहां पर मुख्य रुप से मास्टर मेहताब सिद्दीकी, अख्तर सिद्दीकी, डॉक्टर शौकीन, इनाम प्रधान, शाहनवाज राणा, रईसुद्दीन सिद्दीकी, सोनू दाहा, तराबुद्दीन सिद्दीकी उमरपुर, रोजू शेख टीकरी, आशिक अली, इरफान सिद्दीकी और यूनूस सिद्दीकी सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

## आसपाकां के जिला उपाध्यक्ष बनाए गए जावेद

**बुढ़ाना।** आम आदमी पाटह्न को त्यागपत्र देकर कुछ ही दिन पहले आजाद समाज पाटह्न कांशीराम मे अपने कुछ चुनिंदा समर्थकों के साथ शामिल होने वाले बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला काजीवाडा के निवासी डाक्टर जावेद उस्मानी को आज बृहस्पतिवार के दिन आजाद समाज पाटह्न कांशीराम मुस्लिम मोर्चा भाईचारा कमेटी मुजफ्फरनगर के जिला संयोजक गुफरान प्रधान ने आजाद समाज पाटह्न कांशीराम मुस्लिम मोर्चा भाईचारा कमेटी मुजफ्फरनगर का नया जिला उपाध्यक्ष बनाया है।घ्घ्घ ये नियुक्ति आजाद समाज पाटह्न कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद के निर्देश पर बहुजन महापुरूषों के बहुजन हिताय बहुजन सुखाय सि)ान्त पर आधारित बहुजन विचार धारा को जन जन तक पहुँचाने के लिये की गयी है। जिला संयोजक गुफरान प्रधान ने डाक्टर जावेद उस्मानी है ये भी अपेक्षा की है कि अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए समय समय पर दिये गये दिशा-निर्देशों का पालन करेगें।

## वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों ने जीता मन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** डीपी जूनियर हाईस्कूल के 45वे वार्षिक उत्सव में सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रमों की छटा बिखरी।

स्कूली बच्चों ने देशभक्ति और सामाजिक सरोकारों से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

रहमत नगर स्थित विद्यालय में वार्षिकोत्सव के मौके पर स्कूली बच्चों ने भारत की कहानी भारत की जुबानी नृत्य नाटिका प्रस्तुत की।

जिसमें देश की सैकड़ो साल पुरानी महान सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाने के साथ-साथ आजादी के लिए जान न्योछावर करने वाले देश के वीर सपूतों की गाथा भी अभिनीत की गई। व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लाभ और हनिया को बताती हुई एक नाटिका का सफल प्रस्तुतीकरण भी बच्चों ने किया। जिसके माध्यम से ऐसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया।

विद्यालय के निदेशक मशहेदी हुसैन जैदी एवं सज्जाद रजा ने मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि जिला बार संघ के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट वसी अंसारी और दैनिक पंजाब केसरी की मंडल प्रभारी खुशी कुरैशी रहे।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मुजफ्फरनगर

पत्रांक 668/8ए दिनांक : 13.02.2025

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना(प्रथम आमंत्रण)

1. महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मुजफ्फरनगर द्वारा प्रतिशत दर पर टी-1 के द्वारा उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रर्ड श्रेणी कॉलम संख्या-8 के अनुसार (जैसा लागू हो) कार्य हेतु अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टैण्डरिंग (http://etender.up.nic.in) के माध्यम से निविदा मांगी जाती है। निविदादाता किसी अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

2.

| क्र0 सं0/लॉट सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु लाख में) | धरोहर धनराशि (रु लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (टेण्डर कॉस्ट+ स्टेशनरी चार्जे+ जी0एस0टी0) | ठेकेदार के वांछित पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मुजफ्फरनगर | जनपद मुजफ्फरनगर में कलैक्ट्रेट परिसर में कोविड कन्ट्रोल रूम के प्रथम तल पर एक हाल का निर्माण कार्य। | 25.50 | 2.55 | 3 माह | 500.00 + 300.00 + 144.00 = 944.00 | भवन श्रेणी ए, बी,सी एवं डी |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगायी गयी दरें सभी करों को जोडते हुए तथा जी0एस0टी0 को छोडते हुए लगायी गयी है।
- निविदा में मांगी गयी निविदा धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य (कॉलम नं0 5 एवं 7 के अनुसार) ऑन लाईन केवल नेट बैंकिंग द्वारा भुगतान के पश्चात् यू0टी0आर0 प्राप्ति रसीद के रूप में ही मान्य होगा।
- शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेईस-7-2020-176(सा)/06, दिनांक 25.08.2020 के अनुसार निविदाएं प्रहरी एप्लीकेशन के माध्यम से प्राप्त की जायेगी।
- निविदा ऑन लाईन दिनांक 22.02.2025 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 27.02.2025 की अपरान्हः 02:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 27.02.2025 की अपरान्हः 02:30 बजे खोली जायेगी। अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडे कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेंगी।
- शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
- धरोहर धनराशि अनुबन्ध गठन के समय उ0प्र0 लोक निर्माण अनुभाग-7 का शासनादेश संख्या 692/23-07-2024 दिनांक 09-08-2024 एवं कार्यालय प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0 लखनऊ का कार्यालय पत्रांक 10090 एम0टी0/सामान्य वर्ग/2024 दिनांक 13.08.2024 द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार ही ली जायेगी।
- निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0वि0वि0, मुजफ्फरनगर

UPID: 229634 Date: 19/02/2025
Website: www.up.gov.in

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0वि0वि0, मुजफ्फरनगर
pdpwdmzn@gmail.com


### सूचना

मैं घोषणा करता हूँ कि मेरे खिलाफ कोई भी अभियोग किसी भी थाने मे पंजीकृत नही है और न ही कोई अभियोग विचाराधीन है कुछ असामाजिक तत्व मेरे खिलाफ गलत अवधारणा रखते है जो मुझे झूठे मुकदमे मे फंसाने का भी ड्रामा रचते रहते है मैं सीधा साधा व्यक्ति कानून रूप से सही जीवन व्यतीत कर रहा हूँ।

**दिलशाद उर्फ दिल्लू पुत्र इस्लाम मौहल्ला दीनमौहम्मद गांव सूजडू जिला मुज़फ्फरनगर**

### सूचना

मेरी यूपी बोर्ड हाई स्कूल वर्ष 2022 की मार्कशीट जिसका रोल नंबर 1220497910 है वास्तव में कहीं खो गई है जिसका प्रयोग अवैध होगा।

**महजबीन पुत्री मजबुल हसन माता का नाम समीना। निवासी - बसधाडा, पोस्ट दिनकरपुर, जिला मुजफ्फरनगर**

### सूचना

मैने हाईस्कूल परीक्षा सन् 2022-23 मे एसडी इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर से हाईस्कूल परीक्षा पास की थी जिसका अनुक्रमांक/रोल नम्बर- 1230514974 है की असल प्रति व स्कूल के अन्य कागजात की फोटो स्टेट ई-रिक्शा में खालापार आते समय वास्तव में कही गिर गयी है। काफी तलाश के बाद मेरे कागजात नहीं मिले। इसकी सूचना मैने खालापार कोतवाली पुलिस को भी दी है।

**बिलाल पुत्र मौ.मोहसीन निवासी योगेन्द्रपुरी, थाना खालापार जिला-मुजफ्फरनगर**

# दुल्हन अपहरण मामले में पुलिस फाइनल रिपोर्ट करेगी दाखिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दुल्हन के अपहरण के मामले में पुलिस फाइनल रिपोर्ट लगाने की तैयारी कर रही है।

पुलिस ने दुल्हन के बयानों का अवलोकन कर लिया है। जिसमें दुल्हन में शादी से इंकार करते हुए सहेली पर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है। पुलिस बुधवार को दुल्हन को उसके परिजनों के सुपुर्द कर चुकी है। गत 18 फरवरी को नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के नार्थ फार्म्स में शादी समारोह था। शादी से कुछ घंटे पहले झांसी की रहने वाली डॉक्टर दुल्हन अपनी सहेली के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गयी थी। दुल्हन के पिता ने उसके सहेली पर अपहरण का आरोप लगाते हुए थाना नई मंडी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुल्हन व उसकी सहेली को गवालियर से बरामद कर लिया था। बुधवार को पुलिस ने दुल्हन के कोर्ट में बयान दर्ज कराए थे। विवेचक दरोगा तपन जंयत का कहना कि दुल्हन के बयानों का अवलोकन कर लिया गय है। उसने अपने बयानों में शादी से इंकार करते हुए अपने सहेली के साथ स्वयं जाने की बात कही है। उसने बताया कि उसकी सहेली पर अपहरण का आरोप निराधार है। इस मामले में जल्द ही फाइनल रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल करेगी।

## पंचायत में बवाल मामले में पूर्व विधायक समेत छह आरोपी कोर्ट में हुए पेश

**मुजफ्फरनगर।** दंगे से पहले शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव सौरम युवती से छेडछाड के मामले में हुए बवाल में पूर्व विधायक उमेश मलिक समेत छह आरोपी कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट इस मामले में एक मार्च को अपना फैसला सुनाएगी। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामवीर सिंह ने बताया कि जनपद में हुए दंगे से पहले शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव सौरम में एक युवती से छेड़छाड़ की गयी थी। उसके बाद 20 अगस्त 2013 को गांव में पंचायत का आयोजन किया गया था। जिसमें बुढाना विधानसभा सीट से पूर्व विधायक उमेश मलिक व अन्य लोग पहुंचे थे। पंचायत के दौरान बवाल होने पर गांव बाशा घायल हो गया था। उसके बेटे वाजिद ने पूर्व विधायक उमेश मलिक, सुधीर प्रधान, मनीश, रामपाल, बिजेन्द्र, नीरज व सम्राट को बवाल व जानलेवा हमले में नामजद कराते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना करते हुए सभी आरोपियों को क्लीनचिट देते हुए फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। हालांकि बाद में वादी पक्ष के प्रार्थना पत्र पर कोर्ट ने सभी आरोपियों को तलब किया था। इस मामले में एक आरोपी सम्राट की मौत हो चुकी है।

## अवैध खनन करने वालों की शिकायत डीएम को भेजी

**बुढ़ाना।** ब्लाक के गांव सफीपुर क्षेत्र में कई स्थानों पर खनन माफिया बैखोफ होकर अवैध मिट्टी का खनन करने में लगे हुए हैं। यह खनन किसकी शह पर हो रहा है यह तो पता नहीं है पर गांव के लोग बहुत ही दुखी हैं और उन्होंने स्थानीय प्रशासन की ढिलाई के चलते बृहस्पतिवार को अवैध खनन करने वालों की शिकायत डीएम को भेजते हुए खनन माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गुहार लगाई है। सफीपुर गांव के सुशील उपाध्याय और प्रभात कुमार सहित कई ग्रामीणों ने डीएम को शिकायत भेजते हुए बताया कि उनके चक खसरा संख्या 556 मौजा बुढाना बांगर में जाने वाला खड़ंजा लगा हुआ है।



## पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.

**ई-निविदा सूचनाः-** वित्तीय वर्ष 2025-26 में मण्डल कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों के उपयोगार्थ 01-01 नग डीजल चालित हल्का वाहन हेतु निम्नलिखित ई. निविदाएं आमंत्रित की जाती है-1:-ई.नि.सं. 39/2024-25/अ.अ., वि.वि.खण्ड, खतौली। 2:-ई.नि.सं. 40/2024-25/ उप.अधि. वि.वि. उपखण्ड-ग्रा., खतौली। 3:-ई.नि.सं. 41/2024-25/उप.अधि. वि.वि.उपखण्ड-टा., खतौली। 4:- ई.नि.सं. 42/2024-25/अधी. अ., वि.वि.म.द्वि, मु.नगर। 5:- ई.नि.सं. 43/2024-25/अ.अ., वि.वि.खण्ड, बुढाना। 6:- ई.नि.सं. 44/2024-25/ उप.अधि. वि.वि. उपखण्ड-प्र., बुढाना। 7:- ई.नि.सं. 45/2024-25/ उप.अधि. वि.वि.उपखण्ड-द्वि., बुढाना। 8:- ई.नि.सं. 46/2024-25/अ.अ., वि.प. खण्ड-द्वि., मु. नगर। 9:- ई.नि.सं. 47/2024-25/ सहा.अ., वि.प. शाला, खतौली। 10:- ई.नि.सं. 48/2024-25/ सहा.अ., वि.प.शाला, बुढाना। 11:- नि.सं. 49/2024-25/क्षेत्रीय का. मु.नगर हेतु फर्नीचर एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराते हुए स्थापित करने का कार्य। www.etender.up.nic.in पर ई.निविदा क्रम सं. 01 से 11 तक का प्रथम एवं द्वितीय भाग दिनांक 19.03.2025 को 12.00 बजे तक भरा जा सकता है एवं ई. निविदाएं तददिनांक को ही 14.00 बजे के उपरान्त ई. पोर्टल पर खोली जायेगी। प्रति ई. निविदा शुल्क रु. 1180.00 एवं धरोहर राशि रू. 3000.00 एवं क्र.सं. 11 की धरोहर राशि रू. 2200.00 की होगी। निविदा विशिष्टीकरण एवं अन्य नियम शर्ते एवं संशोधन हेतु नियमित रूप से ई. निविदा पोर्टल एवं विभाग की वेबसाईट को देखे। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये ई. निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकारी होगा। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल-दिवतीय मुजफ्फरनगर** पंत्राक **5848**/वि.वि.मं.द्वि.-मु0नगर/कैंप दिनांक 20.02.2025 **'राष्ट्रहित में बिजली बचाये'** एवं विद्युत हैल्प लाईन नं.1800-180-3002 (मेरठ)


### सूचना

मेरी पुत्री शशी रानी व मेरे दामाद दीपक कुमार की गलत आदतो, गलत चाल चलन के कारण मै व मेरा परिवार इन दोनों से कोई सम्बन्ध रखना नही चाहता है। इस कारण मैने इन दोनों को अपनी अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। दिनांक 20.02.2025 के बाद से मेरा व मेरे परिवार को शशी रानी व दीपक कुमार से कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नही होगा अपने कृत्य व किसी भी लेन-देन के लिए ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। मै व मेरा परिवार इनके किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**श्रीमति अमर कौर पत्नी डा. मनवीर सिंह आर्य निवासी ई-616, रामनगर कंकरखेडा थाना कंकरखेडा जिला-मेरठ**

# लूट का खुलासा, कुंडल समेत दो गिरफ्तार

## घर में घुसकर महिला के कुंडल लूट कर फरार हुए थे बदमाश

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** विगत जनवरी माह में दो बदमाशों ने घर मे घुस कर महिला के सोने के कुंडल लूट कर फरार हो गया था। इस घटना का खतौली पुलिस ने गुरुवार को खुलासा करते हुय दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उससे लुटे गए कुंडल और चाकू समेत अवैध तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने दोनों बदमाशों का चालान कर जेल भेज दिया।

गुरुवार को कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा ने कुंडल लूट की घटना का खुलासा करते हुय जानकारी देते हुय बताया कि विगत फरवरी सात तारीख को जावन निवासी शिवकुमार पुत्र मूलचंद के घर मे घुसे दो बदमाशों ने शिवकुमार की माँ सावित्री के कानों से सोने कर कुंडल लूट कर फरार हो गए थे।

जिसके बाद पुलिस टीम ने दबिश देकर उक्त बदमाश को फलावदा राजवाहे से राजेन्द्र उर्फ बलजीत उर्फ मूला उर्फ बिच्छू उर्फ बिल्लू उर्फ बल्ली पुत्र हजारत उर्फ हरज्ञान, राज उर्फ राजसिंह उर्फ फाईटर पुत्र जीत सिहं उर्फ जीता निवासी योगेन्द्र नगर (जोगिन्द्र नगर, भोकरहेडी) थाना भोपा जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर लिया। खतौली पलिस द्वारा लूट का खुलासा करते हुय दोनों शातिर लुटेरो से लूटे गये पीली धातु के सोने के कुंडल और अवैध अस्हाल, एक अदद चाकू और तमंचा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने कड़ी पूछताछ के बाद दोनों बदमाशों का चालान कर जेल भेज दिया।

## देवर ने भाभी के साथ किया दुष्कर्म

**मोरना।** पति की अनुपस्थिति मे देवर ने भाभी को अकेला देख तमंचे के बल पर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है।पीड़िता ने ससुराल जनो पर जानलेवा हमला करने साथ ही पति पर तीन तलाक देने के भी गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग पुलिस से की है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने बताया की उसके पति अक्सर घर से बाहर रह कर कार्य करते हैं। उसके तीन पुत्रीयां हैं। पुत्र न होने का ताना ससुरालजन देते रहते हैं।बुधवार की शाम जब पीड़िता घर मे अकेली थी। उसका देवर वहां आया ओर तमंचे के बल पर जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।उसने ससुरालजनो से यह बात बताई तो उन्होंने मारपीट की।घटना की सूचना पीड़िता ने अपने मायका मे दी जिस पर वहां पहुंचे मायका पक्ष के सामने ही पति ने पीड़िता को तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पुलिस से की है।

## डोर-टू डोर की फार्मर रजिस्ट्री

**जानसठ।** शासन के निर्देशन के क्रम मे फार्मर रजिस्ट्री कार्यक्रम तेजी पर चल रहा है, प्रत्येक किसान को फार्मर्स रजिस्ट्री से जोड़ने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है,तथा डोर टू डोर किसानो को जागरुक कर जोड़ा जा रहा है।

गुरुवार को एसडीएम सुबोध कुमार के द्वारा गांव गांव बैठक कर किसानों को जागरूक किया जा रहा है तो वही जानसठ तहसीलदार सतीश चंद्र बघेल ने स्वयं राजस्व टीम को साथ लेकर डोर टू डोर किसानो से मिले तथा जागरूक कर फार्मर रजिस्ट्री कराई। तहसीलदार सतीश चंद्र बघेल ने कहा है, कि जिन किसानों के पास फार्मर रजिस्ट्री यूनिक आईडी होगी उन्हें शासन के लाभ पूरी तरह मिल पाएंगे। एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार ने बताया फार्मर रजिस्ट्री 28 फरवरी तक होगी शिविर के माध्यम से गांव-गांव शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है ।

# कैंपस प्लेसमेंट में 32 छात्रों का चयन



**मुजफ्फरनगर।** श्री राम ग्रुप आपु कालेज में में कैंपस प्लेसमेंट के लिए आई कंपनी महिन्द्रा आटोमोबाइल्स लिमिटेड ने विभिन्न विभाग बीटेक, बीसीए, बीबीए एवं बीकॉम आदि पाठक्रमों के 32 छात्र-छात्राओं का कैम्पस प्लेसमेंट किया। कंपनी प्रतिनिधी जीएम विनय त्यागी के साथ अन्य ने छात्रों का साक्षात्कार किया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के चीफ कोर्डिनेटर ने बताया कि कम्पनी ने छात्रों के चयन को दो चरण हुए। प्रथम चरण में टैक्निकल साक्षात्कार और दूसरे चरण में एचआर साक्षात्कार हुआ। प्रथम चरण में 97 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, इनमें से 69 छात्र दूसरे चरण साक्षात्कार में सम्मिलित हुए। कम्पनी ने अन्तिम रूप से 32 छात्रों का चयन किया। चयनित होने वालों को कालेज चेयरमैन डा. एससी कुलश्रेष्ठ ने उत्साहवर्धन किया।

### प्रेस वार्ता में मुरादाबाद से आए रफीकुज्जमा खान बोले....

# नशा मुक्त समाज की स्थापना में योगदान दें सब

**बुढ़ाना।** जमाअत ए इस्लामी हिंद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अभियान के सह संयोजक रफीकुज्जमा खान ने कहा कि नशा समाज के लिए अभिशाप है। वर्तमान समय में नशे के विभिन्न रुप जैसे भांग, शराब, ड्रग्स, गांजा आदि का उपयोग दिनों दिन बढ़ रहा है। खासकर शराब का उपयोग यूपी में हो रहा है और युवा पीढ़ी इसका शिकार हो रही है। अगर नशे को इस समाज में नहीं रोका गया तो आगे जाकर बहुत घातक परिणाम सामने आएंगे। सह संयोजक श्री खान बृहस्पतिवार को बुढाना कस्बे के मौहल्ला खटीकान कुआं में स्थित काजी अकलीम के आवास पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज में कई प्रकार की बुराईयां पनप रही हैं। जो हमारे सामाजिक जीवन को प्रभावित कर रही हैं। इनमें से नशे की बुराई सबसे गम्भीर है। इसके चलते अपराध,



स्वास्थ्य समस्याएं व आर्थिक तंगी जैसी कई अन्य समस्याएं भी जन्म ले रही हैं। नशे की लत समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा बनती जा रही है। जिसे जड़ से समाप्त करना जरुरी है। इसकी गम्भीरता को देखकर जमाअत नशा मुक्त समाज हमारा संकल्प शीर्षक के तहत नशा मुक्ति अभियान बीते 14 फरवरी से चलाए हुए है। ये मुहिम 23 फरवरी तक रहेगी। इसलिए सब लोग इस मुहिम का हिस्सा बनकर नशा मुक्त समाज की स्थापना में अपना योगदान दें। यहां नगराध्यक्ष शाहनवाज गोरी, सलीम सलमानी, काजी अकलीम, डाक्टर फिरोज, समीर सलमानी और हाफिज मुदस्सिर सहित अन्य कई कार्यकर्ताओं की भी मौजूदगी देखने को मिली।

## एनएसएस शिविर का आयोजन

**चरथावल।** नगर के चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज में एकदिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ कॉलेज के प्रबंधक राकेश वशिष्ठ ने किया। इस कार्यक्रम का संचालन यूनिट एक प्रभारी डॉक्टर गुलाब सिंह एवं यूनिट दो प्रभारी सुमित कुमार नागयान ने किया। इस कार्यक्रम में प्रबंधक राकेश वशिष्ठ ने सेवक सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि हमारे जीवन में सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है और हमेशा रहेगा इस कार्यक्रम में कॉलेज कार्यालय अधीक्षक सुखपाल सिंह,विनीत कुमार

कॉलेज प्रवक्ता पूजा शर्मा ,तरबिया अली,मधु पुंडीर ;षिपाल सिंह,सुनील पुंडीर, राशिद राणा, अशुंल अग्रवालआदि सभी का पूर्ण सहयोग रहा।

# प्रशांत पाल के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे सेना के जवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** कस्बा भोकरहेड़ी निवासी सशस्त्र सीमा बल के जवान प्रशांत पाल की बुधवार को सड़क दुर्घटना में दुखद मृत्यु हो गई थी। जवान की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर छा गई थी। बुधवार की देर शाम जवान का शुकतीर्थ स्थित शमशान घाट पर किया। गमजदा परिवार को सांत्वना देनेवालों का तांता लगा हुआ है।

सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट की ओर से परिजनों को शोक संदेश भेजा गया।

थाना भोपा क्षेत्र के कस्बा भोकरहेडी के मौहल्ला कुआंपटी निवासी सतपाल का 28 वर्षीय पुत्र प्रशांत पाल 2021 में सशस्त्र सीमा बल में सैनिक के रूप में भर्ती हुआ था। वर्तमान में प्रशांत की तैनाती लखीमपुर जनपद के पलिया में थी। आगामी 25 फरवरी को प्रशांत की बारात सरधना में जानी थी। बुधवार की दोपहर प्रशांत की भोकरहेडी बसेडा मार्ग पर सडक दुर्घटना में मौत हो गई थी।

गुरूवार को मुख्य आरक्षी सचिन कुमार और आरक्षी देवपाल जनपद लखीमपुर पलिया कलां से अपने कमांडेंट रविंद्र कुमार राजेश्वरी 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल का शोक पत्र लेकर परिजनों से मिले और मृतक जवान के पिता सत्यपाल सिंह, माता रोशनी देवी, भाई विशांत पाल, ताऊ सतवीर पाल, दादा मामचंद पाल और सुखवीर पाल से मिले और उनको ढाढस बंधाया। प्रशांत के परिवार को सांत्वना देने पहुंचे भाजपा के शुकतीर्थ मंडल अध्यक्ष अरुण पाल, पं. रामकुमार शर्मा, चौ. ब्रजवीर सिंह, रामपाल सिंह, जोगिंद्र पाल, रवि आर्य, डॉ. कर्णवीर सिंह, कंवरपाल, पूर्व सैनिक सुधीश कुमार, जयपाल सिंह, हरिप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जीवन का निर्णायक मोड़ हैं बोर्ड परीक्षाएं : डॉ. आदित्यवीर सिंह

**मोरना।** इंटर कॉलेज भोकरहेड़ी में विद्यालय के पुरातन छात्र हरियाणा उच्च शिक्षा सेवा से सेवानिवृत्त प्रो. डॉ. आदित्यवीर सिंह का विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य कैप्टन प्रवीण चौधरी, उप प्रधानाचार्य रामेश्वर राम सहित समस्त स्टाफ ने जोरदार स्वागत किया।

हरियाणा उच्च शिक्षा सेवा से सेवानिवृत्त प्रो. डॉ. आदित्यवीर सिंह ने बताया कि उन्होंने इंटर कॉलेज भोकरहेडी से कक्षा 6 सन 1966 में पास किया था। उसके बाद विभिन्न शिक्षण संस्थानों से होते हुए उन्होंने उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद हरियाणा राज्य में उच्च शिक्षा में अपनी सेवाएं दी। अपने पुरातन विद्यालय में आकर वह भाव विभोर हो गये। उन्होंने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप इंटरमीडिएट की परीक्षा को पूरी मेहनत से अच्छे नंबरों के साथ पास करें। यह आपके जीवन में निर्णायक मोड़ साबित होगी। आप अच्छे अंक के साथ पास होंगे तो आपको आगे अच्छा विद्यालय चयन करने में आसानी होगी। मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। आप पूरी मेहनत करें और अपने विषय को लिख लिख कर याद करें। आजकल छात्र लिखाई पर कम ध्यान देते हैं और जब परीक्षा आती है तब उनके हाथ दर्द करने लगते हैं। उन्होंने पुराने दिनों की यादों को साझा किया। प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष मनोज कुमार ने प्रोफेसर साहब के बारे में काफी बातें बताई। इस अवसर पर प्रबंधक डॉ. कर्णवीर सिंह, नीरू, आरती, नीतू, उत्तम मलिक, सुरेशचंद, नवनीत पांडे, पवन यादव, गोविंद वर्मा, सुनील कुमार, संजय ठाकुर, अमित राणा, कपिल कुमार आदि शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र उपस्थित रहे।

### शिवरात्री-रमजान पर्व शांतिपूर्ण मनाएं: सीओ



**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार को दोपहर के समय बुढाना कोतवाली परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में सीओ गजेंद्र पाल सिंह पहुंचे। जिसमें दोनों धर्मों के जिम्मेदार लोगों ने भाग लिया। जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को बुढाना कोतवाली परिसर में आगामी त्यौहार शिवरात्रि, रमजान, होली, माहे रमजान और ईद उल फितर को लेकर शांति समिति की बैठक सीओ गजेंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि आगामी हिंदू व मुस्लिम त्योहारों को सभी प्रेम सौहार्द के साथ मिलकर मनायें। त्यौहारी माहौल में किसी भी तरह की गलत अफवाह फैलाकर गडबड़ी फैलाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। ऐसा करने वाले व्यक्ति के साथ पुलिस सख्ती के साथ पेश आएगी। बैठक को संबोधित करते हुए सभासद गुलफाम खान ने कहा कि कस्बे और क्षेत्र का इतिहास रहा है कि कस्बे और क्षेत्र में दोनों समुदाय के लोग त्योहारों को आपसी भाईचारे और प्यार के साथ मनाते हैं और एक दूसरे के सुख-दुख में शामिल होते है। डाक्टर सुभाष चंद्र नसीरपुर ने बैठक में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बुढाना कस्बा हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल है। दोनों समुदाय के लोगों ने सीओ को प्रेम व सौहार्द के साथ सभी पर्वो को मनाने का आश्वासन दिया। शांति समिति की बैठक में नगर क्षेत्र से अन्य लोगों ने भी अपने विचारों को रखा। इस दौरान बैठक में सब इंस्पेक्टर राकेश यादव सहित दोनों समुदाय के कई दर्जनों लोगों की भी उपस्थिति देखने को मिली।

# 24 साल से फरार दस हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खतौली।** खतौली पुलिस ने सालों से फरार चल रहे एक शातिर फरार बदमाश को गिरफ्तार कर कड़ी पूछताछ के बाद उसका चालान कर जेल भेज दिया। उक्त बदमाश लगभग 24 साल से फरार चल रहा था जिसपर दस हजार का इनाम भी था।

गुरुवार को खतौली पुलिस ने नगर में शातिर अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसएसपी अभिषेक के आदेश के बाद चलाए गए अभियान में सीओ रामाआशीष निर्देशन और कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 24 साल से गम्भीर धाराओं में में फरार चल रहे शातिर अपराधी और दस हजार के इनामी बदमाश रमेश पुत्र पिरथी निवासी नवीनगर खानजहापुर थाना खतौली मु0नगर हाल पता निराला नई दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ करने के बाद जानकारी देते हुए बताया कि उक्त पकड़े गए बदमाश के खिलाफ 2001 में उसके खिलाफ खतौली कोतवाली पर घर मे घुसकर मारपीट करने, जानसे मारने की धमकी देने और गाली गलौच करने का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद उक्त आरोपी की जमानत हो गई थी लेकिन उसके बाद वह आज तक कोर्ट में हाजिर नही हुआ और अपने को छिपाने के लिए दिल्ली में रह रहा था। जिसे पुलिस टीम कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा,

उ0नि0 नन्द किशोर शर्मा, है0का0 641 मुनीश शर्मा, का0 1336 सौबीर तेवतिया, का0 63 निरोत्तम सिंह ने दिल्ली से उक्त अपराधी को गिरफ्तार कर कड़ी पूछताछ के बाद उसका चालान कर जेल भेज दिया।

# श्रीराम कॉलेज भारतीय संस्कृति को कर रहा कलंकित: मनीष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी के नेतृत्व में गुरूवार को श्रीराम कॉलेज परिसर में भारतीय संस्ख्रति और युवा पीढ़ी को बचाने के लिए धरना देकर बेमियादी आंदोलन शुरू करने की चेतावनी भी दी गई। इससे पहले सवेरे कॉलेज परिसर में जुटे लोगों ने 11 पंडितों के साथ श्री हनुमान चालीसा का पाठ कर कॉलेज के दूषित वातावरण और कॉलेज प्रबंधन व प्रशासन के लोगों की अश्लील मानसिकता का शुद्धिकरण के लिए प्रार्थना भी की और प्रशासन से इसमें समाज की भावना और रोष को देखते हुए कार्यवाही करने की मांग भी उठी।

,मनीष चौधरी ने कहा कि श्रीराम कॉलेज को नृत्य के नाम पर अश्ल.



ीलता और नग्नता के लिए समाज से माफी मांगनी चाहिए, शिक्षा विभाग और प्रशासन इसमें संज्ञान लेकर कार्य करे, नहीं तो यह आंदोलन और भी बड़ा किया जायेगा। प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से केपी चौधरी, , भारतवीर सिंह, गुरदास सिंह, चौ. किरणपाल सिंह, जयेदव पंवार, प्रमोद कुमार खेडी, जयवीर बालियान, पुष्पेन्द्र विश्नोई, शैलेन्द्र मलिक, आदित्य राणा, रामबीर सिंह राणा, योगेन्द्र कुमार पंडित बृजेश दुबे, विनेश दूबे, रामचरण सिंह सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण लोग और युवा मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**मंसूरपुर।** देर रात थाना क्षेत्र के गांव लच्छेडा निवासी करीब 20 वर्षीय छोटू उर्फ छोटा पुत्र रमेश अपने साथी मोनू निवासी खानुपुर के साथ बाइक पर सवार होकर मुजफ्फरनगर की ओर जा रहा था। जब वह थाने क्षेत्र के हाईवे पर घासीपुरा के समीप पहुंचा तो अज्ञात वाहन से उसकी बाइक की भिड़ंत हो गई।जिसमें छोटू की मौके पर ही मौत हो गई तथा मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छोटू तथा मोनू को बेगराजपुर मेडिकल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में युवक की मौत से परिवार में बुरी तरह कोहराम मच गया।

# आसपाकां को मजबूत करने का लिया संकल्प

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार के दिन कस्बा बुढाना में कांधला रोड पर बुढाना ब्लाक के बाहर स्थित आजाद समाज पार्टी कांशीराम के कार्यालय पर एक आवश्यक बैठक का सफल आयोजन किया गया।

जिसमें आजाद समाज पार्टी कांशीराम मुजफ्फरनगर के जिला संगठन मंत्री अफजाल सिद्दीकी उर्फ विक्की, विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के उपाध्यक्ष शेखर कुमार, बुढाना विधानसभा क्षेत्र के सचिव नीतीश कुमार, विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के सचिव जयपाल सिंह गढमलपुर सागड़ी, बुढाना विधानसभा क्षेत्र के सचिव राजपाल सिंह एवं बुढाना विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी संतलाल सागर के द्वारा संयुक्त रूप से आजाद समाज पार्टी कांशीराम मुजफ्फरनगर के जिला प्रभारी विकास अंबेडकर से फोन



पर बातचीत कर कार्यालय पर उपस्थित सभी के नेतृत्व में हाजी फरमान अली भनेड़ा को आजाद समाज पार्टी कांशीराम की सदस्यता ग्रहण कराई गई। हाजी फरमान अली ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और अपने क्षेत्र से पार्टी संगठन को मजबूत कर नेता चंद्रशेखर आजाद को मजबूत करने का संकल्प लिया। यहां पर विधानसभा सचिव नीतीश कुमार, विधानसभा सचिव राजपाल सिंह, पूर्व विधानसभा प्रभारी संतलाल सागर और नौशाद अहमद इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# कूकड़ा में अवैध कॉलोनियों पर एमडीए का शिंकजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के कुकड़ा में प्रशासन ने अवैध कॉलोनियों पर सख्त कार्रवाई की है। एमडीए यानी मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण विभाग द्वारा बिना मानचित्र के काटी जा रही चार कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाया गया। अवैध निर्माण और भू-माफियाओं द्वारा की जा रही प्लाटिंग को ध्वस्त करने के लिए प्रशासन ने ये सख्त कदम उठाया।

एमडीए विभाग की इस कार्रवाई में लगभग 40 से 50 बीघा भूमि पर अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया।

एमडीए के मुताबिक, भू माफियाओं द्वारा बिना मानचित्र के कालोनियां काटी जा रही थीं, जिससे आमजन और शहर की योजना को खतरा हो रहा था। इस अवैध प्लाटिंग को रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है।एमडीए विभाग ने चार अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाकर साफ संदेश दिया है कि अवैध निर्माणों पर किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी। इस कार्रवाई से भू माफियाओं और अवैध प्लाटिंग करने वालों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि भविष्य में भी ऐसे अवैध निर्माणों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।शहर के नई मंडी क्षेत्र के कुकड़ा में चल रही अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर प्रशासन ने भू-माफियाओं की कमर तोड़ने का काम किया है। इस कार्रवाई से आमजन में प्रशासन की सख्ती का संदेश गया है और लोगों में अवैध निर्माणों को लेकर जागरूकता भी बढ़ी है।एमडीए के मुताबिक, भू स्वामियों को पहले ही इस संबंध में नोटिस दे दिए गए थे कि बिना नक्शा पास कराए गए इन अवैध निर्माण को समय रहते गिरा दिया जाए, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया, जिसके बाद नियमानुसार चालानी कार्रवाई के साथ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

## कार सवार लोगों ने युवक को शस्त्र की बट मारकर किया घायल

**बुढ़ाना।** डीएवी रोड पर शराब पीकर एक कार में सवार युवकों ने अन्य एक युवक को अवैध शस्त्र की बट मारकर घायल कर दिया। तब शोर शराबा होने पर घायल युवक ने आते जाते लोगों की सहायता से एक आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।घ्छ बुढाना पुलिस आरोपी से उसके फरार साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है। घायल युवक ने आरोपियो के खिलाफ बुढाना कोतवाली में तहरीर भी दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घायल युवक का कहना था कि आरोपियों ने उनके साथ क्यों मारपीट की इसका उसको भी पता नहीं है। ये सभी आरोपी एक थार कार में सवार थे। जो कि अवैध पिस्टल भी लिए हुए थे। आरोपी शराब के नशे में तेज रफ्तार कार में बैठकर घूम रहे थे। ये शायद रईसजादे थे जो अपना प्रभाव स्थापित करने के उद्देश्य से इस तरह की हरकतें कर रहे हैं। ये लोग कारों में अवैध रूप से हूटर लगाकर कस्बे का चक्कर काट रहे हैं।

# चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कलांगन सेवा ट्रस्ट द्वारा डॉ पीसी बरूआ आर्ट गैलरी डीएवी डीग्री कॉलेज में आयोजित भव्य चित्र प्रदर्शनी में दूसरे दिन भी अनेकों दर्शक प्रदर्शनी का अवलोकन करते रहे। एसडी मैनेजमेंट के बीएफए डिपार्टमेंट के प्रोफेसर सुनील कुमार द्वारा चारकोल में निर्मित मूर्तिकार राम वी सुतार के व्यक्ति चित्र दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने रहे माना वे दशकों से बात करने के लिए आतुर हो रहे हो। हिमाचल से आए हिमांशु पाल व आदित्य सैनी के एक्रेलिक माध्यम में बने चित्र सभी दर्शकों को अत्यंत प्रिय लगे। डी ए वी डिग्री कॉलेज के कला विषय के छात्रों द्वारा भी विभिन्न माध्यमों जैसे मिक्स मीडिया, पेंसिल, चारकोल, एक्रेलिक एवं तेल आदि में बनाए गए चित्र दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। जय हिंद इंटर कॉलेज के कला प्रवक्ता जगेश्वर दास के द्वारा निर्मित गौतम बुद्ध का चित्र भी अद्भुत प्रतीत हो रहा है। कलांगन के डायरेक्टर महावीर सिंह जी ने बताया की प्रदर्शनी अभी और चलेगी।

# गन्ना बीज बदलाव जागरुकता रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गुरुवार को बजाज चीनी मिल भसाना परिक्षेत्र से सम्बन्धित गांवों में बसंतकालीन गन्ना बुवाई एवं गन्ना बीज बदलाव जागरूकता रैली को इकाई प्रमुख चन्द्रवीर सिंह, वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना ललित तोमर, सहायक महा प्रबन्धक गन्ना डाक्टर विकास बालियान, कारखाना प्रबंधक जितेन्द्र जैन, सहायक महा प्रबन्धक क्वालिटी कंट्रोल बिजेन्द्र कुमार, वरिष्ठ प्रबन्धक गन्ना सुनील मलिक और अपर प्रबन्धक गन्ना अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली दल द्वारा चीनी मिल परिक्षेत्र के गांवों में जाकर बंसतकालीन गन्ना बुवाई एवं चीनी मिल द्वारा चलाई जा रही आकर्षक एवं लाभकारी योजनाओं के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम के तहत मिल परिक्षेत्र





के गांव भसाना, गांव मदीनपुर खिजरपुर, गांव शाहडब्बर, गांव उमरपुर, गांव टाण्डा माजरा, गांव वैल्ली, गांव बसी खुर्द और गांव अलीपुर अटेरना आदि गांवों में जाकर किसानों से गन्ना बीज बदलाव की अपील करते हुए बसंत कालीन गन्ना बुवाई में गन्ना प्रजाति को 00118, को लख 14201, को 15023, को 98014 एवं कोशा 13235 की अधिक से अधिक बुवाई करने के लिए जागरूक किया गया और साथ ही किसानों को जागरूक किया गया कि प्रतिबंधित एवं अनुमानित गन्ना प्रजातियों की बुवाई कदापि न करें। चीनी मिल द्वारा उपरोक्त प्रजातियों का बीज उपलब्ध कराया जा रहा हैं। उक्त रैली में गन्ना विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया गया।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दुकान से हुई चोरी की घटना का अनावरण

## चोरी के 40 कट्टे सीमेंट, ऑटो व्हीकल के साथ दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम झाल के गेट के सामने स्थित रोड़ी,डस्ट की दुकान से हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 2 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किए हुए 40 कट्टे सीमेन्ट व चोरी की घटना में प्रयुक्त आटो बरामद किया है।

अंकुर मलिक पुत्र हरेन्द्र मलिक निवासी ग्राम भिक्का माजरा थाना बाबरी जनपद शामली की रोडी,डस्ट की दुकान मेरठ करनाल रोड़ ग्राम झाल गेट के सामने स्थित है । 19.2. 25 को दुकान से सीमेन्ट के कट्टे व नगदी चोरी के सम्बन्ध में अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर लिखित तहरीर दाखिल की गई थीी पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन चैकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम झाल के गेट के सामने स्थित रोड़ी, डस्ट की दुकान से हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किए हुए 40 कट्टे सीमेन्ट व चोरी की घटना में प्रयुक्त आटो सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की हैं इसके अतिरिक्त अभियुक्तगणों की निशादेही पर अलग अलग स्थान से ट्रांसफार्मर ऑयल व उपकरण चोरी की घटना से सम्बन्धित उपकरण भी बरामद हुए है ।गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । अभियुक्तगण ने बताया कि हम ने कुछ दिन पहले ग्राम झाल गेट के पास एक सीमेन्ट की दुकान से सीमेन्ट के 40 भरे हुए कट्टे उस दुकान की छत की पत्थर की सिल्ली हटाकर चोरी किए थे जिन्हे हम अपनी गाडी में लादकर चोरी कर ले गए थी इसके अतिरिक्त अभियुक्तगणों द्वारा अलग अलग स्थान से ट्रांसफार्मर ऑयल व उपकरण चोरी की घटना करना स्वीकार किया गया है।

अभियुक्तगणों की निशादेही पर अलग अलग स्थान से ट्रांसफार्मर ऑयल व उपकरण चोरी की घटना से सम्बन्धित उपकरण भी बरामद हुए है। अभियुक्तगण द्वारा अपने अर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु उपरोक्त घटना घटित की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तगण 1. रहीस पुत्र सद्दीक निवासी मौहल्ला पुलपार कस्बा व थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर, 2. इसरार पुत्र फरजन्दा निवासी मौहल्ला सफीपुर पट्टी कस्बा व थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर हैं।



ऊन। तहसील में अपना मांगपत्र लेकर पहुंचे अधिवक्ता। छाया शाह टाइम्स

### मेगा कैंप का आयोजन

**शामली।** कांधला क्षेत्र के ग्राम पंचायत मीमला में शुक्रवार को मत्स्य विभाग द्वारा ग्राम सचिवालय में एक मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। ग्राम प्रधान विनय चौहान व उनके सहयोगी राजेश कश्यप ने बताया कि 21 फरवरी सवेरे 11 बजे से शाम 4 बजे तक मत्स्य विभाग द्वारा ग्राम सचिवालय में एक मेगा कैंप होगा, जिसमें मत्स्य विभाग की नवीन योजनाओं, प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजनान्तर्गत एनएफडीपी पोर्टल पर मत्स्य किसानों का पंजीकरण कराया जाए।

# अधिवक्ताओं का तहसील में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील बार एसोसिएशन द्वारा भारत सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन के विरोध में तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन किया तथा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौंपा गया। भारत सरकार द्वारा अधिवक्ता अधि. नियम में संशोधन करने की तैयारी की जा रही है इसके विरोध में अधिवक्ताओं ने तहसील मे प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं का आरोप है कि भारत सरकार अधिवक्ता अधि. नियम में जो संशोधन करने की तैयारी कर रही है वह अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता पर एक कुठाराघात है अधिवक्ता संशोधन बिल लाकर सरकार वकीलों के संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है अधिवक्ता न्याय का स्तंभ होता है यदि स्तंभ तोड़ दिया गया तो पूरा ढांचा ध्वस्त हो जाएगा इसलिए तहसील बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ताओं ने संशोधन बिल का पूर्ण विरोध किया है उसके बाद अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को संबो. धित ज्ञापन उप जिला अधिकारी निधि भारद्वाज को सोपा गया ।ज्ञापन देने वालों में अमित सरोहा, जुनैद, नवीन सरोहा, सतीश कुमार,सुरेंद्र सिंह, जसवीर सौदाई, अमित, तसव्वर अली,शादाब आदि शामिल रहे।

## PNB में आधार सीडिंग न होने से ग्राहक परेशान, बैंक कर्मियों पर दुर्व्यवहार का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पंजाब नेशनल बैंक चौसाना में ग्राहकों के बैंक खातों से आधार सीडिंग द्धछच्ब्ष् लिंकिंगत्रू न होने के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग पिछले तीन महीनों से बैंक के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। इस समस्या के चलते उन्हें सरकारी योजनाओं की सब्सिडी और अन्य बैंकिंग सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। महबूब पुत्र बशीर, कौसर पुत्र चिन्ना, इसरार पुत्र महबूब और निसार पुत्र इलियास का आरोप है कि बैंक कर्मी ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं और उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेते। ग्राहकों का कहना है कि बैंक जाने पर कभी तकनीकी खराबी का बहाना बनाया जाता है, तो कभी प्रक्रिया में देरी का हवाला देकर उन्हें टाल दिया जाता है। स्थानीय लोगों ने बैंक प्रबंधन से मांग की है कि जल्द से जल्द आधार सीडिंग की प्रक्रिया पूरी की जाए और बैंक कर्मियों के व्यवहार में सुधार लाया जाए, ताकि ग्राहकों को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके और वे बैंकिंग सेवाओं का सुचारू रूप से लाभ उठा सके।

# छह गांव हुए टीबी मुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** ब्लॉक के 6 गांव को टीबी मुक्त घोषित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी गई थी इसके बाद जिला स्तरीय टीम द्वारा जांच की गई जांच में सभी 6 गांव मानक के अनुसार टीबी मुक्त होने योग्य पाए गए इसके बाद सभी गांव को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। ब्लॉक के 6 गांव जिनमे ढिंढाली, तिसंग, ताना,दथेडा, खेड़ा भाऊ व भंभेडी शाहपुर शामिल है को वर्ष 2024 में टीबी मुक्त घोषित करने के लिए रिपोर्ट भेजी गई थी।

इसके बाद बृहस्पतिवार को जिला स्तरीय टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आकर जांच की जांच में गांव ढिंढाली की जनसंख्या 2458 में से 92 मरीजों की जांच की इन में से दो मरीज धनात्मक, गांव तिसंग में 1980 जनसंख्या में से 80 मरीजों की जांच की जिनमें से एक मरीज धनात्मक, गांव ताना में 2024 की जनसंख्या में से 175 मरीजों की जांच की जिसमें से चार मरीज धनात्मक ,गांव दथेडा में 3775 जनसंख्या में से 117 मरीजों की जांच की जिसमें से तीन मरीज धनात्मक, गांव खेड़ा भाऊ में 2217 जनसंख्या में से 76 मरीजों की जांच की इन में से दो मरीज धनात्मक तथा गांव भंभेडी शाहपुर में 2827 जनसंख्या के सापेक्ष 97 मरीजों की जांच की जिसमें से एक मरीज धनात्मक पाया गया जो टीबी मुक्त होने के लिए निर्धारित मानक को पूरा करता है। इसके बाद जिला स्तरीय टीम द्वारा सभी गांव को टीबी मुक्त घोषित करने के लिए प्रमाण पत्र दिया गया । टीम में अजय संगल मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर राजीव उपाध्याय, डीडीपीआरओ, ब्लॉक के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तरुण चौधरी समेत करीब आधा दर्जन कर्मचारी मौजूद रहे। इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर तरुण चौधरी ने बताया कि पिछले वर्ष गांव में टीबी के मरीजों की जांच की गई थी जिसकी रिपोर्ट जिले पर भेजी गई थी रिपोर्ट के आधार पर सभी मरीजो के सैंपल लेकर एक बार पुन जांच की गई जिसमें सभी गांव टीबी मुक्त होने योग्य पाए गए।

### दो आरोपियों को चाकू सहित किया गिरफ्तार

**कैराना।** नगर के बाईपास पर उपनिरीक्षक यशवीर सिंह राणा पुलिस टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाए हुए थे। इस दौरान दो व्यक्ति पुलिस टीम को संदिग्ध प्रतीत हुए। तलाशी लेने पर दोनों व्यक्तियों से अलग अलग चाकू बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में दोनों युवकों ने अपना नाम व पता मनव्वर पुत्र नकीम निवासी ग्राम गन्दराऊ व हनीफ पुत्र मिल्ला निवासी मौहल्ला आर्यपुरी कैराना बताया गया।

# डीएम ने ली सैनिक बंधुओं की बैठक

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जिलाधिक. ारी ने भूतपूर्व सैनिकों की शिकायतों को सुनते हुए उनकी समस्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के कड़े निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। बैठक में सैनिक बन्धु द्वारा मुख्य रूप से भूमि संबंधी व अन्य विभागों से संबंधित शिकायते बताई गई। बैठक में जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा और कोई भी भूतपूर्व सैनिक किसी भी समय अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिल सकते हैं।इस अवसर पर कर्नल अजय सिंह जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने विभिन्न कल्याण योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव,क्षेत्राधिकारी शामली,जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सहित सैनिक बन्धु आदि मौजूद रहे।



शामली। बैठक लेते डीएम। छाया शाह टाइम्स



शामली। बैठक में मौजूद अधीनस्थ अधिकारीगण। छाया शाह टाइम्स

### लूट के प्रयास व जान से मारने की धमकी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना के एक व्यापारी मंगलवार को ऊन जा रहा था। तभी पीछे से दूसरी कार ने पीछ करते हुए कार को ओवरटेक करके रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि मंशा को भांपकर पीडित व्यापारी ने कार को दौडा दिया और अपनी कार को तहसील परिसर मे घूसा दिया। जिससे लूट की घटना होने से बच गई।

आरोप है कि आरोपी व्यक्ति की लूट की घटना को कारित करने वाले थे। पीडित ने कुछ लोगो पर आरोप लगाते हुए शिकायत की है। वही दूसरी ओर माना जा रहा है कि जमीन खरीद के बाद दोनो पक्षो के मध्य विवाद हुआ। आरोपी पक्ष रंजिश रखते हुए पीडित को डराने व धमकी देने पर लगा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**झिंझाना।** दो दिन पूर्व कैराना रोड पर दो बाईकों की भिड़ंत में घायल हुए चंदनपुरी निवासी यूनुस की एम्स में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था।

कस्बे के निकट चंदनपुरी निवासी यूनुस पुत्र रसीद 43 वर्ष 18 फरवरी को बागपत में अपने परिचितों के यहां भात देकर वापस आ रहा था। मृतक के भतीजे साबीर ने बताया कि वह बाइक द्वारा घर वापिस आ रहा था, जिस समय वह कैराना रोड गांव गोगवान के निकट पहुंचा तो सामने से आ रही बाइक में उसकी बाइक को भिड़ंत हो गई, जिससे बाइक पर सवार यूनुस सहित उसका साथी मो. मिन पुत्र मुदा निवासी चंदनपुरी भी घायल हो गया। दोनों घायलों को गंभीर हालत के चलते रेफर कर दिया था।

परिजनों ने दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया जहां पर उपचार के दौरान बृहस्पतिवार को घायल यूनुस की मौत हो गई। मौत की खबर से परि. जनों में कोहराम मच गया। बृहस्पतिवार की देर शाम मृतक का शव चंदनपुरी में आया तो हर किसी की आंखें नम हो गई। कुछ देर बाद शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया। मृतक यूनुस परिवार में अकेला कमाने वाला था तथा मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण कर रहा था। वह अपने पीछे पत्नी सहित एक पुत्र तथा साथ पुत्री को रोता भी लगता छोड़ गया है।

# ग्रीन टेंपल बनाने की पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** आईटीसी मिशन सुनहरा कल व ब्रांड एंबेसडर के सहयोग से शामली में ग्रीन टेंपल बनाने की पहल की गई है। गुरूवार को सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदेश कुमार सैनी व ब्रांड एंबेसडर स्वच्छ भारत मिशन बीना अग्रवाल, आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अर्बन कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार एवं सफाई नायक अनुज चावला ने वार्ड-5 शिवगंज मंडी, कमला कॉलोनी में सरकारी अस्पताल स्थित कैंपस कॉलोनी में ग्रीन टेंपल बनाने की पहल की गई है। कार्यक्रम के तहत वार्ड स्तर पर ही कचरे का प्रबंधन कैसे किया जाए, नजदीक से नजदीक इकाई पर कचरे का प्रबंधन कैसे करे आदि की जानकारी दी गई। इसके लिए गीले कचरे से घर पर जैविक खाद तैयार की जाए एवं सूखा कचरा एमआरएफ सेंटर पर भेजा जाए। आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अर्बन कॉर्डिनेटर द्वारा कैंपस कॉलोनी की महिलाओं को होम कंपोस्टिंग का प्रशिक्षण दिया गया एवं उनके गार्डन का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही आईटीसी मिशन सुनहरा कल व नगर पालिका परिषद शामली के द्वारा ग्रीन टेंपल बनाने की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम के दौरान कैंपस कॉलोनी से प्रिया भट्ट, उमाशंकर भट्ट मौजूद रहे।

## एक नजर

### सौ केवी के जोड़े से ट्रांसफार्मर चोरी के मामले में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** अवर अभियंता संजय राणा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह आल्दी बिजली घर पर तैनात है। गुरूवार की सुबह उन्हें फोन के माध्यम से सूचना मिली कि गांव के नीटू पुत्र मांगेराम के खेत में जोडे पर रखा 100 केवी का ट्रांसफॉर्मर चोरी हो गया है। सूचना पर उन्होंने मौके पर जाकर जांच की तो पाया कि ट्रांसफॉर्मर जोडे से 20 मीटर की दूरी पर पडा था। जहां पर उसे खोलकर उसके अंदर से तेल आदि निकाल लिया गया था। घटना स्थल से तेल के निशान पास में चल रहे एक कोल्हू तक जा रहे थे। कोल्हू पर जाकर देखा तो पाया कि कोल्हू की भट्टी पर ट्रांसफॉर्मर का तेल व पत्तियां जलाई हुई है। अवर अभियंता ने कोल्हू के ठेकेदार ताहीर व सरफराज पुत्र इस्लामुदीन निवासी गांव रामडा शामली के खिलाफ तहरीर देते हुए लगभग दो लाख रूपये का नुकसान होना बताते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत करने करने का आश्वासन दिया है।

### मनुष्य का अभिमान व्यर्थ है: उपेंद्र मुनि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** गुरूवार को धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए पंडित रत्न शास्त्री उपेन्द्र मुनि जी ने कहा कि जब तुम्हारे जाने की बारी आएगी। तब तुम जिस प्राण प्यारी पत्नी पर गर्व करते हो, वह मृत्यु के समय विलाप करती हुई एक कोने में बैठी रहेगी। तेरे ऊपर अत्यन्त स्नेह रखने वाली माता भी घर के बाहर केवल दरवाजे तक पहुंचाने आएगी तथा स्वजन परिजन मित्रजन केवल शमशान तक ही साथ आएगें। इससे आगे नहीं और जिस शरीर से तुम्हारा निकट का सम्बन्ध है, वह भी शमशान में जलकर राख हो जाएगा। सब वस्तुओं से छूटकर असहाय बनकर अकेला ही जाना है। स्त्री का स्वार्थ संसारमय है, जो स्त्री हावभाव विलास करके मनोकामना पूरी करती है। यह सब किसलिए मालूम है, यह एक दिखावटी स्वार्थमई प्रेम है। तुम जब तक उसके मुंह मांगी वस्तुएं, वस्त्र आभूषण आदि लाकर देते रहोगे तब तक उसका प्यान बना रहेगा तथा स्वार्थ सिद्ध होने के बाद उसके प्यार का अंत हो जाएगा। मृत्यु के बाद पत्नी एक मिनट को भी आश्रय देने वाली नही है। जहां तक मित्रों की बात है, तुम जिन मित्रों को अपार सम्पत्ति, उत्तम हार और उपहार देकर प्रसन्न किया है। जिनके साथ बहुत गाढा और निकट का संबंध रहा है वो मित्र अंत समय की बीमारी में बिल्कुल पास बैठे हुए भी तेरे दुख को अपने ऊपर लेकर क्या तेरी कुछ सहायता कर सकेंगे या परभव जाते हुए साथ चल सकेंगे, कदापि नहीं। जीवन का अंत तो मित्रों की मैत्री का भी अंत आ जाएगा। तू निश्चय रख तुझे अंत समय अकेला ही जाना होगा। मृत्यु के महामार्ग पर कदम बढाते सममय तुम अकेले ही होगें और तुम्हारे चारों तरफ शमशान होगा। जब तुम्हारा जन्म हुआ तब तुम्हारे पास पहनने के लिए कपडे, खर्च करने के लिए धन , खाने को अनाज, सेवा करने को नौकर और शरीर का बल इनमें से कौन सी चीज साथ में लेकर आए थें। खाली हाथ भी शरीर की बंद मुठ्ठी ही तो आना हुआ था। परन्त मृत्यु के समय तो हाथ खुले रहते है जो तुम्हें ही नहीं अपितु सारे संसार को सूचित करते है, यहां का मिला, यही पर पडा रहा ओर खाली हाथ जाना पडता है। मेहनत की बहुत कुछ मिला परंतु हाथ में कुछ ना रहा। अमीर भी मरते है और गरीब भी मरते है, ना अपने साथ अमीर कुछ लेकर जा सकता है और ना ही गरीब। यह निश्चित है कि जीव अकेला आया और अकेला ही जाएगा। इस दौरान धर्म सभा में सैकडों श्रावक व श्राविकाएं मौजूद रहे।

### दो बच्चों सहित महिला घर से हुई लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति की पत्नी घर से दो बच्चों को लेकर संदिग्ध परिस्थितियों में कहीं लापता हो गई पीड़ित पति ने थाने पहुंचकर गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई है पुलिस तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी निवासी दानिश ने बताया कि वह काम के सिलसिले में घर से बाहर गया हुआ था और उसकी मां दवाई लेने के लिए डॉक्टर के यहां गई हुई थी। घर पर उसकी पत्नी एवं दो बच्चे थे पीड़ित का कहना है कि उसकी पत्नी एवं दो बच्चों को लेकर कहीं चली गई। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसकी पत्नी एवं बच्चों का कहीं सुराग नहीं लग रहा है। पीड़ित ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने पहुंचकर अपनी पत्नी एवं बच्चों का हुलिया दर्ज कराते हुए गुमशुदगी की सूचना दी है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति को आश्वासन देते हुए लापता महिला एवं बच्चों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि पीड़ित व्यक्ति की तहरीर मिली है पुलिस महिला व बच्चों की तलाश कर रही है जल्दी बरामद कर लिया जाएगा।

### विभिन्न मामलों में दो को अर्थदंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वर्ष 2009 में अभियुक्त सोनू पुत्र महाबीर निवासी बल्ला माजरा थाना झिंझाना जनपद शामली के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेजेडी/जेएम कैराना द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 8,000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। 2. वर्ष 2009 में अभियुक्त काला पुत्र जयपाल निवासी दरगाहपुर थाना झिंझाना जनपद शामली के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेजेडी/जेएम कैराना द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 1,000/-रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

### मारपीट के आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी व्यक्ति के साथ दो दिन पूर्व हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध पीड़ित की तहरीर पर एनसीआर दर्ज की है पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी नसीम पुत्र शमशाद ने गत दिवस बुधवार को थाने पर तहरीर देकर बताया था कि पीड़ित पेड़ कटाई करने का कार्य करता है। आरोप है कि गांव की तीन व्यक्तियों ने पेड़ काटने के बहाने पीड़ित को फोन कर कस्बे में अपनी दुकान पर बुलाया था। और दोनों आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए लहू लूहान कर दिया था। पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी थी पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। गुरुवार को पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए गांव इस्लामपुर घसौली निवासी,संजय, दुगविजय,व आल्हा, पुत्र रमेश के विरुद्ध एनसीआर दर्ज करते हुए हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

# बारिश के साथ चली तेज हवा से बिछी फसल, किसान परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र में गुरुवार सुबह हुई बारिश किसानों के लिए राहत लेकर आई, लेकिन इसके साथ चली तेज हवा ने गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा दिया। जिन किसानों ने हाल ही में अपने खेतों में सिंचाई की थी, उनकी फसलें तेज हवा के कारण गिर गईं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में गिरे हुए गेहूं की फसल उत्पादन पर असर डाल सकती है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है।

किसानों के अनुसार, बारिश उनके लिए फायदेमंद थी, लेकिन तेज हवा ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। जिन खेतों में पहले से नमी थी, वहां फसलें कमजोर हो गईं और हवा के झोंकों से गिर पड़ीं। गिरी हुई फसल में दाने कमजोर पड़ सकते हैं और कटाई में भी परेशानी हो सकती है। इससे न केवल पैदावार घटेगी, बल्कि अनाज की गुणवत्ता पर भी असर पड़ सकता है।



चौसाना। गेहूं की बिछी हुई फसल पर अफसोस जताता युवक।

स्थानीय किसानों का कहना है कि गेहूं की फसल इस समय पकने की स्थिति में है, और ऐसे में मौसम की मार नुकसानदेह साबित हो सकती है। यदि आगे भी तेज हवाएं चलीं या बारिश जारी रही, तो फसल को और अधिक नुकसान होने की आशंका है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, गिरी हुई फसल में अगर पानी भर गया तो दानों में नमी बढ़ सकती है, जिससे फसल की गुणवत्ता खराब हो सकती है।

किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे जल्द से जल्द गिरे हुए गेहूं को संभालें और मौसम पर नजर बनाए रखें। अगर अगले कुछ दिनों तक मौसम साफ रहा, तो फसल को आंशिक रूप से बचाया जा सकता है।

### नाबालिग को ले जाने के मामले में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव निवासी नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में पीड़िता के परिजनों द्वारा नवंबर 24 को दो युवकों पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया था, जिसमे बृहस्पतिवार को साथनीय पुलिस द्वारा मामले में वांछित एक अभियुक्त विक्की पुत्र प्रमोद निवासी ग्राम शामली शामला थाना झिंझाना को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

# बार एसोसिएशन के अधिवक्ता कुंभ स्नान के लिए हुए रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** प्रयागराज कुंभ मेला व तीर्थ पर जाने के लिए न्यायालय परिसर से बस द्वारा अधिवक्ताओं का जत्था रवाना हुआ। बृहस्पतिवार को बार एसोसिएशन कैराना के अधिवक्तागण प्रयागराज में आयोजित कुंभ मेले में स्नान करने के लिए बस द्वारा रवाना हुए। महाकुंभ मेले में जहां पूरे विश्व से श्रद्धालु स्नान करने के लिए आ रहे हैं। वही बार एसोसिएशन कैराना के अध्यक्ष राम कुमार वशिष्ठ व महासचिव राज. कुमार चौहान के नेतृत्व में कैराना बार के अधिवक्ताओं का एक जत्था तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुआ। अधिवक्ता प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करेंगे। उसके उपरांत अयोध्या धाम और काशी विश्वनाथ के दर्शन करेंगे।जनपद न्यायाधीश शामली विकास कुमार के द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अधिवक्ता श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालओं को रवाना किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार पांडे,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मती सीमा,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट्रेक कोर्ट मती रितु नागर,अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रशांत कुमार,सिविल जज आशीष कंबोज,ईशा चौधरी,अंकित कुमार,अमर प्रसाद, शिवानी चौधरी,डीजीसी संजय चौहान एवं अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# डीएम-एसएसपी का परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत हाइस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा शुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न हो इसके लिए बृहस्पतिवार को जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने राजकीय कन्या इंटर कॉलेज नेहरू मार्किट एवं एसडी इंटर कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

उन्होंने विद्यालयों में बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर कक्षाओं में लगे सीसीटीवी कैमरे की पोजीशन को भी देखा। उन्होंने निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम, कक्षाओं एवं परिसर में साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाए। सीसीटीवी कैमरे को 24 घंटे संचालित रखने के लिए पर्याप्त पॉवर बैकअप की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए समस्त उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनपद में 24 फरवरी से 12 मार्च तक यूपी बोर्ड परीक्षाएं होनी हैं। जिले में 90 परीक्षा केंद्र बनाए गये हैं। हाईस्कूल में 37286 एवं इंटरमीडिएट 35287 परीक्षार्थी समेत कुल 72573 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठेंगे।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती रेखा, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय हर्ष देव स्वामी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## चोर दबोचा

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने प्राथमिक विद्यालय के ताले तोड़कर चोरी का अनावरण करते हुए एक चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई अलमारी बरामद की है।

ग्राम रामखेड़ी स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य निशांत शर्मा ने स्कूल के ताले तोड़कर प्लास्टिक की कुर्सियां व एक अलमारी चोरी हो जाने की तहरीर थाना फतेहपुर में दी थी तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर चोर को पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिए थे थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार द्वारा उपनिरीक्षक अनिल तेवतिया सौरभ यादव विजयपाल व धीरेन्द्र की टीम को घटना के खुलासे की जिम्मेदारी सौंपी थी जाँच में अनिल पुत्र रणदीप सुमित पुत्र लोहरी व मन्नू पुत्र नीटू निवासीगण गदरहेड़ी के नाम सामने आने पर उनकी तलाश शुरू की थी जिनमें से सुमित पुत्र लोहरी को चोरी की अलमारी सहित गिरफ्तार कर लिया।

# विद्युत बिल बकायादारों के काटे कनेक्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** विद्युत बकायेदार उपभोक्ताओं और विद्युत चोरी करने वालों के विरुद्ध बेहट एसडीओ ने पुलिस दल बल के साथ ग्रामीण इलाको में विद्युत बकायादारों के कनेक्शन काटे गए और कई लोगों के खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत कराया गया विभाग द्वारा की जारही कार्यवाही से ग्रामीणों में हड़कंप मचा।

अधीक्षण अभियंता रविन्द्र कुमार की आदेशानुसार बेहट विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता भीष्म कुमार के निर्देशन में एस डीओ हरीश कुमार तथा जेई जितेन्द्र कुमार भटनागर ने विद्युत कर्मचारियों तथा पुलिस बल के साथ गांव उसंड तथा दबकोरा मे विद्युत बकायादार उपभोक्ताओं एवं विधुत चोरों को रोकने के लिए संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया अचानक हुई विद्युत विभाग की छापेमारी से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। छापामारी कार्यवाही मे दर्जन भर से अधिक कई बकायादारों उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए तथा कई लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया उपखण्ड अधिकारी हरीश कुमार सैनी ने बताया कि चेकिंग के दौरान 91 विद्युत बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए है इस के अलावा धारा 138 बी में 17 और धारा 135 में एक विरुद्ध कानूनी लाइन पर कतिया डालकर चोरी छुपे बिजली चोरी से चलाने के आरोप मे मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। इन सभी के विरुद्ध प्रारंभिक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच अभियान के अंतर्गत 402 कनेक्शन चेक किए गए हैं इस के साथ ही उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है विधुत चोरी करना एक कानूनी अपराध है जो किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं किया जायेगा। अपना बकाया बिलो का समय पर जमा करे और सरकार द्वारा दी जारही छूट पाने के लिए नियत तिथि पर ओटीएस का लाभ उठाए।

# रमजान की अहमियत व फजीलत पर डाली रोशनी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे के मोहल्ला इंद्रा कालोनी में स्थित एक मदरसे में इजलास इस्तकबाल ए रमजान विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे उलेमाओं ने मुकद्दस माहे रमजान की अहमियत और फजीलत के बारे में बयान कर बताया गया।

कस्बे की उमर कालोनी में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मौलाना मशरूर नदवी की तिलावत से हुई। प्रोग्राम में बोलते हुए दारुल उलूम देवबंद के उस्ताद मौलाना तौहीद आलम कासमी, बुडिया यमुनानगर से तशरीफ लाए अल्हाज पीरजी हाफिज हुसैन अहमद, कारी सईद तिडफवी ने कहा कि हमे आने वाले माहे रमजान की कद्र करनी चाहिए क्योंकि यह रहमत और मगफिरत का महीना है। उन्होंने माहे रमजान की अहमियत और फजीलत बयान करते हुए नबी स. अ. व. की सुन्नतों पर अमल करते हुए जिंदगी गुजारने की अपील की। कार्यक्रम में बोलते हुए मौलाना अब्दुल रशीद मिर्जापुरी ने कहा कि माहे रमजान बरकतों का महीना है हमें इस महीने का एहतराम करने के साथ साथ अपना वक्त कलाम पाक की तिलावत करने और इबादत में लगाना चाहिए और हमें अपने बच्चों को मजहबी तालीम के साथ साथ दुनियावादी तालीम भी दिलवानी चाहिए तालीम ही तरक्की का रास्ता है जिस को हासिल करके हमें अपने समाज और मुल्क की खिदमत करनी चाहिए। मौलाना जाकिर नदवी, मौलाना निसार कासमी, मुफ्ती असजद, मौलाना असगर कघसमी, कारी मुमताज, काजी साजिद, मुफ्ती अबरार ने भी संबोधित किया। इस मौके पर सभासद मास्टर जमील, मौलाना सद्दाम हुसैन, मुफ्ती नफीस फैसल मिर्जा अहसान मौजूद रहे।

## छात्र छात्राओं को विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** हिन्दू राष्ट्रीय इण्टर कालेज में कक्षा 12 के छात्र छात्राओं के सम्मान में रंगारंग विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन उपरान्त छात्राओं बुशरा व मधु ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र छात्राओं के मध्य क्वीज व रेम्प वॉक प्रतियोगिता भी हुई। प्रधानाचार्य विजय कुमार ने बताया कि विद्यार्थी यदि अपना लक्ष्य निर्धारण करके एकाग्रता से आगे बढ़ें, तो ऐसी कोई मंजिल नहीं है जिसे वे प्राप्त नहीं कर सकते। अध्यापकों मैनपाल सिंह, धनन्जय प्रताप सिंह, के के.वर्मा, नाथी राम ने अपने छात्र जीवन से जुड़े संस्मरण सुनाये। संचालन वैष्णवी सहगल ने किया। समस्त विद्यालय स्टाफ का सहयोग रहा।

# स्थापना दिवस पर निकाली साईं पालकी यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** कस्बा छुटमलपुर की कॉलोनी संत नगर में स्थित साईं मंदिर में मूर्ति स्थापना दिवस के अवसर पर गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी चौदवें मूर्ति स्थापना एवं पालकी यात्रा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नगर के अनेक श्रद्धालु मंदिर परिसर में आरती में सम्मिलित हुए तत्पश्चात पालकी यात्रा का शुभारंभ विमल शर्मा ने परिवार सहित नारियल फोड़ कर किया जैसे ही संत नगर कॉलोनी के विभिन्न हिस्सों से पालकी यात्रा होकर गुजरी भक्ति में ओत-प्रोत महिलाओं ने ढोल की थाप पर नृत्य करके वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय कर दिया संत नगर निवासियों ने भी अपने घर के बाहर पालकी यात्रा आने पर यात्रा का स्वागत किया एवं साईं की पालकी पर पुष्प वर्षा की पालकी यात्रा के समापन के पश्चात मध्यान आरती हुई एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंदिर संस्थापक बबीता शर्मा संरक्षक महेश कुमार शर्मा पंकिल शर्मा अनिरुद्ध शर्मा राजकुमार डाबर सतपाल सैनी पत्रकार मोहित शर्मा एवं महिलाओं में मुख्य रूप से डोली रामलतेश, संयोगिता अंजू इत्यादि उपस्थित रहे।

# विद्यालय में एसडीएम ने जांची व्यवस्थाएं




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** कस्बे के कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय का गुरुवार को उप जिलाधिकारी नकुड़ संगीता राघव ने औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पठन-पाठन करने वाली छात्राओं से बातचीत की। उप जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान छात्राओं की उपस्थिति पंजिका, मिड डे मील रजिस्टर समेत विद्यालय से संबंधित अन्य रजिस्टरों का अवलोकन किया। वही उपजिलाधिकारी ने बताया यह एक रूटीन निरिक्षण था जिसमे विद्यालय में पठन-पाठन करने वाले छात्राओं से बातचीत की और उपस्थिति पंजिका, मिड डे मील रजिस्टर, विद्यालय से संबंधित अन्य रजिस्टरों का अवलोकन किया। इसके साथ ही उपजिलाधिकारी ने शौचालयो का निरिक्षण किया। उन्होंने विद्यालय प्रांगण में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की बात कही तथा स्कूल की व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आयी।

# मदरसे इस्लाम के मजबूत किले: मौलाना इब्राहिम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** हजरत मौलाना इब्राहिम ने कहा कि कुरआन अल्लाह की किताब है और मदरसे इस्लाम के मजबूत किले हैं और इल्म की रौशनी फैलाते हैं।

बाईपास रोड स्थित मदरसा जामिया मसीहुल उलूम में आयोजित इजलास में कुरआन हिफ्ज और नाजरा करने वाले तलबाओ की दस्तार बंदी की गई। गुजरात से आए मौलाना इब्राहिम ने कहा कि कुरआन अल्लाह की पाक किताब है और मदरसे इस्लाम के मजबूत किले हैं।यहाँ इल्म हासिल करने वाले तलबा कौम और देश के भले के लिए काम करते और दुनिया भर में इल्म की रोशनी फैलाते हैं।उन्होंने मुसलमानों को मदरसों के साथ जुड़ना चाहिए और अपने बच्चों की दीनी दुनियावी तालीम दिलानी चाहिए। हजरत मौलाना इलियास ने कहा कि कुरआन अमन और मुहब्बत का पैगाम देता है। मुसलमान का अखलाक ऐसा होना चाहिए कि उसकी जात से किसी को कोई तकलीफ न पहुँचे। हजरत मुफ्ती आरिफ मजाहिरी ने कहा कि कुरआन को पढ़ना और उस अमल करना। नबी की सुन्नतों पर अमल करना मुसलमान की खासियत होनी चाहिए। एकता और मुहब्बत का पैगाम देना चाहिए। गुनाहों से तौबा करते हुए मुल्क और समाज के भले के लिए काम करना चाहिए। मदरसा प्रबंधक हजरत कारी असजद ने मदरसे का रिपोर्ट कार्ड पेश किया और आगामी योजना के बारे में बताया। हजरत मौलाना इब्राहिम ने मुल्क व दुनिया भर में अमनो अमान की दुआ कराई। इस दौरान मौलाना शमशीर कासमी, मौलाना अब्दुल खालिक, मोहम्मद शहजाद, मोहम्मद इस्तखार, कारी महबूब, कारी अम्मार, असलम मलिक, सगीर अहमद, मंसूर, सरफराज, खुशनसीब, शाहनवाज, आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पठेड निवासी युवक का शव हरियाणा के रेलवे ट्रैक पर मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** पठेड गांव निवासी युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में हरियाणा के रेलवे ट्रैक पर पड़ा हुआ मिला है। संदिग्ध परिस्थितियों हुई युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने युवक की हत्या होने की आशंका जताई है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम बरथाकायस्थ पठेड निवासी वरुण मित्तल का 22 वर्षीय इकलौता पुत्र शुभम मित्तल हरियाणा में एक प्राइवेट बैक में नौकरी करता था। रोज शाम पांच बजे तक वह घर वापस आ जाता था। बुधवार शाम सात बजे तक भी जब शुभम घर नही लौटा तो परिजनो ने उसके मोबाईल पर काल की। उसका फोन कलानौर पुलिस ने रिसिव किया। पुलिस ने परिजनों को शुभम का शव हरियाणा के कलानौर स्थित रेलवे ट्रैक पर मिलने की सूचना दी। सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया तथा पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

परिजन आनन फानन में हरियाणा के कलानौर पहुंचे। परिजनों ने शव की पहचान गांव बरथाकायस्थ निवासी शुभम मित्तल के रूप में की। हरियाणा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने शुभम की हत्या किये जाने की आशंका जताई है। गुरुवार दोपहर बाद शुभम का शव गांव में पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया।

परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने मृतक युवक का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता लापता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता घर से लापता हो गई। लड़की पक्ष ने ससुराल पक्ष पर बेटी को गायब करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मौहल्ला पीपलतला निवासी अमीर अहमद ने बेटी के ससुरालियों पर बेटी को गायब करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में कहा गया है कि करीब 15 वर्ष पूर्व उसने अपनी बेटी नसरीन की शादी मोहल्ला कायस्थान निवासी अब्दुल वहीद के बेटे फैसल के साथ रीति रिवाज से की थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले नसरीन के साथ में आए दिन झगड़ते थे। जिसको लेकर कई बार पंचायत भी हुई।

करीब 2 माह से दोनों पति पत्नी किराए के मकान पर रह रहे थे। दोनों के चार बच्चे हैं। दो दिन पूर्व नसरीन संदिग्ध परिस्थितियों में घर से अचानक लापता हो गई।काफी तलाश करने के बाद भी जब नसरीन नही मिल सकी। उन्होंने ससुराल पक्ष पर अपनी बेटी को गायब करने का आरोप लगाया है। उधर अब्दुल वहीद ने भी अपने बेटे व बहु की गुमशुदगी थाने में दर्ज कराई है। माता पिता के लापता होने से बच्चो का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## पर्यावरण बचाएं

**सहारनपुर।** यूपीएसआईसी, यूपीकॉन एवं लघु उद्योग भारती, द्वारा पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) विषय पर आयोजित कार्यशाला में पर्यावरण को बचाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला में रेसिंग एंड अक्सिलरेटिंग एमएसएमई पर फॉरमेंस की जानकारी प्रदान करते हुए कि यह योजना विश्व बैंक द्वारा सहायता प्राप्त कार्यक्रम है जिसका मुख्य उद्देश्य भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के प्रदर्शन में सुधार करना है। यह योजना प्रधानमंत्री द्वारा अनुमोदित एवं सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित है। रैंप योजना के कई अन्य उद्देश्य हैं, जिनमें एमएसएमई के लिए बाजार और ऋण उपलब्धता में सहायता, केंद्रीय और राज्य स्तर पर संस्थानों और शासन को मजबूत करना है।

# बाइक की टक्कर लगने से वृद्ध गंभीर घायल



**तल्हेडी बुजुर्ग।** कस्बे में हाईवे पार कर रहे वृद्ध व्यक्ति को बाइक की जोरदार टक्कर लगने से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नागल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

गुरुवार को धर्मपुर सरावगी निवासी सुखबीर पुत्र अन्तु उम्र करीब 60 वर्ष घर से सामान खरीदने के लिए तल्हेडी बुजुर्ग कस्बे में आया था। जैसे ही वह स्टेट हाईवे 59 पार करने लगा तो देवबंद की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक यूपी 12 बी एन 3918 के साथ उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर लगते ही सुखबीर हाईवे पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने घायल वृद्ध को कस्बे में स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। दुर्घटना घटित होने के बाद बाइक सवार मौका मिलते ही अपनी बाइक लेकर वहां से रफूचक्कर हो गया। जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी अजय कसाना पुलिस टीम के साथ चिकित्सक के यहां पहुंचे लेकिन गम्भीर अवस्था के चलते चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर करने की सलाह दी। तत्पश्चात पुलिस ने घायल वृद्ध को एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी पंहुचा दिया।गौरतलब है कि हाईवे के दोनों साइड वाहनों की लम्बी कतारे लगी रहती है जिसके कारण हर रोज यहां कोई ना कोई व्यक्ति दुर्घटना का शिकार हो जाता है लेकिन प्रशासन इन वाहनों पर अंकुश लगाने में विफल साबित हो रहा है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

**Shakumbhari Degree College**
Sultanpur, Chilkana, Saharanpur (UP)
(Affiliated to Maa Shakumbhari University Saharanpur)

**Required**

**Assistant Professor (Programms)**

1. B.A. (Bachelor of Arts)
Subject (Hindi, English, History, Political Science, Sociology, Education, Economics.
2. B.Com (Bachelor of Commerce)
(Qualification Required: As per UGC and MSU Norms Preferably NET/Ph.D.)
Note: Experienced Candidates will be preferred.
Candidates can apply within 7 days by Email, Post with their latest Self attested resume at in to.
Email: Shakumbharigroup@gmail.com
**Mobile No.: 9759922268, 7037476736**

# प्राथमिक शिक्षक संघ पदाधिकारियों पर लगाये संगीन आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** विशिष्ट बी टी सी संघ के पदाधिकारियों ने प्राथमिक शिक्षक संघ पदाधिकारियों पर भवन पर अवैध कब्जा किए जाने व भवन का किराया एक शिक्षक के निजी खाते मे किये जाने के संगीन आरोप लगे हैं।

विशिष्ट बीटीसी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी मनोज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन धीमान उपाध्यक्ष दीपक फूटेला, मंत्री नौशाद कोषाध्यक्ष सविता सोम, शिक्षक संजय चौधरी, अश्वनी, विशाल चौधरी, विनोद, रविंदर चौधरी रवि चौधरी आदि ने आरोप लगाया कि वर्ष 2008, 09 मे एमएलसी निधि से नकुड़ बीआरसी सेंटर पर एक सरकारी पुस्तकालय का निर्माण जनहित मे किया गया था। आरोप है कि सरकारी पुस्तकालय भवन की बाहर की दीवारों पर दो जगह प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संदीप सिंह पंवार व ब्लॉक अध्यक्ष पंकज तंवर तथा ब्लॉक मंत्री कमलकांत के नाम अंकित किए हैं। उक्त लोगों द्वारा सरकारी भवन पर अध्यापक भवन अंकित कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भवन के अंदर तीन जगहों पर प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर लगे हैं। आरोप है कि जिलाध्यक्ष द्वारा पिछले दिनों एमएलसी हेमसिंह पुंडीर के शिलापट को बाहर से हटाकर अंदर की दीवार पर लगाया गया है। इतना ही नहीं जीर्णोद्धार का अपना नया शिलापट भवन की बाहर दीवार पर लगाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उपरोक्त जिलाध्यक्ष ने बिना किसी विभागीय अनुमति के सरकारी पुस्तकालय भवन की मरम्मत हेतु अध्यापको से चंदा लेकर मरम्मत कराई जिसकी रसीद भी प्राथमिक शिक्षक संघ के नाम से काटी गई है। शिकायतकर्ता संजय चौधरी का कहना है कि प्राथमिक विद्यालय कर्मचारी शिक्षक वेतन भोगी कर्मचारी ऋण समिति का कार्यालय इसी भवन मे संचालित कर उस भवन का किराया एक शिक्षक के निजी खाते मे भुगतान किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओ का आरोप है कि अधिकारियो से की गई शिकायत के बावजूद जिलाध्यक्ष द्वारा खुद यह स्वीकार किया गया है कि पुस्तकालय भवन के रखरखाव की जिम्मेदारी उनकी है।

जबकि विधायक निधि के शासनदेश मे स्पष्ट है कि ऐसे सरकारी भवन के रख रखाव की जिम्मेदारी सबंधित स्थानीय निकाय अथवा संबधित प्राधिकरण की होंगी। निर्माण का स्वामित्त्व सबंधित संस्था का ही होगा। ऐसे मे भवन की चाबी रखने का अधिकार जिलाध्यक्ष को नहीं है। जबकि वह स्वयं चाबी रखने की बात स्वीकार कर चुके है। विशिष्ट बीटीसी संघ के शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पुस्तकालय भवन सरकारी भवन है। उक्त भवन किसी संघ का नहीं है। बच्चो के बेहतर भविष्य के लिए बीआरसी स्थित पुस्तकालय भवन मे बच्चों के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय विधा ज्ञान सैनिक स्कूल आदि की पुस्तके उपलब्ध कराई जानी चाहिए। और शिक्षकों के निजी कार्यक्रमों पर रोक लगनी चाहिए।

वही इस सबंध मे प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संदीप पंवार ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि जो भी शिकायते की गई हैं उनका जवाब सबंधित अधिकारियो को दे दिया है। उनके द्वारा जो भी कार्य भवन मे कराया है, या कोई कार्यक्रम होते है वह शिक्षक हित मे किये जाते है। अधिकांश शिक्षकों का समर्थन उनके साथ है। वो हमेशा शिक्षकों के हित मे कार्य करते रहेंगे।

## रंगारंग समारोह में सीनियर्स को विदाई

**गंगोह।** हिन्दू राष्ट्रीय इण्टर कालेज में कक्षा 12 के छात्र छात्राओं के सम्मान में रंगारंग विदाई समारोह का आयोजन किया गया। माता सरस्वती की प्रतिमा पर

पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन उपरान्त छात्राओं बुशरा व मधु ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र छात्राओं के मध्य क्वीज व रेम्प वॉक प्रतियोगिता भी हुई। प्रधानाचार्य विजय कुमार ने बताया कि विद्यार्थी यदि अपना लक्ष्य निर्धारण करके एकाग्रता से आगे बढ़ें, तो ऐसी कोई मंजिल नहीं है जिसे वे प्राप्त नहीं कर सकते। अध्यापकों मैनपाल सिंह, धनन्जय प्रताप सिंह, के के.वर्मा, नाथी राम ने अपने छात्र जीवन से जुड़े संस्मरण सुनाये। संचालन वैष्णवी सहगल ने किया। समस्त विद्यालय स्टाफ का सहयोग रहा।

# सीओ देवबंद का नागल थाने पर वार्षिक मुआयना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** पुलिस क्षेत्राधिकारी देवबंद रविकांत पाराशर द्वारा गुरुवार को स्थानीय थाने का वार्षिक मुआयना किया।

मिली जानकारी के मुताबिक क्षेत्राधिकारी देवबंद दोपहर थाने का निरीक्षण करने के लिए आये। इस दौरान उन्होने थाने के समस्त अभिलेख, शस्त्रागार, बंदीगृह, भोजनालय, बैरक तथा विवेचना कक्ष आदि की गहनता से जांच की। करीब एक घंटा चले मुआयने के दौरान वह थाने की कार्य प्रणाली से संतुष्ट नजर आए। उन्होंने थाना प्रभारी से कहा कि लंबित विवेचनाओं को त्वरित गति से निपटाए। शासनादेश के अनुसार फरियादियों की फरियाद को गौर से सुनकर उनका तुरंत समाधान करे। असमाजिक तत्वों के खिलाफ कडी कार्रवाई कर खाकी का इकबाल बुलंद रखे। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर बौद्ध, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सतपाल भाटी, प्रधान लेखक योगेंद्र सिंह उप निरीक्षक सचिन त्यागी, उप निरीक्षक मंजू शर्मा, अल्पना, हेड कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह, सन्नी तोमर आदि मौजूद रहे।

## ट्यूबवैल की मोटर, तार चोरी करने का एक आरोपी

# पुलिस के चढ़ा हत्थे, दूसरा पकड़ से दूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पुलिस ने किसानों के खेतों में ट्यूबवैल से तार चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि अभी उसका एक साथी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भायला निवासी मुकेश कुमार ने 30 जनवरी को कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ उसके ट्यूबवैल की मोटर चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि अपराधियों की धरपकड़ अभियान के दौरान झबीरन-खजूरी रोड के मोड़ स्थित उमर कॉलोनी के निकट से देवबंद के मिश्रा कॉलोनी निवासी गौरव को चोरी के तार के साथ गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर अदालत के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जबकि उसके दूसरें साथी की तलाश प्रारंभ कर दी।



## साइबर हेल्प डैस्क टीम ने रकम कराई वापस

**देवबन्द।** गलती से किसी अन्य के बैंक खाते में दस हजार रुपये की रकम ट्रांसफर होजाने के चलते कोतवाली देवबंद के साइबर हेल्प डैस्क टीम ने शतप्रतिशत रकम वापिस कराई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बीनू चौधरी ने बताया कि गांव हाशिमपुरा निवासी सुहैल पुत्र इम्तियाज ने 15 जनवरी को कोतवाली में दी तहरीर में बताया था कि बैंक में लेनदेन करने के दौरान किसी अन्य अज्ञात के खाते में दस हजार रुपये की रकम ट्रांसफर हो गई। जिसे वापिस नहीं किया जा रहा है। जिसके उपरांत कोतवाली की साइबर हैल्प डेस्क टीम ने जांच के उपरांत सुभाष मीना के एकाउंट को होल्ड कराया गया। जिसे 20 फरवरी को शतप्रतिशत वापिस कराया गया। पीडित सुहैल ने कोतवाली पुलिस सहित साइबर हेल्प डेस्क टीम का आभार जताया।

# दीपक कुमार का पटका पहनाकर किया स्वागत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** उपजिलाधिकारी दीपक कुमार के पदोन्नति होकर बरेली विकास प्राधिकरण के संयुक्त सचिव बनने पर उत्तर प्रदेश जनकल्याण मंच देवबंद ने उनका अभिनंदन करने के साथ ही उनकी सेवाओं की सराहना की।

उत्तर प्रदेश जनकल्याण मंच के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मंच पदाधिकारियों ने दीपक कुमार को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया। संगठन अध्यक्ष चौधरी ओमपाल सिंह ने कहा कि दीपक कुमार ने तैनाती के दौरान जनता की समस्याओं का जल्द समाधान कर न्याय दिलाने का काम किया। उनका यहां से जाना दुखद है, लेकिन खुशी इस बात की है कि उनकी पदोन्नति हुई है। संयुक्त सचिव दीपक कुमार ने कहा कि क्षेत्र ने जनता से जो प्यार और स्नेहा मिला, वे उसे हमेशा याद रखेंगे।

इस मौके पर अंग्रेज पंवार, विजय बजाज, राकेश, सुखबीर कश्यप, आकाश, डॉ. बीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

## रोडवेज बस अड्डा बनाने की मांग

**देवबन्द।** नगर में रोडवेज बस अड्डा बनाने की मांग प्रवीण कुमार धीमान द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर किये बाद परिवहन विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक योगेंद्र प्रताप सिंह की ओर से दिए गए जवाब में बताया गया कि नगर में बस अड्डा बनाने के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है। देवबंद विधानसभा से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी रहे प्रवीण कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय प्रबंधक ने पत्र में बताया कि नगर जिस भूमि पर बस स्टेंड बना हुआ है वे नगर पालिका से 17 हजार रुपये महीना किराये पर लिया हुआ है। 30 साल की लीज लेने के लिए निगम ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखा हुआ है। प्रवीण धीमान ने कहा कि रोडवेज बस अड्डा न होने से यात्रियों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है। न यात्रियों के बैठने की व्यवस्था और ही पीने के पानी का कोई इंतजाम। शौचालय तक नहीं है। जिस कारण महिला यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जनहित को ध्यान में रखकर रोडवेज बस अड्डा बनवाए जाने की मांग की है।

### सुरक्षा की जानकारी दी

**धामपुर।** एसबीडी महिला महाविद्यालय के विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर 'सड़क सुरक्षा अभियान' को समर्पित रहा। महाविद्यालय की अंग्रेजी विभाग की असि.प्रो. व रोड सेफ्टी क्लब की समन्वयक कु. रितु देवी ने एनएसएस की स्वयंसेविकाओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। साथ ही इस सन्दर्भ में शासन द्वारा चलायी जा रही नीतियों से परिचित कराया। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती नीलम पाल ने छात्राओं को स्वयं जाग्रत होने व अपने आस-पास व परिवार को भी सड़क सुरक्षा नियमों को पालन करने हेतु प्रेरित करने का संदेश दिया।

## मंदिर को खोलने और इसका जीर्णोद्धार कराने की जारी की वीडियो

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** मुस्लिम बस्ती में पुराने समय से बंद व बदहाल पड़े मंदिर को खोलने और इसका जीर्णोद्धार कराने की यशवीर महाराज ने वीडियो बयान जारी कर यह सूचना दी कि वह नौ मार्च को देवबंद पहुंच 200 वर्ष प्राचीन बंद पड़े मंदिर में हवन पूजन करेंगे।

योग साधना आश्रम बघरा मुजफ्फरनगर के पीठाधीश्वर यशवीर महाराज ने जारी बयान में कहा कि देवबंद का बैरून कोटला मोहल्ले में मुस्लिमों की आबादी है। पुराने समय में यहां सैनी सराय हुआ करती थी। उक्त स्थान पर 200 वर्ष पुराना प्राचीन शिव मंदिर है। उक्त मोहल्ले में मुस्लिमों की आबादी बढ़ी तो यहां रहने वाले सैनी समाज के लोग धीरे धीरे पलायन कर गए। वर्ष 1992 में यहां एक भी सैनी समाज का परिवार नहीं रहा। यहां से हिंदुओं के पलायन करने के बाद धीरे धीरे मंदिर दयनीय स्थिति में पहुंच गया। यशवीर महाराज ने कहा कि सनातनियों की धरोहर को खंडित और जर्जर हालत में नहीं देखा सकता है। इसलिए अब इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराने का काम किया जाएगा। इसी कड़ी में वह नौ मार्च को सुबह 10 बजे उक्त बंद पड़े शिव मंदिर को खोलते हुए इसमें हवन पूजन करेंगे। इसके बाद मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू करते हुए मंदिर के संचालन के लिए एक कमेटी गठित की जाएगी। उन्होंने हिंदू संगठनों से इस धार्मिक कार्य में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

# बड़ूली नहर से मिला आधा शव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** थाना बड़गांव क्षेत्र में बड़ूली नहर से मिला आधा शव की पहचान देहरादून के रिटायर्ड प्रिंसिपल 80 वर्षीय श्यामलाल के रूप में उनकी बेटी निधि और अन्य परिजनों व बहन ने हाथ पर बंधी राखी और कलावा से जबकि अन्य परिजनों ने कपड़ों से पहचान की। शव को ले जाने के लिए कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

देहरादून के पटेलनगर में दो फरवरी को सेवानिवृत्त श्यामलाल संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। सात फरवरी को बेटी निधि राठौर ने पटेलनगर थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जिसके बाद से पुलिस लगातार मामले को सुलझाने में लगी थी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व अन्य सबूतों के आधार पर पुलिस ने बीते दिनों देवबंद के मोहल्ला कायस्थवाड़ा से अजय कुमार और उसके साथी कैलाशपुरम कॉलोनी निवासी धनराज चावला को गिरफ्तार कर पूछताछ के दौरान अजय कुमार ने बताया कि बहन गीता और जीजा हिमांशु ने श्यामलाल की हत्या की थी। दो फरवरी को गीता ने फोन कर उसे और धनराज को देहरादून बुलाया था। उन्होंने श्यामलाल के शव को एक प्लास्टिक के बोरे में रखा और कार से उसे देवबंद लेकर पहुंचे। स्टेट हाईवे स्थित साखन नहर में शव को फेंक दिया था। साथ में कुछ कपड़े भी थे। दून पुलिस दोनों आरोपियों को देवबंद लेकर पहुंची थी। लेकिन उस समय शव नहीं मिला था। 17 फरवरी को बड़गांव से होकर गुजर रही नहर से एक शव बरामद हुआ था। जिसका ऊपर का हिस्सा गायब था। शव को मोर्चरी में रखवा दिया था। बड़गांव थाना प्रभारी विनय शर्मा ने बताया कि इस संबंध में देहरादून पुलिस को सूचना दी गई थी। बृहस्पतिवार को पुलिस के साथ निधि राठौर अपनी बुआ और कई अन्य परिजनों के साथ थाने पहुंची। फोटो दिखाई गई तो निधि और उसकी बुआ ने हाथ पर बंधी राखी और कलावा से जबकि अन्य परिजनों ने चेक वाली टी-शर्ट और काली पैंट से शव की पहचान श्यामलाल के रूप में की है। बताया कि सभी कानूनी कार्रवाई पूरी होने के बाद शव को उनके सुपूर्द किया जाएगा। वहीं, वारदात को अंजाम देने वाले गीता और उसका पति हिमांशु अभी भी फरार हैं। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश पुलिस उनकी तलाश में लगी हुई है।

> मिले शव की देहरादून के रिटायर्ड प्रिंसिपल श्यामलाल के रूप में उनकी बेटी निधि और अन्य परिजनों ने की पहचान।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का शिविर संपन्न




शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** भायला पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर गुरुवार को संपन्न हुआ। इस दौरान छात्रों की सुंदर प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

प्राचीन शिव मंदिर भायला में आयोजित पीजी शिविर के अंतिम दिन महाविद्यालय अध्यक्ष श्याम कुमार रावत ने कहा कि एनएसएस शिविर से समाजसेवा की भावना विकसित होती है। उन्होंने स्वयं सेवकों द्वारा किए गए श्रमदान एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से की गई समाज सेवा को सराहा। निदेशक डा. बीएस यादव ने छात्रों से जीवन में लक्ष्य साध पढ़ाई करने का आह्वान किया। प्राचार्य डा. प्रवीण अग्रवाल व डा. राजेश कुमार ने भी विचार रखें। सचिव कंवरपाल सिंह ने शिविरार्थियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर प्रवक्ता तुषार राणा, राहुल गौतम व शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

वहीं, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शिविर में गुरुवार को छात्रों ने गांधी कालोनी में स्लोगन व पोस्टर के माध्यम से लोगों को सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बैल्ट लगाने के प्रेरित किया।

# लैब्स के उपाध्यक्ष का देवबंद आगमन पर किया स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पैंथकाइंड लैब्स के उपाध्यक्ष अभिजीत गोरई का गुरू हरकिशन सेवा चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा देवबंद आगमन पर स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

रेलवे रोड़ स्थित ट्रस्ट कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष सेठ कुलदीप कुमार ने कहा कि गुरू हरकिशन सेवा चौरिटेबल ट्रस्ट पैथकाइंड लैब्स के सहयोग से क्षेत्र के लोगों को सस्ती दर पर ब्लड टेस्ट की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इस सहयोग के लिए पैथकाइंड के अधिकारीगण बधाई के पात्र है। महामंत्री गुरजोत सिंह सेठी ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा सस्ती दरों पर टेस्ट किया जा रहा है। जहां प्रत्येक माह के दूसरे व चौथे रविवार को गुरूद्वारा साहिब स्थित सेंटर में कैम्प लगाकर लोगों को मात्र 10 रूपये में ब्लड टेस्ट की सुविधा दी जा रही है। ट्रस्ट की ओर से पैंथकाइंड लैब्स के वाइस प्रेसीडेंट अभिजीत गोरई को स्मृति चिहन देकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान हरविंदर सिंह बेदी, सचिन छाबड़ा, संदीप सैनी, हंसदीप सिंह, बलदीप सिंह, विरेंद्र सिंह उप्पल, बालेंद्र सिंह, जसमीत सिंह आदि मौजूद रहे।



# सड़क सुरक्षा विषय पर निबंध प्रतियोगिता

### यातायात के नियमों का पालन करने की अपील

शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाई का सात दिवसीय विशेष ग्राम फीना और ग्राम अजुपुरा में चल रहा है। शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया।




इस अवसर पर सड़क सुरक्षा विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवियों ने निबंध के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किये। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को कॉलेज द्वारा पुरस्कृत किया गया। शिविर के द्वितीय सत्र में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सबसे पहले स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाकर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। छात्रों को संबोधित करते हुए कॉलेज प्रबंधक ठाकुर आकाश शास्त्री ने छात्रों से दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कुछ युवा बिना हेलमेट और तीव्र गति से वाहन चलाते हैं जो अपने साथ-साथ रहागीरों के भी प्राण संकट में डालते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में प्रतिदिन असंख्य लोग सड़क पर असावधानी के कारण ही दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सदैव अपनी दिशा में चलें। वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें। कभी भी नशे की हालत में वाहन नही चलाएं। शिविर के अंत में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार ने संपूर्ण दिन की कार्यक्रम आख्या प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी ग्रामीणों में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करें। वहीं द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी पीयूष वर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने ग्राम अजुपुरा में डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों से सड़क सुरक्षा पर बात की और ग्रामीणों से यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की।

इस अवसर पर प्रथम इकाई की सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिवाली राजपूत, द्वितीय इकाई की सहायक कार्यक्रम अधिकारी पिंकी यादव, नीशु देवल, रुक्मिणी देवी, कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डॉ. आरपी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# राजस्व वसूली में शिथिलता न बरतें: डीएम

### लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली कार्य करने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत राजस्व प्राप्ति के कार्यों में प्राप्त रैंकिंग के अनुसार प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि राजस्व वसूली के कार्यों में शिथिलता न बरतें तथा लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत राजस्व वसूली का कार्य करना सुनिश्चित करे।

डीएम श्रीमती कौर कल शाम साढ़े चार बजे कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में मासिक राजस्व स्टाफ की बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने निर्देश दिए कि अनावश्यक रूप से कोई भी वाद लंबित न रहने पाए। उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारियों को वादों के निस्तारण में विशेष ध्यान देकर दायरे के सापेक्ष वादों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने धारा 34 एवं 24 के लंबित प्रकरणों पर निर्देश दिए कि निर्धारित समयावधि में सभी प्रकरणों को निस्तारित करें ताकि न्यायालयों में अनावश्यक बोझ से मुक्ति प्राप्त हो सके।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पट्टों के निस्तारण के कार्य में भी तेजी लाएं और पात्र लोगों को इनका आवंटन करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए कि अधिक वर्ष पुराने वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त के संबंध में समय-समय पर समीक्षा बैठक का आयोजन करना भी सुनिश्चित करें। जिससे वादों के निस्तारण में तेजी लाई जा सके।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार सिंह, न्यायिक श्रीमती वान्या सिंह, डिप्टी कलेक्टर हर्ष चावला, डिप्टी कलेक्टर/जिला सूचना अधिकारी आशुतोष जैसवाल , सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।



## बमनौली में बंद मकान में चोरी

**धामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम बमनौली में बंद पड़े मकान को ताला तोड़कर चोर 20 हजार की नगदी, सोने-चांदी के जेवर चोरी कर फरार हो गए। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

पीड़ित अजय कुमार ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ अकबराबाद में कांवड़ सेवा के लिए शिविर लगाने गये थे। इसी दौरान चोरों ने उनके बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर में रखे 20 हजार रुपये नकद और कीमती आभूषण चुरा लिए। इसके अलावा चोरों ने गांव के पंचायत घर के ताले भी तोड़े लेकिन वहां से कुछ भी हाथ नहीं लगा। चोरी की खबर मिलने पर गांव में सनसनी है। लोग अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई।

गांववासियों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## बारात में चले लाठी-डंडे, एक गंभीर घायल

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम गोवर्धनपुर उर्फ नाबका में आयी बारात में हुए विवाद में लाठी डंडे चलने से एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया है। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया है तथा परिजनों ने पुलिस को सूचना दे दी है।

ग्राम गोवर्धनपुर उर्फ नाबका में सिपाहियो वाले से बारात आई हुई थी। मामूली सी बात को लेकर बारातियों एवं घरातियों में लाठी डंडे निकल आये।

दूल्हे के भाई और उसके साथियों ने मिलकर गांव के ही मास्टर साबिर के पीछे से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । जिम्मेदार लोगों ने बारातियों और घरातियों में बीच बचाव कराया।

तब मामला शांत हुआ। वहीं गम्भीर रूप से घायल मास्टर शाबिर के परिजनों ने थाना अफजलगढ़ को सूचना दे कर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ मे भर्ती कराया दिया है। उधर पुलिस का कहना है कि अभी कोई तहरीर नहीं आयी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

# ग्राम चौपाल लगा कर होगा चकबंदी वादों का निस्तारण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने एसओसी चकबंदी को निर्देश दिए कि कस्बा हल्दौर एवं झालू दोनों कस्बों के अन्तर्गत चकबंदी के कार्यों एवं वादों को सही से सम्पादित कराएं। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त के अन्तर्गत ग्राम वार ग्राम चौपाल आयोजित कर चकबंदी वादों का निस्तारण सही प्रकार से करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी श्रीमती कौर कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने एसओसी चकबंदी को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन स्तर से चकबंदी कार्यों की मॉनिटरिंग की जाती है। इसलिए उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने निर्देश दिए की अधिक समय से लंबित वादों को निगाह में रखते हुए उनका निस्तारण जल्द से जल्द करना सुनिश्चित करें। उन्होंने चकबंदी धाराओं के अन्तर्गत निर्देश दिए की वादों के गुणवत्तापरक निस्तारण में तेजी लाएं और जिस स्तर पर शिथिलता बरती जाए, उस स्तर पर संबंधित की जबावदेही तय करते हुए मामलों के निस्तारण में तेजी लायें। उन्होंने सभी चंकबंदी अधिकारी को निर्देश दिए कि चकबंदी से संबंधित किसी भी स्तर पर लापरवाही न करें अन्यथा संबंधित के प्रति कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यों में स्पष्टता लाएं एवं कार्य को गंभीरता के साथ करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वादों के निस्तारण को प्राथमिकता दें और निश्चित दायरे के अंतर्गत वादों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

**खोया-पाया/सूचना**

मेरा एक बैनामा जो नरेश गोयल, रवि कुमार, डा. हसन अजीज, मौ. अनीस डा. सुरेन्द्र कुमार खन्ना, मुनीश खन्ना, अशोक कुमार व मनोज कुमार ने श्रीमति शारदा रानी के हक में किया हुआ था, जिसकी रजिस्ट्री 04-06-1998 को बही नं.-1 जिल्द संख्या 3868 पेज 334 दस्तावेज क्रमांक 2285 एडी बुक नं.-4 जिल्द संख्या 3983 पेज 793 से 800 सब रजिस्ट्रार सहारनपुर के यहां पंजीकृत किया था। जो दिनांक 27-01-25 को घंटा घर से कुतुबशेर की ओर जाते हुए रस्ते में कहीं गिर गए हैं। जिसकी सूचना थाना कुतुबशेर को भी दी जा चुकी है।

**मौ. आजम पुत्र मौ. आदिल निवासी-मकान नं.-1240 नियर चौक सोहराब खान सराय गरीबा सहारनपुर।**

# वीरा कालेज का सात दिवसीय शिविर शुरू

**बिजनौर।** जिले की शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी वीरा चैरिटेबल सोसायटी द्वारा संचालित कुँवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं दिवतीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन ग्राम धर्मनगरी एवं तिमरपुर में हुआ।

शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि स्वाति वीरा सचिव रेडियो सन्देश बिजनौर, मैनेजर के.पी.एस. बिजनौर एवं जी.के.आई.सी. जानसठ एवं कॉलेज प्राचार्य प्रो. (डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव ने संयुक्त रूप से माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। कॉलेज प्राचार्य ने मुख्य अथिति को बुके देकर सम्मानित किया एवं उनका आभार व्यक्त किया। शिविर की सात दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी दी। कॉलेज के प्राचार्य ने अपने स्वागत भाषण में एन.एस.एस. का छात्र जीवन में महत्व एवं इसकी उपयोगिता के बारे बताया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वाति वीरा ने छात्र / छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कौशल विकास, प्रौढ़ शिक्षा, नैतिक मूल्यों, आचार -विचार एवं अध्यात्म, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं संसाधनों का सद्उपयोग आदि एवं समाजसेवा के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि छात्रों को पढ़ाई के साथ -साथ अन्य सामाजिक एवं राष्ट्रीय हित संबधी गतिविधियों में भाग लेना चाहिए एवं समाजसेवा में तत्पर रहना चाहिए। सभी छात्र/छात्राओं ने भी विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे।

## चैंपियंस ट्रॉफी: भारत का जीत से आगाज



**बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया, गिल का शतक, रोहित शर्मा ने वनडे करियर में 11 हजार रन पूरे किए, शमी को 5 विकेट मिले**

**दुबई, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत भारत ने जीत के साथ की है। दुबई में गुरुवार को टीम ने बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया। बांग्लादेश ने पहले बैटिंग करते हुए 228 रन बनाए। भारत ने 46.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया।

भारत के लिए शुभमन गिल ने सेंचुरी लगाई। आईसीसी टूर्नामेंट में यह उनका पहला ही शतक है। रोहित शर्मा ने 41, केएल राहुल ने 38 और विराट कोहली ने 22 रन बनाए। मोहम्मद शमी ने 5, हर्षित राणा ने 3 और अक्षर पटेल ने 2 विकेट लिए। बांग्लादेश से तौहीद हृदोय ने शतक लगाया। 46वें ओवर की दूसरी गेंद पर शुभमन गिल ने सिंगल लिया। इसी के साथ उन्होंने 8वीं वनडे सेंचुरी भी पूरी कर ली।

शुभमन ने इंग्लैंड के खिलाफ पिछले वनडे में भी शतक लगाया था। वे पिछले 4 वनडे में 4 फिफ्टी प्लस स्कोर बना चुके हैं। शुभमन अपना दूसरा ही आईसीसी टूर्नामेंट खेल रहे हैं। उन्होंने इनमें पहला ही शतक लगाया। इससे पहले 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में वे सेंचुरी नहीं लगा सके थे। 43वें ओवर में भारत ने अपनी डबल सेंचुरी पूरी कर ली। शुभमन गिल ने तंजिम हसन साकिब के खिलाफ सिंगल लिया। इसी के साथ उन्होंने टीम का स्कोर 200 रन तक पहुंचा दिया। शुभमन के साथ केएल राहुल भी पिच पर मौजूद रहे। दूसरे पावरप्ले में भारत ने महज 120 रन बनाए और 3 विकेट भी गंवा दिए। हालांकि, ये रन टीम को जीत के करीब पहुंचाने के लिए काफी रहे। मिडिल ओवर्स में विराट कोहली 22, अक्षर पटेल 8 और श्रेयस अय्यर 15 रन बनाकर आउट हुए। 37वें ओवर में केएल राहुल को जीवनदान मिला। तस्कीन अहमद के इस ओवर में जाकिर अली से राहुल का कैच ड्रॉप हो गया। राहुल लेंथ बाल पर बड़ा शॉट खेलना चाहते थे। बाल स्क्वेयर लेग पर खड़े जाकिर अली के पास गई, लेकिन जाकिर कैच नहीं कर सके। 32वें ओवर में भारतीय टीम ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है।

तंजीम हसन साकिब की आखिरी बाल पर गिल ने एक रन लेकर टीम को 150 का आंकड़ा पार कराया। 31वें ओवर में भारत ने चौथा विकेट गंवाया। यहां अक्षर पटेल 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रिशाद हुसैन ने काट एंड बोल्ड किया। 28वें ओवर में भारत ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां श्रेयस अय्यर 15 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मुस्तफिजुर रहमान ने नजमुल हसन शांतो के हाथों कैच कराया। शुभमन गिल ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने लगातार चौथे वनडे में अर्धशतक जमाया है। गिल ने 25वां ओवर डाल रहे रिशाद हुसैन के ओवर की आखिरी बाल पर एक रन लेकर हाफ सेंचुरी पूरी की। 23वें ओवर में भारत ने दूसरा विकेट गंवा दिया है।

## जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरेगी आरसीबी

**● हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस से होगा सामना**





**बेंगलुरू।** स्मृति मंधाना की अगुआई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम शुक्रवार को अपने घरेलू मैदान पर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मुकाबले में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। गत चैंपियन आरसीबी ने अब तक इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है और अपने दोनों मुकाबले जीते हैं।

आरसीबी की नजरें अब मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने पर टिकी होंगी। आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल के मौजूदा सत्र के पहले मैच में गुजरात जॉएंट्स के खिलाफ 200 से अधिक रन का लक्ष्य हासिल किया था और इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स को भी आसानी से हराया था। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली टीम के चार अंक हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है। टूर्नामेंट में किसी भी अन्य टीम ने अभी तक अपने सभी मैच

**■ गत चैंपियन आरसीबी ने अब तक इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन कर दोनों मैच जीते है**

नहीं जीते हैं। आरसीबी की टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दर्शकों का अपार समर्थन मिलना तय है। इस मैच में सभी की निगाहें मंधाना पर टिकी रहेंगी जिन्होंने दिल्ली के खिलाफ पिछले मैच में 47 गेंद पर 81 रन की तूफानी पारी खेली थी। भारतीय टीम की उपकप्तान मंधाना इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रही हैं और मुंबई के गेंदबाजों को उन पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। आरसीबी की तरफ से मंधाना के अलावा एलिसे पेरी, राघवी बिष्ट, ;चा घोष और युवा कनिका आहूजा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। आरसीबी हालांकि अपने गेंदबा. जी विभाग का लेकर थोड़ा चिंतित होगा क्योंकि उसके गेंदबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। मुंबई की टीम बेहद मजबूत है और उसे हराना आसान नहीं होगा। पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नैट साइवर-ब्रंट की बेजोड़ बल्लेबाजी (59 गेंदों में 80 रन) और हरमनप्रीत के साथ उनकी 73 रन की साझेदारी के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा था और अब हरमनप्रीत कौर की अगुम्ई वाली टीम दमदार वापसी करने के लिए प्रतिब( होगी।

**-दोनों टीमें इस प्रकार हैं-**

**मुंबई इंडियंस:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), नादिन डी क्लार्क, संस्ख्रति गुप्ता, साइका इशाक, शबनीम इस्माइल, जिन्तिमनी कलिता, जी कमलिनी, अमनद. ीप कौर, अमनजोत कौर, सत्यमूर्ति कीर्तन, अमेलिया केर, अक्षिता माहेश्वरी, हेले मैथ्यूज, सजीवन सजना, नट साइवर-ब्रंट, पारुनिका सिसौदिया, क्लो ट्राइटन।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः** स्मृति मंधाना (कप्तान), कनिका, एकता बिष्ट, चार्ली डीन, किम गार्थ, ऋचा घोष, हीदर ग्राहम, वीजे जोशिता, सब्बिनेनी मेघना, नुजहत परवीन, जाग्रवी पवार, एलिसे पेरी, राघवी बिस्ट, स्नेह राणा, प्रेमा रावत, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेयरहम, डैनी व्याट-हॉज।

**खेल विशेष**

## रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल 5वें दिन मुंबई को 323 रन चाहिए

**अहमदाबाद/नागपुर, वार्ता।** रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के चौथे दिन मुंबई के खिलाफ विदर्भ ने मजबूत पकड़ बना ली है। टीम ने 406 रन का टारगेट दिया। जिसके जवाब में मुंबई ने दूसरी पारी में 83 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। टीम को आखिरी दिन 323 रन की जरूरत है। दूसरा सेमीफाइनल केरल और गुजरात के बीच खेला जा रहा है। पहली पारी में केरल ने 457 रन बनाए। गुजरात ने 7 विकेट खोकर 429 रन बना लिए। टीम 28 रन पीछे हैं। मुंबई अे विदर्भ नागपुर के वीसीए स्टेडियम में विदर्भ ने बैटिंग चुनी। पहली पारी में विदर्भ ने 383 और मुंबई ने 270 रन बनाए। दूसरी पारी में विदर्भ ने 292 रन बनाए, पहली पारी की बढ़त के आधार पर उन्होंने 406 रन का टारगेट दिया। विदर्भ से यश राठौड़ ने 151 और अक्षय वाडकर ने 52 रन बनाए। मुंबई से शम्स मुलानी ने 6 और तनुष कोटियान ने 3 विकेट लिए। 1 विकेट शार्दूल ठाकुर को भी मिला। रहाणे 12 रन बनाकर आउट मुंबई ने दूसरी पारी में 83 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। आयुष म्हात्रे 18, सिद्धेश लाड 2 और कप्तान अजिंक्य रहाणे 12 रन बनाकर आउट हो गए। शिवम दुबे 12 और आकाश आनंद 27 रन बनाकर नॉटआउट रहे। विदर्भ से हर्ष दुबे ने 2 और पार्थ रेखडे ने 1 विकेट लिया। सेमीफाइनल-2प्रतिशत गुजरात अे केरल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में केरल ने बैटिंग चुनी। टीम ने 187 ओवर बैलटग की और 457 रन बना दिए। मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 177 रन बनाए। सलमान निजार ने 52 और कप्तान सचिन बेबी ने 69 रन बनाए। गुजरात से अर्जन नागवा. सवाला ने 3 और चिंतन गाजा ने 2 विकेट लिए। गुजरात ने स्टंप्स तक 7 विकेट खोकर 429 रन बना लिए हैं। टीम से प्रियांक पांचाल ने 148 और आर्या देसाई ने 73 रन बनाए। मिडिल ऑर्डर में 3 बैटर्स ने 30 प्लस रन बनाए।

## भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे फखर



**● न्यूजीलैंड के साथ हुए पहले मैच में हुए थे चोटिल इमाम-उल-हक टीम में शामिल हुए**

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तानी ओपनर फखर जमान चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह इमाम उल हक को टीम में शामिल किया गया है। जमान को न्यूजीलैंड के खिलाफ कराची में खेले गए पहले लीग मैच में फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी।

न्यूजीलैंड की पारी के पहले ओवर में फखर जमान चोटिल हो गए थे। विल यंग ने शाहीन के ओवर की दूसरी बॉल को कवर्स की ओर खेला था। फखर चौका रोकने में कामयाब रहे, लेकिन डाइव लगाते समय अपने घुटने को चोटिल कर बैठे। उसके बाद वह लड़खड़ाते हुए खड़े हुए और मैदान से बाहर चले गए। उनकी जगह कामरान गुलाम ने फील्डिंग की। बैटिंग करने भी चौथे नंबर पर आए जमान फखर चोट की वजह से बैटिंग करने भी ओपनिंग की जगह 4 नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। उन्हें विकेटों के बीच दौड़ने में भी परेशानी हो रही थी। उन्होंने 41 गेंदों पर 24 रन बनाए। इस पारी के दौरान उन्हें दो बार चिकित्सा की आवश्यकता पड़ी। 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में खेले थे 114 रन की पारी फखर 2023 वर्ल्ड कप के बाद से कोई वनडे मैच नहीं खेला है। वह 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत के खिलाफ 114 रन की पारी खेल कर पाकिस्तान को विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। सैम अयूब पहले ही हो चुके हैं चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर पाकिस्तान को फखर के बाहर होने से काफी नुकसान हो सकता है। पाकिस्तान को अपना दूसरा लीग मैच 23 फरवरी को भारत के खिलाफ दुबई में खेलना है।

### चोटिल पेनफोल्ड श्रीलंका ऑस्ट्रेलिया सीरीज से हुई बाहर

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की महिला टीम की तेज गें. दबाज मौली पेनफोल्ड घुटने की चोट के कारण श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से बाहर हो गई हैं। 23 वर्षीय पेनफोल्ड को इस महीने की शुरुआत में हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड में खेलते समय बाएं घुटने में चोट लगने के बाद उनकी सर्जरी हुई थी। चिकित्सकों के अनुसार उनकी चोट को ठीक होने में 12 सप्ताह तक का समय लग सकता है।

## डिविलियर्स का आरसीबी ने सही तरीके से उपयोग नहीं किया : संजय मांजरेकर

**डिविलियर्स ने 2011 और 2016 में आरसीबी के साथ फाइनल खेला, पर दोनों हारे**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरे. कर अपने विवादित बयानों के कारण चर्चाओं में बने रहते हैं। अब उन्होंने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज रहे एबी डिविलियर्स ने आईपीएल में गलत टीम से खेला था।

एबीडी ने शुरुआत में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए आईपीएल में तीन सत्र खेले थे। वहीं 2011 की आईपीएल मेगा ऑक्शन में वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में शामिल हुए और 2021 में अपने करियर को अलविदा कहने तक उसकी ओर से ही खेलते रहे। एबीडी ने 184 आईपीएल मैचों में 5162 रन बनाए लेकिन कभी टीम को आईपीएल खिताब नहीं जिता पाये। उन्होंने 2011 और 2016 में आरसीबी के साथ आईपीएल फाइनल खेला पर दोनों बार टीम हार गयी। 14 साल के अपने आईपीएल करियर में खिताब न जीतने के बावजूद एबीडी आईपीएल में खेलने वाले सबसे बड़े क्रिकेटरों में से एक हैं। मांजरेकर के अनुसार डिविलियर्स का आरसीबी ने सही तरीके से उपयोग नहीं किया। मांजरकेर का कहना है कि डिविलियर्स को टॉप आर्डर में आना चाहिए था और उन्होंने यह भी कहा कि एबी ने गलत फेंचाइजी के लिए खेला। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु तीन बार ट्रॉफी के करीब पहुंची, 2009, 2011 और 2016 में, लेकिन वे फाइनल में हार गए। ट्रॉफी के सूखे के बावजूद,आरसीबी अतीत में कई महान बल्लेबाजों का घर रहा है जो मैच विनर से कम नहीं हैं। चाहे वह केएल राहुल हो, वॉटसन हो, क्रिस गेल हो, ब्रेंडन मैकुलम हो या एबीडी, आरसीबी ने हमेशा अपने रैंकों में आक्रामक बल्लेबाजों की विलासिता का आनंद लिया है।

## वनडे में लगातार 11वां टॉस हारा भारत

**● नीदरलैंड के इस अनचाहे रिकॉर्ड की बराबरी की**



**दुबई, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी में गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ मैच से भारत के अभियान की शुरुआत हो गई। ग्रुप-ए का यह मुकाबला दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है।

इस मैच में बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शांतो ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। यह लगातार चौथी बार रहा जब भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टॉस हारे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के तीनों मैचों में भी टॉस गंवाया था। चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में यह क्रम जारी रहा। हालांकि, इंग्लैंज के खिलाफ टीम इंडिया सीरीज जीतने में कामयाब रही थी। भारत ने 3-0 से इंग्लैंड का सूपड़ा साफ किया था। भारतीय टीम ने वनडे में लगातार 11वां टॉस गंवाया है।

टीम 2023 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के मैच के बाद से कोई टॉस जीत नहीं सकी है। इस दौरान भारतीय टीम 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज, श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज और इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में टॉस गंवा चुकी है। इस दौरान भारत ने पिछले 10 वनडे मैचों में से पांच जीते हैं, जबकि चार में हार मिली है। एक मैच टाई रहा है। वनडे में लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने के मामले में भारत ने नीदरलैंड की बराबरी की। भारत और नीदरलैंड अब संयुक्त रूप से सबसे आगे है। नीदरलैंड की टीम मार्च 2011 से लेकर अगस्त 2013 तक लगातार 11 वनडे में टॉस हारी थी। वहीं, आईसीसी के नियमित सदस्य देशों में भारत के आंकड़े सबसे ज्यादा हैं। भारतीय कप्तान रोहित ने प्लेइंग-11 में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे से कुछ बदलाव किए। वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह को बाहर किया गया। मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा की वापसी हुई है।

### ● मेरठ इन्वेडर्स को हराकर टूर्नामेंट से किया बाहर

**लखनऊ, वार्ता।** एलएलसी टेन 10 में आज से नॉकआउट राउंड की शुरुआत हो चुकी है। सुपर सिक्स के पहले मुकाबले में क्रिकेट का रोमांच चरम पर दिखा। सुपर स्ट्राइकर्स ने मेरठ इन्वेडर्स को डबल सुपर ओवर में हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दोनों टीमों ने 10-10 ओवर के बाद 132 रन बनाए थे। इसके बाद पहले सुपर ओवर में भी दोनों टीमों ने एक जैसा स्कोर बनाया। फिर दूसरे सुपर में जाकर नतीजा निकला। सुपर सिक्स राउंड में तीन मैचों से टॉप-तीन टीमें तय होंगी और वे अगले राउंड में पहुंचेंगी। हारने वाली टीम का सफर यहीं समाप्त हो जाएगा।सुपर स्ट्राइकर्स की टीम ने सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ रन बनाए। जवाब में मेरठ की टीम भी आठ रन ही बना सकी और दो विकेट गंवा दिए। इस तरह स्कोर बराबर रहा और मैच दूसरे सुपर ओवर में गया। जिन खिलाड़ियों का पहले सुपर ओवर में इस्तेमाल किया जा चुका था, दूसरे सुपर ओवर में उनका इस्तेमाल नहीं हो सकता था।

### एलएसजी का रुख आईपीएल में आक्रामक रहेगा : जहीर

**नई दिल्ली, वार्ता।** लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) टीम के मेंटर जहीर खान ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में लखनऊ सुपरजायंटस के पास बाएं हाथ के कई बल्लेबाज हैं। पिछले साल की मेगा नीलामी के दौरान लखनऊ ने पांच बाएं हाथ के बल्लेबाजों को खरीदा है। इसमें से तीन को अंतिम ग्यारह में जगह मिल सकती है। ऋषभ पंत, निकोलस पूरन और डेविड मिलर शुरुआत में उतरेंगे। साथ ही कहा कि तीन बाएं हाथ के बल्लेबाजों के होने से टीम का रुख आक्रामक रहेगा। जहीर के अनुसार इतने बांए हाथ के खिलाड़ी रखना टीम की रणनीति भी हो सकती है। एलएसजी ने इस सत्र के लिए ऋषभ को कप्तान बनाया है। 2016 में दिल्ली डेयरडेविल्स की कप्तानी करने वाले जहीर ने ;षभ को देखा है और उनके साथ काम किया है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज के अनुसार ऋषभ ऐसे व्यक्ति हैं जो पूरी टीम को प्रेरित कर सकते हैं और क्रिकेट का एक ऐसा ब्रांड स्थापित कर सकते हैं जिसे एलएसजी खेलना चाहता है।

## मोहम्मद शमी ने रचा इतिहास

**● सबसे तेजी से 200 विकेट लेकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड ●**



**दुबई, वार्ता।** वर्ल्ड कप 2023 में अपनी कहर बरपाती गेंदबाजी से विकेटों की झड़ी लगाकर रिकॉड्र्स बनाने वाले दिग्गज तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है. वर्ल्ड कप के बाद पहला आईसीसी टूर्नामेंट खेल रहे शमी ने चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया के पहले ही मैच में 3 विकेट लेकर वनडे क्रिकेट में अपने 200 शिकार पूरे कर लिए हैं।

इसके साथ ही वो सबसे तेजी से ये उपलब्धि हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के इस मुकाबले से पहले शमी को 200 विकेट पूरे करने के लिए 3 शिकार करने की जरूरत थी. अपने 12 साल लंबे करियर में पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी का मुकाबला खेल रहे शमी ने निराश नहीं किया और पहले ही ओवर में विकेट लेकर इस रिकॉर्ड की ओर कदम बढ़ाया। फिर अपने चौथे ओवर में भी शमी ने कमाल किया और बांग्लादेश का तीसरा, जबकि अपना दूसरा विकेट हासिल किया। फिर कुछ देर के इंतजार के बाद शमी ने जाकिर अली को आउट कर न सिर्फ 154 रन की बड़ी साझेदारी को तोड़ा, बल्कि अपने 200 विकेट भी पूरे कर लिए। 2013 में वनडे क्रिकेट में डेब्यू करने वाले शमी ने अपने 104वें मैच 200 विकेट पूरे कर लिए।

## रिजवान ने हार का जिम्मेदार बल्लेबाजों को बताया



**मुम्बई, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले ही मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली 60 रनों की करारी हार के लिए अपने बल्लेबाजों और गेंदबाजों को दोष दिया है। इस मैच में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 320 रन बनाये और मेजबानों को जीत के लिए 321 रनों का लक्ष्य दिया था जिसका पीछा करते हुए पाक टीम 47.2 ओवर में 260 रन ही बना पायी।

रिजवान के अनुसार मैच में उनकी टीम ने दो बार लय खोई जिस वजह से न्यूजीलैंड को उन पर हावी होने का अवसर दिया। रिजवान ने मैच के बाद कहा कि उन्होंने अच्छा लक्ष्य दिया, हमें इसकी उम्मीद नहीं थी।

हम 260 के आसपास के स्कोर की उम्मीद कर रहे थे। हमने अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया पर विरोधी टीम ने अच्छा खेला। हम पिच की स्थिति देखते हैं, पहले पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। वहीं जब विल यंग और लेथम ने साथ मिलकर बल्लेबाजी की तो यह आसान हो गया। अंत में हमने त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल की तरह ही गलती की और उन्होंने अच्छा लक्ष्य बनाया। 321 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने धीमी शुरुआत दी, उन्होंने इस मैच में 90 गेंदों का सामना करते हुए 6 चौकों और 1 छक्के की सहायता से केवल 64 रन बनाए। बाबर की इस धीमी पारी की वजह से दूसरे बल्लेबाजों पर दबाव पड़ा जिस वजह से टीम तेजी से बन बनाने के प्रयास में विकेट गंवाती रही। पाक कप्तान ने कहा कि हमें बल्ले से अच्छी शुरुआत नहीं मिली। हमने दो बार लय खोई, एक बार डेथ ओवरों में गेंदबाजी करते समय और फिर पावरप्ले में बल्लेबाजी करते समय।

### ● विदर्भ ने मुंबई को दिया 407 रनों का लक्ष्य

**नागपुर, वार्ता।** यश राठौड़ (151) की जूझारू शतकीय पारी के दम पर रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले के चौथे दिन गुरुवार को विदर्भ ने मुम्बई को जीत के लिए 407 रनों का लक्ष्य दिया। विदर्भ ने कल के चार विकेट पर 147 रन से आगे खेला शुरु किया। आज सुबह शम्स मुलानी ने विदर्भ के कप्तान अक्षय वड़कर (51) को बोल्ड कर मुम्बई को पांचवी सफलता दिलाई। इसके बाद हर्ष दुबे (एक) को तनुष कोटियान ने पगबाधा आउट किया। दर्शन नालकंडे (चार), पार्थ रेखड़े (30), नचिकेत भूटे (एक) रन बनाकर आउट हुए। तनुष कोटियान ने यश राठौड़ (151) को आउटकर विदर्भ की दूसरी पारी का 292 के स्कोर पर सिमट गयी। इसी के साथ विदर्भ की कुल बढ़त 206 रन हो गई। मुम्बई को यह मुकाबला जीतने के लिए 32 ओवर में 407 रन बनाने होंगे। जो नामुमकिन लगता है। मुम्बई की ओर से शम्स मुलानी ने छह विकेट लिए। तनुष कोटियान को तीन विकेट मिले। शार्दुल ठाकुर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले विदर्भ ने पहली पारी में 382 का स्कोर बनाया था।

# मैडिकल शिविर में 200 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

## सहारनपुर हैंडीक्राफ्ट आर्टिशन ट्रस्ट के शिविर का जिलाधिकारी मनीष बंसल ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर हैंडीक्राफ्ट आर्टिशन ट्रस्ट द्वारा मैक्स हॉस्पिटल के सहयोग से लगाये गये नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 200 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाओं का वितरण किया गया।

ईपीसीएच हाउस में आयोजित शिविर का उदघाटन जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा किया गया। शिविर संचालक ट्रस्ट महासचिव औसाफ गुड्डू ने बताया कि मानव सेवा एवं समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।जब भी मौका मिलता है, इस तरह के शिविर के माध्यम से लोगों की सेवा की जाती रहेगी। शिविर में 200 मरीजों के ब्लड प्रेशर, शुगर, ब्लड, यूरीन टेस्ट एवं अन्य बीमा. रियों जैसा हार्ट, शुगर, किडनी, दाँत, हड्डी, पेट की समस्या से संबंधित बीमारियों का निशुल्क जांच पड़ताल कर मुफ्त में दवाइयां भी दी गई। चिकित्सकों ने लोगों को बीमारी एवं आपातक.



ालीन स्थिति से बचाव के टिप्स भी दिये और मरीजों को संयम के साथ अहतियात बरतते हुए

**मानव व समाज सेवा**
**सबसे बड़ा धर्म: औसाफ गुड्डू**

प्राथमिक उपचार व घरेलू नुस्खे के विषय में विस्तारपूर्वक बताया।

इस मौके पर चेयरमैन इरफान उल हक, सचिव अनिल सडाना, फुरकान गुल, अनवार अहमद, जुनैद खान, उमेश सचदेवा, प्रवीण, आसिफ अन्सारी, मोहम्मद शाह जमा, शेख मोहम्मद आरिफ, सोम प्रकाश गोयल, मोहम्मद रिहान, रईस अहमद, मोहम्मद शाकिर, मोहम्मद नययर अन्सारी, साकिब मिर्जा एडवोकेट, ईशान अहमद अन्सारी, फुरकान अहमद, आसिफ, साकिब मिर्जा, एडवोकेट ईशान अहमद अंसारी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# संत रविदास के विचारों को अपनाएं: डा. अजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मेयर डा. अजय कुमार सिंह ने कहा कि संत रविदास के विचारों को न केवल अपनाये बल्कि उन्हे जीवन में अंगीकार भी करें।

मेयर डा. अजय कुमार सिंह आज जनमंच में आयोजित संत समागम सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि संत रविदास ने सभी समाज को आगे बढने की प्रेरणा देते हुए जीवन के रहस्यों से अवगत कराया। उन्होने कहा कि समाज अपने महापुरूषो के बताये मार्ग पर चलकर ही आगे बढ सकता है।

डा. केशव डांडा, रामप्रकाश राणे ने भी संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके दिखाये मार्ग पर चलने का आहवान किया। समागम समारोह में शामिल संत समाज ने संत रविदास द्वारा समाज को



पाखण्ड, ऊंच नीच, जात पात से दूर रहकर समता मूलक समाज स्थापित करने के विचारों से अवगत कराया गया।

इस दौरान पार्षद राजू सिंह, सुलतान सिंह, रोशनदास, अंकुश कुमार, सुनीश प्रधान, शिव कुमार, तेजवीर, सुनील कुमार द्वारा आये अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया गया।

# पार्षद फहाद ने अखिलेश को सौंपा पत्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पार्षद फहाद सलीम ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के दौरे पर मुलाकात कर चुनावी चर्चा की।

सरसावा एयरपोर्ट पर पार्षद फहाद सलीम ने अखिलेश यादव का गुलाब का फूल देकर स्वागत करते हुए संगठन को लेकर चर्चा की। उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए एक पत्र भी अखिलेश यादव को सौंपा। पत्र में युवाओं को भागीदार बनने व संगठन को मजबूत करने लक्ष्य 2027 पर जोर दिया।नगर विधानसभा के सभी बूथों पर समाजवादी पार्टी की बूथ कमेटी व बूथ अध्यक्ष बनने व सभी बूथों को मजबूत व युवाओं को जोड़ने के लिए सुझाव दिया और कहा कि संगठन मुझे जिम्मेदारी दे तो नगर से समा. जवादी पार्टी के प्रत्याशी की जीत होगी।

# प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं कर सकेंगे सरकारी चिकित्सक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जनपद स्तर पर राजकीय चिकित्सकों एवं चिकित्सा शिक्षकों द्वारा की जा रही प्राइवेट प्रैक्टिस की शिकायतों की जांच हेतु गठित सतर्कता समिति गठित की है। यह समिति शिकायतों की जांच करेगी।

जिलाधिकारी ने महानिदेशक चिकित्सा के दिए गये निर्देशों के आधार पर कहा कि चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग के संस्थान प्रमुखों को कि शासन के निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन करते हुए यह सुनिश्चित करें कि आपके नियंत्रणाधीन कोई भी राजकीय चिकित्सक किसी निजी नर्सिंग होम एवं संस्थान में अथवा निजी क्लीनिक में प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त न हो। यदि आपके नियंत्रणाधीन किसी भी राजकीय चिकित्सक द्वारा प्राइवेट प्रैक्टिस में



लिप्त होने की पुष्टि होती है, तो तत्काल उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही की सूचना समिति को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

श्रीबंसल ने निर्देश दिए कि यदि किसी भी राजकीय चिकित्सक द्वारा प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त होने की सूचना किसी अन्य माध्यम से समिति को प्राप्त होती है तो यह समझा जाएगा कि संबंधित नियंत्रक अधिकारी द्वारा जानबूझकर तथ्यों को छिपाया जा रहा है एवं शिथिलता बरती जा रही है। इसलिए संबंधित नियंत्रक अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

जनपद स्तर पर गठित सतर्कता समिति में जिलाधिकारी अध्यक्ष, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी द्वारा नामित अभिसूचना इकाई का सदस्य, प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक एसबीडी, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय सदस्य एवं मुख्य चिकित्साधिकारी सदस्य सचिव होंगे।

बैठक में एसपी सिटी व्योम बिंदल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज डॉ. सुधीर राठी, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रामानन्द, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय डॉ. इंद्रा सिंह, एवं क्षेत्राधिकारी एलआईयू उपस्थित रहे।

# विधायक गुंबर ने सदन में उठाए विकास के मुद्दे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुम्बर ने आज विधानसभा में सीवर लाइन सहित अनेक मुद्दे उठाए।

आज विधानसभा में विधायक राजीव गुम्बर ने सीवरेज व्यवस्था संबंधित विषय उठाते हुए कहा कि महानगर में अमृत कार्यक्रम व स्मार्ट सिटी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रस्तावित सीवर लाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है। बाकी बचे 10 सबजोन में सीवर लाइन के कार्यो के लिए लगभग 1418 करोड़ का प्रस्ताव शासन स्तर पर लंबित है, इन सब जोन में डाले जाने वाली सीवर लाइन के सीवेज को प्रस्तावित एसटीपी में शोधित किये जाने का प्रावधान है और इस कार्य के पूरा होने पर सहारनपुर नगर निगम का पूरा क्षेत्र में सिवरेज लाइन की सुविधा होगी अत: इस विषय में स्वीकृति प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। विधायक राजीव गुम्बर ने राज्यपाल के बजट अभिभाषण पर चर्चा में बोलते हुए कहा कि जब कोई गरीब व्यक्ति घर बनाता है तो विकास प्राधिकरण की ओर से परेशान किया जाता है इसको देखते हुए 100 गज से कम भूमि में घर बनाने पर हर प्रकार की बाध्यताएं खत्म की जाएं। नगर में कूड़ा प्रबंधन से संबंधित प्रस्ताव को अनुमति दी जाए व सहारनपुर स्थित मेडिकल कॉलेज का उच्चीकरण किया जाए व सुविधाओ में वृद्धि की जाए।

# लगातार उड़ रही यातायात नियमों की धज्जियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के साथ-साथ जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं संभागीय परिवहन अधिकारी देवमणि भारतीय वाहन चालकों को सुरक्षित चलने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चला रहे हैं लेकिन इसके बावजूद भी हल्के चौपहिया वाहन चालक बगैर सीट बेल्ट के ड्राइविंग करते देखे जा रहे हैं साथ ही दो पहिया वाहन चालक भी बगैर हेलमेट लगाए सड़कों पर वाहन चलाते घूम रहे हैं।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सरकारी विभागों में कार्यरत तमाम सरकारी कर्मचारियों को दो पहिया वाहन चलाते हुए अपने कार्यालय में आते जाते हुए अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने के आदेश जारी किए हैं जो कर्मचारी बगैर हेलमेट लगाए अपने दो पहिया वाहनों से दफ्तर में आएंगे उनको प्रवेश नहीं दिया जाएगा उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 44534 सड़क दुर्घटनाएं हुई इन सड़क दुर्घटनाओं में 3100098 विभिन्न वाहन चालक घायल हुए हैं सड़क हादसों में 23652 लोगों ने अपनी जाने गवाही हैं ओवर स्पीडिंग से 8 726 लोगों की मृत्यु हुई शराब पीकर वाहन चलाने से 1822 लोगों की मौत हुई जबकि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने की वजह से 1815 वाहन चालक कालकी गाल में समा चुके हैं। दो पहिया वाहन चालकों के द्वारा बगैर हेलमेट वाहन चलाने से 7 397 लोगों की मृत्यु हुई है यातायात पुलिस परिवहन विभाग ने हाला की नियमों का उल्लंघन करने की स्थिति में दंडनीय कार्रवाई करने के भी आदेश दिए हुए हैं लेकिन अफसोस यह है कि चौपहिया एवं दो पहिया वाहन चालक लगातार सुरक्षा एवं यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

## शोभित में एक्सपोजर विजिट आयोजित

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट एंड लैंग्वेजेज स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर एंड एनवायर्नमेंटल साइंसेज विभाग द्वारा गांव बीराखेड़ी स्थित हाई टेक नेचुरल प्रोडक्ट्स इंडिया लिमिटेड की सुपर बी हनी टेस्टिंग लैब में छात्र छात्राओं के लिए एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। एक्सपोजर विजिट के लिए कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह ने सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं पांच शिक्षकों के साथ 52 छात्र छात्राएं को देकर बस को रवाना कराया।

## 24 घंटे में घटना का खुलासा

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम में 24 घण्टे के अंदर बाईक चोरी की एक घटना खुलासा करते हुए आरोपी बाईक चोर को गिरफ्तार किया है।

पीडित सुन्दर कुमार पुत्र राज. कुमार निवासी ग्राम महमूदपुर थरौली थाना कुतुबशेर सहारनपुर की लिखित तहरीर पर अज्ञात चोर द्वारा उसकी काले रंग की स्पलेंडर बाईक को बालासुन्दरी मंदिर के सामने से चोरी कर ले जाने के संबंध में वाहन चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद पुलिस टीम घटना के खुलासे में जुट गई थी। बृहस्पतिवार को थाना प्रभारी / एएसपी विवेक तिवारी की अगुवाई में पुलिस टीम ने आरोपी वाहन चोर संजय पुत्र रघवीर निवासी बिन्नाखेडी थाना नकुड को चोरी की गई बाईक सहित ग्राम धौलाहेडी पुल के निकट से गिरफ्तार किया है।

# समस्याएं लेकर अपर नगर आयुक्त से मिले व्यापारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गृहकर जलकर विभाग से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल से जुड़े व्यापारियों ने अपन नगरायुक्त से मुलाकात कर समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग की।

सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रति. निधिमंडल से जुड़े व्यापारी महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व वरिष्ठ महामंत्री सुरेंद्र मोहन सिंह चावला के नेतृत्व में नगर निगम पहुंचे जहां उन्होंने अपर नगरायुक्त राजेश यादव से मुलाकात कर उन्हें महानगर की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने श्री यादव को बताया कि जिन लोगों ने वर्तमान तक का अपना गृह कर जलकर जमा कर दिया है। उनको भी नोटिस भेज कर पिछले



दो-दो वर्षों के टैक्स मांगे जा रहे हैं। नए टैक्स नीति के अनुसार जिस दुकान का टैक्स जितना है उससे कई-कई गुना अत्यधिक टैक्स का नोटिस उनको भेजा जा रहा है, कई जगह नाम परिवर्तन आसानी से हो सकता है। उन्होंने बताया कि कोर्ट के आदेश होने के बावजूद भी नई-नई समस्या खड़ी करके व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। गृहकर जलकर निर्धारण में पारदर्शिता के बिना कार्य हो रहा है। जिन लोगों पर बहुत सारा बकाया है उनको तो कुछ नहीं कहा जा रहा है परंतु छोटे व्यापारियों को दुकान सील करने के नोटिस दिए जा रहे हैं। अपर नगरायुक्त श्री यादव ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाए तथा समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष विवेक मनोचा व वरिष्ठ महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला, महामंत्री पुनीत चौहान, कोषाध्यक्ष सुधीर मिगलानी, अशोक छाबडा, दीपक खेड़ा, अनुभव शर्मा, पुनीत चौहान, अनिल गुप्ता, गुलशन अनेजा, मुकेश दत्ता, फरजान उल हक, सरदार गुरविन्दर सिंह, मदन लाम्बा, संजीव भारती, स.होशियार सिंह, अशोक नारंग, पवन कुमार, सुनील अरोड़ा, देवेन्द्र चडढा, मनोज बमन, तुषार मारवाह शामिल रहे।

# पूर्णाहुति के साथ महोत्सव सम्पन्न



**सहारनपुर।** सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम के 17वें वार्षिक महोत्सव का आज यज्ञ और पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया।

बेहट रोड़ स्थित मन्दिर में आयोजित कार्यक्रम को मंत्रोच्चारण एवं पूर्णाहुति के साथ आचार्य अमित भारद्वाज, आचार्य मोहित कौशिक, अचार्य शिवमणि, आचार्य शुभम कौशिक, आचार्य दीपक अग्निहोत्री, आचार्य सार्थक जोशी संपन्न कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पदम श्री योगाचार्य भारत भूषण, महापौर अजय कुमार सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता गुरप्रीत सिंह बग्गा तथा वरिष्ठ उद्योगपति देवेंद्र बंसल मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान राधे बहुखंडी, गो. विंद जोशी, अनसूया जोशी, शांतनु जोशी, मयंक जोशी, अजय, कमल प्रकाश शर्मा, विनोद शर्मा, योगेश अग्रवाल, अखिल माहेश्वरी, मनोज वालिया, भानू शिलाविजन, पवन राठौड़ आदि का विशेष सहयोग रहा।

# मेडिग्राम ने लगाया वेरीकोज वेंस एवं डायबिटिक मरीजों के लिए कैंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मेडिग्राम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में वेरीक. ोज वेंस एवं डायबिटिक फुट के मरीजों के लिये निशुल्क कैंप लगाया गया। जिसमें 57 मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया गया।

दिल्ली रोड स्थित हॉस्पिटल परिसर में लगाये गये शिविर में डा.रवि जैन, डा.अंकुर अग्रवाल ने मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया। साथ ही मरीजों को फिजियोथेरेपी एवं डायटिशियन को भी निशुल्क परामर्श देकर सभी जांचों पर छूट प्रदान की गई। इसके अलावा टायबिटिक फुट के मरीजों द्वारा प्रयोग किये जाने वाले विशेष जूतों के बारे में



भी बताया गया।

हॉस्पिटल निदेशक डा.रवि जैन ने बताया कि माह के तीसरे गुरूवार को मेडिग्राम वेरीकोज वेंस एवं डायबिटिक फुट की ओपीडी का आयोजन करता है। जिसमें परामर्श के अतिरिक्त वैरिकोज वैंस तथा नसों से संबंधित सभी प्रकार की जटिक से जटिल सर्जरी भी मेडिग्राम हॉस्पिटल में की जायेगी।

## गीत प्रतियोगिता का आयोजन

**गंगोह।** श्री रामबाग सरस्वती विद्या मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय मे गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा व प्रतियोगिता प्रमुख आचार्या कमला ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। देशभक्ति व रामलला को समर्पित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में नित्य व प्रणव प्रथम, आइशा, आयुष द्वितीय व तानिया, आशियाना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राइमरी वर्ग में हनी प्रथम, अवनी द्वितीय व परी, अवनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता बच्चों को प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति व आचार्य परिवार द्वारा भैया बहिनों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# पुलिस व एएनटीएफ टीम ने पकड़ी छह किलो चरस

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस एवं मेरठ की एएनटीएफ यूनिट की संयुक्त टीम ने दो शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में चरस बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मंडी कोतवाली पुलिस व एएनटीएफ मेरठ की संयुक्त टीम ने प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार व एएनटीएफ यूनिट मेरठ के उपनिरीक्षक राहुल कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर दो शातिर नशा तस्करों महेंद्र भर पुत्र अवधराम भर निवासी ग्राम लोहरोला थाना गणेशपुर जिला कपिलवस्तु नेपाल व शादाब उर्फ हक्कल पुत्र तौहीद हक्कल निवासी मौहल्ला खेल कलां पुराना बाजार निकट जामा मस्जिद थाना कैराना जनपद शामली को पीर वाली गली के पास थाना मंडी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरो. पियों के कब्जे से 6 किग्रा 200 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली। दबोचे गए आरोपी महेंद्र भर ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि मैं नेपाल से चरस लाकर शादाब को सहारनपुर में बेच देता हूं तथा शादाब इसे सहारनपुर, शामली व गाजियाबाद आदि स्थानों पर महंगे दामों में बेचकर मुनाफा कमाता है। दबोचे गए आरोपी शातिर किस्म के आरोपी हैं जिनके खिलाफ अलग-अलग मामलों में तीन व दो मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा-8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# सामाजिक समरसता यात्रा का स्वागत

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत के फतेहपुर चौक पर विश्व हिंदू परिषद के तत्वदान में संत शिरोमणि रविदास की जयंती के उपलक्ष में सामाजिक समरसता यात्रा का नगर के फतेहपुर चौक पर पहुंचने पर सनातनियों द्वारा फूल और मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि हम सभी सनातनी कण कण में भगवान का दर्शन करते हैं प्रकृति में ईश्वर का दर्शन करते हैं जातिगत भेदभाव छुआछूत क्षेत्रवाद भाषावाद का हमारे जीवन दर्शन धर्म, परंपराओं में कोई स्थान नहीं है सभी हिंदू आपस में भाई हैं कोई अपवित्र नहीं है कोई भेदभाव नहीं है कहा कि सामाजिक समरसता द्वारा ही हम एक आधुनिक संपन्न समाज का निर्माण कर सकते हैं इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य संयोजक अनुज जैन विहिप कार्यकर्ता रोहित सैनी जिला सोशल मीडिया प्रभारी रहे यात्रा के दौरान प्रसाद वितरण का भी कार्यक्रम किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता देवेंद्र अग्रवाल समरसता प्रमुख बेहट जिला सत्यानंद धनकर विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त संयोजक,डॉ देवेंद्र सैनी छुटमलपुर मंडल अध्यक्ष अमित सेन नगर प्रभारी श्रीमती मंजू शर्मा एडवोकेट बजरंग दल प्रान्त बलो उपासना प्रमुख हरीश कोशिक सोना पंडित गोरक्षा दल प्रमुख दुष्यंत सैनी पूर्व प्रधान सुनील कुमार डॉक्टर अक्षय दीक्षित डॉक्टर संजय सैनी विहिप वरिष्ठ कार्यकर्ता बलिंदर कुमार धर्मदास गणेश दत्त शर्मा दिनेश शर्मा संदीप रोहिल्ला राजीव शर्मा अमरदीप राणा विजय राणा सुधीर सैनी प्रीतम कुमार करण सिंह राणा गगन शर्मा तुषार तोमर अंकित आर्य सोनू सेन राजकिशोर बबीता काम्बोज उर्मिला सैनी अंजू टाक कमला देवी लक्ष्य शर्मा गौ रक्षा प्रमुख बजरंग दल कपिल देवांश कंबोज दीक्षांत चौहान अंकित वाल्मीकि सचिन वाल्मीकि वंश सैनी विनय राणा हर्ष तोमर आदि नगर के हिंदू संगठन से जुड़े हुए कार्य कर्ता मौजूद रहे।

❑**सहारनपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन से जुड़े उद्यमियों ने आज उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा पेश वर्ष 2025-26 के वित्त बजट को औद्योगिक विकास के लिए कारगर बताया है। आईआईए के चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना ने बजट पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने बताया कि एमएसएमई की परिभाषा में निवेश और कारोबार सीमा को क्रमश: 2.5 और 2 गुना बढ़ाया गया।

# एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाए जौहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** 28वीं अंतर अंतर्जनपदीय पुलिस एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आज गौतम बुद्ध नगर और मेरठ के खिलाड़ियों का दबदबा रहा प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों से आए पुलिस एथलीट खिलाड़ियों ने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

आज गांधी पार्क के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रोहित सिंह साजवान ने मेरठ जोन मेरठ की 28वीं अन्तर जनपदीय पुलिस एथलेटिक्स कलस्टर (एथलेटिक, साइकिलिंग) प्रतियोगिता-2025 के मार्च पास्ट का मान प्रणाम ग्रहण करने के उपरान्त प्रतियोगिता के शुभारम्भ की घोषणा की गयी। इस प्रतियोगिता में मेरठ जोन की 9 जनपद / कमिश्नरेट की टीमों में से 08 टीमो द्वारा प्रतिभाग किया गया, जनपद



बागपत की टीम द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया, इस प्रकार कुल 8 टीमों के प्रतियोगी भाग ले रहे हैं।

आज खेली गई प्रतियोगिताओं में 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में मेरठ के प्रिंस ने एवं गाजियाबाद की शिवानी हृदय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में गौतम बुद्ध नगर के अजीत चौहान एवं गौतम बुद्ध नगर की ही प्रियंका सिकरवार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर बाधा दौड़ में मेरठ के भूपेंद्र व गाजियाबाद की लवली राजपूत प्रथम स्थान पर रही। शॉट पुट में सहारनपुर के शिवम चौधरी एवं गाजियाबाद की शिखा पवार अव्वल रही। तस्तरी फेक में भी शिखा पवार ने बाजी मारी। ऊंची कूद में मेरठ के बिजेंदर एवं गौतम बुध नगर की अनु ने बाजी मार प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर सह आयोजन सचिव/ पुलिस अधीक्षक लाइन्स सिद्धार्थ वर्मा, पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिन्दल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन, सहायक पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी लाइन्स मनोज कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी अपराध मुनीश चन्द, प्रतिसार निरीक्षक बीरेन्द्र बहादुर एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में एथलेटिक कोच लाल धर्मेन्द्र प्रताप, एन.आई.एस कोच योगेन्द्र यादव, ईश्वर पाल, यशपाल सिंह पुण्डीर, पोपिन, अमजद, दीपक कुमार, अंकित गुप्ता, अंजली शर्मा, राखी, आरजू तथा साइकिलिंग कोच अनिल कुमार सैनी, रविकान्त धीमान, अकरम, ऋषिपाल, पायल व खुशी सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# दिल्ली: चुनौतियों का ताज

दिल्ली करीब 27 साल के बाद एक निर्णायक जनादेश के साथ बीजेपी की वापसी हुई है। रेखा गुप्ता की अगुवाई में नई सरकार ने शपथ ले ली है। इस नई बीजेपी सरकार को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा जिनमें अपने प्रमुख चुनावी वादों को पूरा करना, पिछली सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखना, शहर के प्रदूषण और बुनियादी ढांचे की समस्याओं को ठीक करना और यमुना की सफाई शामिल है। भाजपा सरकार को राष्ट्रीय राजधानी की वित्तीय सेहत पर नजर रखते हुए ये सारे काम करने होंगे। अपने गठन के बाद से पहली बार सत्ता से बाहर हुई आम आदमी पार्टी अब विपक्ष में होगी, और भाजपा पर दबाव बनाएगी। भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की शीर्ष प्राथमिकताओं में दिल्ली की महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक मानदेय प्रदान करने के अपने वादे को पूरा करना होगा। यह पार्टी के घोषणापत्र में एक प्रमुख प्रतिबद्धता थी और इसे आप के 2100 रुपये के वादे से आगे निकलने के लिए तैयार किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक फरवरी को द्वारका में एक रैली को संबोधित करते हुए आश्वासन दिया था कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो पहली कैबिनेट बैठक में राशि हस्तांतरित करने का निर्णय लिया जाएगा। आप ने मानदेय का भुगतान करने की भाजपा की प्रतिबद्धता पर संदेह जताया है। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने इस शुक्रवार को कहा कि वह नई सरकार को जवाबदेह ठहराएंगी। भाजपा के लिए एक और बड़ी चुनौती आप सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखना होगा, जिसमें 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी का कनेक्शन और महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा आदि शामिल हैं। जबकि भाजपा ने मतदाताओं को आश्वासन दिया है कि ये लाभ बंद नहीं किए जाएंगे, आप नेताओं ने पार्टी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता पर सवाल उठाए हैं। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मतदाताओं को भरोसा दिलाया था कि मुफ्त योजनाएं जारी रहेंगी लेकिन ऐसे कार्यक्रमों में 'भ्रष्टाचार' को खत्म किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में अपने प्रमुख कार्यक्रमों को भी लागू करना है। भाजपा ने दिल्ली में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू करने का वादा किया था और यह चुनावी मुद्दा बन गया था। भाजपा ने दिल्ली के सभी 'मोहल्ला क्लीनिक' में सुधार करने का भी संकल्प लिया है और इनके कामकाज में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। राजौरी गार्डन से भाजपा विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि 'मोहल्ला क्लीनिक' को 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' के रूप में पुन: पेश किया जाएगा और इनमें बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाएगी। भाजपा के अभियान के दौरान यमुना की सफाई एक बड़ा मुद्दा था। भाजपा ने एक दशक लंबे शासन में नदी की सफाई में विफल रहने के लिए आप को घेरा, जबकि केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार नदी को 'जहरीले अमोनिया' से प्रदूषित कर रही है। दिल्ली में पांच फरवरी को हुए चुनाव में जीत के बाद भाजपा के विजय उत्सव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नदी की सफाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रशासन ने दिल्ली में यमुना के 57 किलोमीटर लंबे हिस्से में सफाई अभियान के लिए कचरा निकालने वाली मशीनें, खरपतवार निकालने वाली मशीनें और ड्रेजर तैनात करना शुरू कर दिया है। इसके अलावा, भाजपा सरकार पर दिल्ली की खराब होती सड़कों और सीवेज व्यवस्था को सुधारने का दबाव होगा। खराब बुनियादी ढांचा मतदाताओं की एक बड़ी चिंता थी और इन मुद्दों का समाधान करना सरकार की विश्वसनीयता के लिए महत्वपूर्ण होगा। प्रदूषण दिल्ली के लिए सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है, क्योंकि यह वैश्विक स्तर पर सबसे प्रदूषित राजधानियों में से एक है। भाजपा सरकार पर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति को अद्यतन करने सहित एक प्रभावी प्रदूषण नियंत्रण रणनीति को लागू करने का दबाव होगा, जिसे आप 2020 में लागू होने के बाद संशोधित करने में विफल रही।

## देश का हर दलित आंबेडकर



कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बृहस्पतिवार को दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे जहां पर उन्होंने दलित छात्रों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि दलितों के साथ जो हजारों साल में अन्याय और भेदभाव हुआ है डॉ. आंबेडकर ने वो ध्यान में रखकर संविधान बनाया है। देश की हजारों साल की संस्कृति और महापुरुषों के विचार देश के संविधान में हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर के विचार समाज से आए हैं। देश का हर दलित आंबेडकर है। डॉ. आंबेडकर ने संविधान के माध्यम से दलितों को शक्ति दी है। उन्होंने कहा कि आज देश में संविधान की आवाज को दबाया जा रहा है। देश में दलितों की आबादी 15 प्रतिशत है लेकिन इसके अनुपात में देश की टॉप कंपनियों के मालिक और सीइओ दलित समाज से नहीं हैं।

**राहुल गांधी**
**लोकसभा में विपक्ष के नेता**

# ओडिशा में नेपाली छात्रा की मौत

## भारत नेपाल संबंधों में खटास का एक और कारण न बन जाए...




यशोदा श्रीवास्तव


ओडिशा में मृत नेपाली छात्रा के शव के अंतिम संस्कार में उमड़े जनसैलाब और भारत के प्रति उसके गुस्से को देख ऐसी आशंका है कि नेपाल में भारत विरोधी बयार और तेज होगी। माना कि सभी नेपाली नागरिक और सभी राजनीतिक दल भारत से नफरत का भाव नहीं रखते लेकिन पहाड़ की बहुतायत जनसंख्या भारत के विरोध में रहती है। चूंकि नेपाल के मौजूदा पीएम केपी शर्मा ओली की छवि भारत विरोध की है, इसलिए उनके दल एमाले के समर्थकों को भारत विरोधी माना जाता है। भारत सीमा से सटे बुटवल और भैरहवा तक में ऐसी प्रतिक्रिया देखी गई। सत्तारूढ़ दल एमाले के युवा और छात्र संगठन इस मुद्दे को भारत विरोध का बड़ा मुद्दा बनाने के प्रयास में हैं। नेपाल की छात्रा के साथ ओडिशा में घटित घटना के आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है लेकिन शिक्षण संस्थान जिसमें वह छात्रा पढ़ रही थी, के प्रशासन द्वारा उसी संस्थान में पढ़ रहे करीब 500 नेपाली छात्रों के साथ किया गए बर्ताव से नेपाल सरकार भारत मे शिक्षा ले रहे अपने छात्रों के प्रति चिंतित है। भारत सरकार को भी इस बात की चिंता करनी चाहिए कि प्रतिक्रिया स्वरूप नेपाल के मेडिकल कालेजों में पढ़ रहे हजारों भारतीय छात्र-छात्राओं के साथ कुछ ऐसा न हो।

बता दें की ओडिशा में कलिंगा इंस्टीटयूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली नेपाल के बुटवल की छात्रा प्रकृति लमसाल की बीते रविवार की हास्टल के उसके कमरे मे रहस्यमय मौत हो गई। इस संस्थान में नेपाल के तकरीबन 500 और छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। प्रकृति लमसाल बीटेक तीसरे वर्ष की छात्र थी। उसकी आक्समिक मौत की खबर से वहां पढ़ रहे नेपाली छात्र आक्रोशित हो गए और शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर घटना की निष्पक्ष जांच की मांग करने लगे। विश्वविद्यालय प्रशासन सूझबूझ से काम लेने के बजाय नेपाली छात्रों से हास्टल खाली कराकर उन्हें नेपाल वापस जाने के लिए भूवनेश्वर व कटक रेलवे स्टेशन पर पंहुचा दिया। विश्वविद्यालय के गार्डों ने नेपाली छात्रों के साथ मार पिटाई भी की।

प्राकृतिक लमसाल की मौत के पीछे विश्वविद्यालय प्रशासन ने 'रोमांटिक' कनेक्शन बताया है। आक्रोशित नेपाली छात्रों का कहना है कि प्राकृति को एक भारतीय छात्र लगातार परेशान कर रहा था। इसकी शिकायत विश्वविद्यालय प्रशासन से कई बार की गई लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। इस बीच प्राकृति और भारतीय छात्र के बीच वार्ता का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसे नेपाल में घर-घर देखा सुना जा रहा है। यह वीडियो नेपाल में भारतियों के प्रति नफरत की आग में घी का काम कर रहा है। ओडिशा के केआईआईटी के डायरेक्टर एक राजनेता हैं अच्युताय नंद सामंत। अच्युतानंद सामंत वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष हैं। उनके हिस्से में ढेर सारी उपाधियां, उपलब्धियां दर्ज है। 2019 से 2024 तक वे ओडिशा के कंधमाल से बीजू जनता दल के संसद सदस्य (लोकसभा) थे। उत्कल विश्व. विद्यालय से रसायन विज्ञान में एम.एस. सी. की डिग्रीधारी सामंत ने भुवनेश्वर के एक कॉलेज में रसायन विज्ञान के व्याख्याता के रूप में अपना करियर शुरू किया। सामंत को कई पुरस्कार मिले और उन्होंने सामा. जिक उद्यमिता के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए। अमेरिकन एज फाउंडेशन ने उन्हें दुनिया के शीर्ष 15 सामाजिक उद्यमियों में शामिल किया। सामंत का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भारत के किसी भी विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के चांसलर के रूप में दर्ज है। सामंत यूजीसी के दो बार सदस्य भी रहे। मात्र दो कमरे में केआईआईटी की शुरुआत करने वाले अच्युताय नंद सामंत का इतना बड़ा साम्राज्य रहस्यमयी संसार से कम नहीं। प्राकृति की मौत की घटना के बाद जब नेपाली छात्र आक्रोशित हुए तो इस विश्व. विद्यालय प्रशासन का कोई चिंटू दावा कर रहा था कि जितना नेपाल सरकार का बजट है उससे ज्यादा इस विश्वविद्यालय का बजट है। दावा है कि वर्तमान में इस संस्थान में 40 हजार छात्र हैं और 65 देशों का प्रतिनिधित्व है। नेपाल के बुटवल की रहने वाली प्राकृति भी इसी 65 देशों में से एक नेपाल का हिस्सा थी जो इस संस्थान के क्रूर और निर्दयी प्रशासन का शिकार हो गई। बहर हाल इस घटना के विरोध में नेपाल के राजनीतिक दल और छात्र संगठन लगातार आंदोलनरत हैं, यह और उग्र न हो इसे रोकने की जिम्मेदारी दोनों देशों के राजनयिक और उच्च प्रशासन की है। ताकि ऐसा न हो कि यह घटना भारत नेपाल संबंधों में खटास का एक और कारण बन जाए।



# हार्ट अटैक के जोखिम को बढ़ा सकती हैं आपकी ये आदतें



हार्ट हेल्थ

### इन बातों का रखें खास ख्याल...

**दुनियाभर** में हृदय रोग मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक रहे हैं। आंकड़ों की मानें, तो हर साल हार्ट अटैक की वजह से लाखों लोगों की मौत हो जाती है। कुछ दशकों पहले तक हृदय की समस्याओं को उम्र बढ़ने के साथ होने वाली बीमारी के रूप में देखा जाता था। हालांकि अब तो कम उम्र के लोग भी हार्ट अटैक का शिकार हो रहे हैं। वहीं हृदय की समस्याएं किन वजहों से होती है, इस पर नजर डालें तो पता चलता है कि लोगों की अनहेल्दी लाइफस्टाइल जैसे व्यायाम की कमी, दिनभर बैठे रहना, धूम्रपान की आदत और डाइट पर ध्यान न देना हार्ट अटैक का कारण बन सकती है।

दरअसल, जिन लोगों को शुगर, ब्लड प्रेशर या कोलेस्ट्रॉल लेवल अक्सर बढ़ा रहता है। इनमें हार्ट अटैक का जोखिम भी अधिक रहता है। लेकिन इसको लेकर व्यक्ति को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए बताने जा रहे हैं कि वह क्या कारण हैं, जो हार्ट अटैक के जोखिम को बढ़ाते हैं और इसको लेकर सावधानी भी बरतनी चाहिए।

### हार्ट अटैक...

बता दें कि दिल का दौरा तब पड़ता है, जब हृदय में रक्त प्रवाह कम या फिर पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाता है। आमतौर पर यह रुकावट हृदय की धमनियों में फैट, कोलेस्ट्रॉल और अन्य पदार्थों में जमाव के कारण होती है और इस जमाव को प्लाक भी कहा जाता है। अगर आपको सीने में दर्द, जकड़न या दबाव महसूस हो रहा हो। साथ ही यह दर्द पीठ, कंधे, हाथ, गर्दन और जबड़े तक फैल जाए, तो यह हार्ट अटैक के लक्षण हो सकते हैं।

### नींद तो नहीं है समस्या...

कई बार नींद न आने पर या नींद पूरी न होने की स्थिति शारीरिक और मान. सिक स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक माना जाता है। लेकिन अगर यह समस्या लंबे समय तक बनी रहती है, तो हार्ट अटैक का कारण भी बन सकती है। आमतौर पर जो लोग रात में 6 घंटे से कम की नींद लेते हैं, उनमें दिल का दौरा पड़ने की आशंका अधिक रहती है, जोकि 6-8 घंटे की नींद लेते हैं। दरअसल, अनिद्रा या स्लीप एप्निया जैसी नींद संबंधी बीमारी शरीर में सूजन और रक्तचाप की समस्या बढ़ाने लगती हैं। वहीं इससे हार्मोन संतुलन बिगड़ने का भी खतरा रहता है। यह सभी बीमारियां दिल पर दबाव डालकर हार्ट अटैक को ट्रिगर करने वाली हो सकती है।

### ठंड के मौसम में बरतें सावधानी

ठंड का मौसम आपके हृदय स्वास्थ्य पर भी सीधा असर डालता है। इस मौसम में हृदय रोग के शिकार लोगों के लिए कई तरह की दिक्कतें बढ़ाने वाला हो सकता है। सर्दी की वजह से धमनियां संकरी हो सकती है। f

# समुद्री मकड़ियां खुद को रेत में क्यों दबाती है?

स्रोत फीसर्च

दक्षिणी अंटार्कटिक महासागर के ठंडे पानी में रहना कई जीवों के लिए प्रतिकूल परिस्थितियों से परिपूर्ण होगा, लेकिन एक प्रकार की समुद्री मकड़ी (छलउचीवद नेजतंसम) के लिए यह जगह बहुत ही आरामदायक है।


लंबी टांग वाली इन समुद्री मकड़ियों की साइज करीब 4 से.मी. होती है। वास्तव में ये मकड़ी होती ही नहीं हैं किंतु उनके जैसी ही दिखती हैं। ये तो पाइनोगोनिडा नामक आर्थ्रोपोड समूह से सम्बंधित हैं। ऐसी ही एक समुद्री मकड़ी है छलउचीवद ने. जतंसम जिसके बारे में काफी बातें अनजानी हैं। इस अकेशरुकी जीव की जीवनशैली कैसी है, ये क्या खाती हैं और इन्हें कौन खाता है, इनका व्यवहार कैसा है वगैरह सवाल अभी भी अनुत्तरित हैं।

इनके बारे में जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से सेंट्रल मिशिगन युनिवर्सिटी के समुद्र जीवविज्ञानी एंड्रयू महोन और उनके साथियों ने इन्हें समुद्र से पकड़ा और प्रयोगशाला के एक छोटे से मछलीघर में रखा।

शोधकर्ताओं ने देखा कि इनमें से एक मकड़ी बहुत धीमे-धीमे रेत खोद रही थी, फिर उसने अपना धड़ रेत में दबा लिया और अपने आठ पैर बाहर ही रहने दिए जो लहरा रहे थे। देखा गया कि ये मकड़ियां ऐसा बार-बार ऐसा कर रहीं थीं। खुद को रेत में दफनातीं, फिर बाहर निकलतीं और वहां से दूसरी जगह चली जातीं।


लेकिन वे ऐसा करती क्यों हैं। एक बैठक में अपने अवलोकन प्रस्तुत करते समय शोधकर्ताओं के सामने इनके इस व्यवहार के कारण को लेकर कुछ अनुमान सामने आए। एक अनुमान था कि संभवत: वे अपने इन उपांगों के माध्यम से 'सांस' लेती होंगी, जैसा कि कुछ अन्य प्रजातियां करती हैं। एक अन्य अनुमान था कि वे रेत के नीचे दबे शिकार तलाशती होंगी, लेकिन इस अनुमान पर तर्क था कि ऐसा होने की संभावना इसलिए नहीं लगती क्योंकि अधिकांश मकड़ियां मांसाहारी होती हैं और वे अपने शिकार को हिलते-डुलते हुए महसूस करना चाहती हैं।

अब बारी थी इन अनुमानों को परखने की और उनके इस व्यवहार के कारण को समझने की। इसके लिए महोन और उनकी टीम ने समुद्री मकड़ियों की आंतों में सूक्ष्मजीवी डीएनए के नमूने लिए और उसे समुद्र के पेंदे के नीचे से लिए गए सूक्ष्मजीवों के नमूने से मिला कर देखा। पाया गया कि आंत के नमूने पेंदे में दफन नमूनों से मेल खा रहे थे। इससे लगता है कि ये जीव पेंदे के नीचे बैक्टीरिया और संभवत: अन्य सड़ने वाले कार्बनिक पदार्थों को खाते होंग



## भाषाओं के संरक्षण के लिए हो गंभीर वैश्विक प्रयास...

# विश्व की सभी भाषाओं का हो सम्मान








योगेश कुमार गोयल


मातृभाषा की मदद से न केवल क्षेत्रीय भाषाओं के बारे में जानने-समझने में सहायता मिलती है बल्कि एक-दूसरे से बातचीत करना भी आसान हो जाता है। यही वजह है कि भाषा की विविधता को विस्तार से जानने के लिए कई देशों ने इस विषय पर मिलकर काम करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत एक क्षेत्र का व्यक्ति किसी दूसरे क्षेत्र के व्यक्ति की मातृभाषा को न केवल जान पाएगा बल्कि उसे सीख भी सकेगा।

मानव जीवन में भाषा महत्व को देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति व बौद्धिक विरासत की रक्षा करने, भाषायी तथा सांस्कृतिक विविधता एवं बहुभाषावाद का प्रचार करने और दुनियाभर की विभिन्न मातृभाषाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उनके संरक्षण के लिए यूनेस्को द्वारा हर साल 21 फरवरी को वैश्विक स्तर पर 'अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' मनाता जाता है। यह दिवस भाषाओं का जश्न मनाने का समय है, साथ ही यह भाषाओं की विविधता और बहुभाषिता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी समय है। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने का एक महत्वपूर्ण कारण बहुभाषिता को बढ़ावा देना भी है। बहुभाषिता एक से अधिक भाषा बोलने की क्षमता है, जो कई मायनों में फायदेमंद हो सकती है। यह लोगों को विभिन्न संस्कृतियों को समझने में मदद कर सकती है और उन्हें बेहतर संचारक भी बना सकती है।

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस प्रतिवर्ष एक महत्वपूर्ण थीम के साथ मनाया जाता है और इस अंतर्राष्ट्रीय दिवस के लिए इस वर्ष की थीम है 'भाषाएं मायने रखती हैं' अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का रजत जयंती समारोह'। 2024 में यह दिवस 'बहुभाषी शिक्षा अंतर पीढ़ीगत शिक्षा का एक स्तंभ है' विषय के साथ मनाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 2023 की थीम 'बहुभाषी शिक्षा: शिक्षा को बदलने की आवश्यकता' थी। इससे पहले 2022 की थीम 'बहुभाषी शिक्षण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग: चुनौतियां और अवसर' थी जबकि 2021 के मातृभाषा दिवस की थीम थी 'शिक्षा और समाज में समावेशन के लिए बहुभाषावाद को प्रोत्साहन'। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2019 को स्वदेशी भाषाओं के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में घोषित किया गया था।

यूनेस्को द्वारा मातृभाषा दिवस मनाने की घोषणा 17 नवम्बर 1999 को की गई थी और पहली बार वर्ष 2000 में इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया गया था। सही मायनों में इस दिवस को मनाए जाने की शुरुआत अपनी मातृभाषा के लिए बांग्ला भाषा बोलने वालों के प्यार के कारण ही हुई थी। 21 फरवरी को ही यह दिवस मनाए जाने का सुझाव कनाडा में रहने वाले बांग्लादेशी रफीकुल इस्लाम द्वारा दिया गया था, जिन्होंने बांग्ला भाषा आन्दोलन के दौरान ढाका में 1952 में हुई नृशंस हत्याओं को स्मरण करने के लिए यह दिन प्रस्तावित किया था। भाषा के इस बड़े आन्दोलन में शहीद हुए युवाओं की स्मृति में ही यूनेस्को द्वारा वर्ष 1999 में निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष 21 फरवरी को दुनियाभर में मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। विश्वभर में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर भाषा तथा संस्कृति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और शिक्षा तथा साहित्य से जुड़े लोग विभिन्न भाषाओं को लेकर चर्चा करने के साथ-साथ किसी भी भाषा को सरल व सुगम बनाने के लिए परामर्श भी देते हैं। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के मुताबिक दुनियाभर में बोली जाने वाली करीब सात हजार भाषाओं में से 90 फीसद भाषाएं बोलने वाले लोग एक लाख से भी कम हैं। चिंता की बात यह है कि दुनियाभर में बोली जाने वाली सभी भाषाओं में से अब 40 फीसद से अधिक भाषाएं लुप्तप्राय हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक केवल कुछ सौ भाषाओं को ही शिक्षा प्रणालियों और सार्वजनिक क्षेत्र में जगह मिली है और वैश्विक आबादी के करीब चालीस फीसदी लोगों ने ऐसी भाषा में शिक्षा प्राप्त नहीं की, जिसे वे बोलते अथवा समझते हैं। डिजिटल दुनिया में तो वैश्विक स्तर पर सौ से भी कम भाषाओं का उपयोग किया जाता है। वैश्वीकरण के इस दौर में बेहतर रोजगार के अवसरों के लिए विदेशी भाषा सीखने की होड़ मातृभाषाओं के लुप्त होने के पीछे एक प्रमुख कारण माना जाता है।

लुप्त हो रही भाषाओं के संरक्षण के लिए भारत में 'लुप्तप्राय भाषाओं की सुरक्षा और संरक्षण' योजना भी चलाई जा रही है। यूजीसी देश में उच्च शिक्षा पाठयक्रमों में क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने तथा 'लुप्तप्राय भाषाओं के लिए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में केन्द्र की स्थापना' योजना के तहत कई केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को सहयोग करता है। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषाओं के विकास पर काफी ध्यान दिया गया है, जिसमें सुझाव दिया गया है कि जहां तक संभव हो, कम से कम पांचवीं कक्षा तक तो शिक्षा का माधयम मातृभाषा अथवा क्षेत्रीय भाषा ही होना चाहिए। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार भी शिक्षा का माध्यम, जहां तक व्यावहारिक हो, बच्चे की मातृभाषा ही होनी चाहिए। दरअसल प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा दिए जाने से यह छात्रों को उनकी पसंद के विषय तथा भाषा को सशक्त बनाने में मददगार साबित होगा और यह भारत में बहुभाषी समाज के निर्माण, नई भाषाओं को सीखने की क्षमता इत्यादि में भी मदद करेगा। प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधा के लिए संविधान के अनुच्छेद 350ए में स्पष्ट है कि देश के प्रत्येक राज्य और स्थानीय प्राधिकारी का प्रयास होगा कि वह भाषायी अल्पसंख्यक समूहों के बच्चों को शिक्षा के प्राथमिक चरण में मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करें। बहरहाल, हालांकि आज भारत सहित कई बड़े देशों में भाषा को सरल एवं सुगम बनाने के लिए कई प्रकार की योजनाएं तैयार की जा रही हैं और छात्रों को विभिन्न भाषाओं की जानकारी मिल सके, इस उद्देश्य से कई विश्वविद्यालयों में भाषा को लेकर नए कोर्स भी तैयार किए जा रहे हैं लेकिन भाषाओं के संरक्षण के लिए गंभीर वैश्विक प्रयासों की सख्त दरकार है।

**(लेखक 35 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार तथा कुछ चर्चित हिन्दी भाषी पुस्तकों के लेखक हैं)**




# दिल्ली की शहंशाह









# मैं रेखा गुप्ता शपथ लेती हूं...

## रेखा गुप्ता ने दिल्ली की चौथी महिला सीएम के तौर पर ली शपथ

## पीएम मोदी सहित एनडीए के बड़े नेता रहे मौजूद

**नई दिल्ली।** रेखा गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ले ली है। वह दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री बन गई हैं। उन्होंने रामलीला मैदान में पद की शपथ ली। यह पार्टी के लिए ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि बीजेपी 27 साल बाद राजधानी में सत्ता में वापस लौटी है। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं।

### हरियाणा में जन्म

रेखा गुप्ता का जन्म 1974 में हरियाणा के जींद जिले के नंदगढ़ गांव में हुआ था। 1976 में उनका परिवार दिल्ली आ गया, जहां उनकी पूरी शिक्षा हुई। रेखा राजनीति में बचपन से ही रुचि रखने लगीं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छात्र संगठन ABVP से जुड़ गईं।

### छात्रसंघ की अध्यक्ष रहीं

दिल्ली विश्वविद्यालय में वे छात्रसंघ की अध्यक्ष बनीं। इसके बाद उन्होंने भाजपा में विभिन्न पदों पर काम किया। रेखा 2003-04 में भाजपा युवा मोर्चा की दिल्ली इकाई से जुड़ीं और यहां सचिव पद पर रहीं। इसके बाद 2004 से 2006 तक उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव के तौर पर जिम्मेदारी निभाई।

### 2007 में बनीं पार्षद

2007 में रेखा उत्तर पीतमपुरा से पार्षद बनीं। इसके बाद 2007-09 में एमसीडी में महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति की 2 साल तक अध्यक्ष रहीं। वह 2009 में दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की महासचिव रहीं। रेखा गुप्ता को 2010 में भाजपा ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य की जिम्मेदारी दी।

### झटपट विधायक झटपट सीएम

रेखा गुप्ता भी केजरीवाल की तरह हरियाणा मूल की हैं और वह भजनलाल शर्मा की तरह पहली बार विधायक बनते ही सीएम बन गईं।

### मिली जेड कैटेगरी की सुरक्षा

दिल्ली की मनोनीत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को Z कैटेगरी की सुरक्षा दी गई है। गृह मंत्रालय के आदेश पर दिल्ली पुलिस ने जेड श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई है। इसके अलावा रेखा गुप्ता के घर की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। शपथ लेते ही दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जैड कैटेगरी सुरक्षा मिल जाएगी। इसमें 2 PSO राउंड द क्लॉक और 1 एस्कॉर्ट गाड़ी रहेगी। रेखा गुप्ता के घर पर फ्रंट पर 4 पुलिसकर्मी, बैंक साइड पर 4 पुलिसकर्मी और 2 कमांडो मौजूद रहेंगे।

### सीएम बनने पर कहा...

दिल्ली की मुख्यमंत्री चुनी गई रेखा गुप्ता ने कहा कि यह बड़ी जिम्मेदारी है। पीएम मोदी व बीजेपी हाईकमान का मुझमें विश्वास जताने के लिए आभार व्यक्त करती हूं। मेरी प्राथमिकता उन सभी वादों को पूरा करने की होगी, जो वादे हमारी पार्टी ने किए हैं। दूसरा यह है कि 48 विधायक टीम मोदी की तरह काम करेंगे। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री बनूंगी। पिछली आम आदमी पार्टी की भ्रष्ट सरकार को एक-एक पैसे का हिसाब देना होगा।



**पवन कल्याण और पीएम के बीच मंच पर हुआ संवाद, पीएम मोदी- पवन क्या हिमालय जाने की तैयारी है? पवन कल्याण- नहीं पीएम सर अभी इसमें वक्त है।**



## मंत्रीमंडल में 6 नेताओं ने पाई जगह



प्रवेश वर्मा



आशीष सूद



मनजिंदर सिंह



रविंद्र इन्द्राज



कपिल मिश्रा



पंकज सिंह

# 25000 से अधिक सुरक्षाकर्मी रहे तैनात

**नई दिल्ली।** रामलीला मैदान में नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के लिए राष्ट्रीय राजधानी में 25,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी और अर्द्धसैनिक बलों की 15 से अधिक कंपनियां तैनात की गई थी। पुलिस के मुताबिक, कमांडो, त्वरित प्रतिक्रिया दल, पीसीआर वैन और स्वाट टीमों को रणनीतिक स्थानों पर तैनात किया गया है, जबकि स्नाइपर्स को पास की ऊंची इमारतों पर तैनात किया गया है।

**धीरेंद्र शास्त्री ने भेजीं शुभकामनाएं**

जिन्हें यह पद मिला है, उन्हें शुभकामनाएं। सबसे पहले यमुना नदी साफ होनी चाहिए। रिहायशी इलाकों का कूड़ा साफ होना चाहिए। दिल्ली का कूड़ा जमीन और मन से साफ होना चाहिए। हर दिन हम सुनते हैं कि दिल्ली असुरक्षित है। हम चाहते हैं कि वहां ऐसी सरकार चले कि दिल्ली में लोग डर के साथ नहीं बल्कि भावनाओं में जीएं।

**रेखा गुप्ता और प्रवेश वर्मा ने एक दूसरे को दी बधाई**

रामलीला मैदान में कुछ देर में दिल्ली की नई मुख्यमंत्री और उनकी कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह शुरू होने जा रहा है। इससे पहले रेखा गुप्ता और प्रवेश वर्मा ने एक दूसरे को बधाई दी। प्रवेश वर्मा भी कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ लेंगे।

**राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने की शिरकत**

दिल्ली में आम आदमी पार्टी से सांसद स्वाति मालीवाल ने भी शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत की। उन्होंने



रेखा गुप्ता को सीएम बनने की बधाई दी।

**कई राज्यों के डिप्टी सीएम पहुंचे रामलीला मैदान**

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रज. `श पाठक और केपी मौर्य, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा और अन्य नेता दिल्ली की मना. `नीत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए रामलीला मैदान पहुंचे।


साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश

CMS & ED

करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।

(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)

जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।

DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene

BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..

सम्पर्क करें।

डा0 सम्राट क्लीनिक

नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर

M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108

स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज

भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुस्खा।

फोन न0- 9756686426